निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार, 30 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 134 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## अष्टम नवदुर्गा : माता महागौरी

**श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा।।**



श्री दुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। मां महागौरी की आराधना से किसी प्रकार का मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। महागौरी आदी शक्ति हैं। इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाशमान होता है। इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है।




## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन भवन में गार्ड की संदिग्ध मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में तैनात 49 वर्षीय गार्ड अजय कुमार दास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अजय दास पिछले सात महीने से मेमको मोड़ स्थित गोल्डन होंडा सर्विस सेंटर के सामने बन रही इमारत में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे थे। वह वहीं रहकर ड्यूटी करते थे। मृतक के भाई विजय कुमार दास ने अजय की हत्या का आरोप लगाया है।

### ओड़िशा के युवक ने लगाई फांसी

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत नरेश नगर में सोमवार की सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर निवासी 34 वर्षीय विश्व रंजन दास के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक तिलैया डैम परिसर में बन रहे फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए सोलर पैनल स्थापित करने वाली स्टारलिंक एंड विल्सन कंपनी में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। वह नरेश नगर स्थित एक किराए के मकान में रह रहा था।

### युवक को चाकू घोंप मार डाला

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बोर्रागढ़ थाना अंतर्गत भूतगढ़िया भुइयां बस्ती में रविवार देर रात एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बस्ताकोला चांदमारी निवासी 22 वर्षीय गणेश भुइयां के रूप में हुई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गणेश भुइयां अपनी ससुराल भूतगढ़िया बस्ती में रहता था। रविवार की रात किसी बात को लेकर उनकी एक शख्स से बहस हो गई। देखते ही देखते बहस हाथापाई और फिर चाकूबाजी में बदल गई।

### सीएसपी संचालक की गोली मारकर हत्या

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** चोरौत थाना क्षेत्र के नीमबाड़ी चौक के समीप बैंक ऑफ बड़ोदा के सीएसपी संचालक की सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने सीएसपी में घुसकर संचालक पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली लगने से सीएसपी संचालक श्रवण यादव घायल हो गए। आनन-फानन में श्रवण यादव को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद शहर के एक निजी क्लीनिक में ले जाने लगे इसी दौरान ही उनकी मौत हो गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जसीडीह स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो के बीच रेलवे ट्रैक से रेल पुलिस ने रविवार की देर रात को एक वृद्ध के शव को बरामद किया है। शव पूरी तरह से क्षत-विक्षप्त था। शव की पहचान केरल के कोझिकोड जिला के रामनाट्टुकरा चंद्रा विहार निवासी राजीव सीके के रूप में हुई है, जो वर्तमान में बिहार के जमुई के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उसकी पहचान उक्त स्कूल के उन्य शिक्षक राजू ने की है।

# घाटशिला उपचुनाव के लिए वोटर लिस्ट जारी, जुड़े 4456 नये मतदाता : सीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 45-घाटशिला (अजजा) विधानसभा क्षेत्र में चल रहे उप चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने घाटशिला के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। सीइओ ने कहा है कि अगर किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो वे जल्द से जल्द अपने बीएलओ अथवा भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन माध्यम के जरिये तय समय सीमा में फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा लें तभी उपचुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के दौरान घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,456 मतदाता बढ़े हैं। इसमें 1,585 पुरुष और 2871 महिला मतदाताओं ने अपना नाम दर्ज करवाया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 सितंबर को हुए मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में मतदाताओं की संख्या 2,51,367 थी, जो अब बढ़कर 2,55,823 हो गयी है। प्रारूप प्रकाशन में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,23,314 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1,28,050 थी, जो अंतिम



प्रकाशन में बढ़कर क्रमशः 1,24,899 एवं 1,30,921 हो गयी है। श्री कुमार ने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक के निधन की वजह से रिक्त हुई सीट पर 6 महीने के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को उपचुनाव कराना है। इसी के मद्देनजर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों, एईआरओ, ईआरओ, डीईओ के कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। साथ ही संबंधित मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी दी गयी है। सीइओ ने बताया कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (किया गया है। इसके बाद घाटशिला (एसटी) विधानसभा क्षेत्र में 218 मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 300 हो गयी है। इस दौरान घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 12 नये मतदान केंद्रों का निर्माण हुआ है। तीन मतदान केंद्रों का अन्य मतदान केंद्रों के साथ विलय कर दिया गया है। वहीं जमशेदपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि 18-19 आयु वर्ग के युवा नए मतदाताओं की बढ़ी हुई संख्या लोकतंत्र के प्रति युवाओं की जागरूकता और सहभागिता को दर्शाती है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं और सेवा मतदाताओं की सटीक पहचान एवं सूचीबद्धता चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। अंतिम मतदाता सूची में नाम, पता एवं विवरण की जांच अवश्य करें, और यदि किसी प्रकार की त्रुटि मिले तो समय पर सुधार के लिए आवेदन करें। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की बढ़ी हुई संख्या लोकतंत्र के प्रति उनकी जागरूकता को दर्शाती है। साथ ही दिव्यांग एवं सेवा मतदाताओं की सही पहचान निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सड़क हादसे में बिहार के दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** गोड्डा-महागामा एनएच-133 पर गौरसंडा गांव के पास देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोरसंडा गांव के पास बने तीखे मोड़ और क्षतिग्रस्त पुलिया के बगल में बने डायवर्सन पर हुआ। जानकारी के मुताबिक तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर महागामा से गोड्डा की ओर आ रहे थे। रात करीब 8 बजे उनकी बाइक बेकाबू होकर डायवर्सन पर लगे सुरक्षा गार्ड से टकरा गई। जोरदार टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरे। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तीनों को सड़क पर तड़पते देखा तो तुरंत एक ऑटो रोककर उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने बिहार के बांका जिले के रहने वाले 28 वर्षीय अमित कुमार साह और 28 वर्षीय महेंद्र कुमार साह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोड्डा निवासी 18 वर्षीय ऋषि कुमार साह की हालत गंभीर बताई गई है। उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। दोनों युवक आपस में ममेरे-फुफेरे भाई बताए जा रहे हैं। दोनों अविवाहित थे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे ने पूरे गांव में मातम का माहौल बना दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गौरसंडा के पास पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण डायवर्सन बना हुआ है जहां सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

### महिला की तालाब में डूबने से मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी पंचायत के तेलियामारण स्थित बिरहोर कॉलोनी में सोमवार को एक बिरहोर महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय मंगरी बिरहोरिन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगरी बिरहोरिन सोमवार दोपहर बिरहोर कॉलोनी के पास स्थित तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं। हालांकि, बिरहोर परिवार के सदस्यों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया।

## टाटानगर से होकर चलने वाली आधा दर्जन ट्रेनें रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से चक्रधरपुर और आगरा डिवीजन में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं, कई ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शर्ट ओरिजिनल किया गया है। कुछ ट्रेनों का मार्ग बदलने का भी फैसला लिया गया है। इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है। रेलवे सर्कुलर के मुताबिक 5 अक्टूबर को चलने वाली 68046/68045 आसनसोल-आगरा-आसनसोल में मेमू रद्द रहेगी। 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 4 अक्टूबर को चांडिल-पुरुलिया-कुसुंडा-मुरी के बजाय चांडिल-गोविंदपुर-मुरी होकर चलेगी। 68055/68056 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू को 4



अक्टूबर को आगरा में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। 13503/13504 बर्धमान-हटिया-बर्धमान एक्सप्रेस को 3 और 5 अक्टूबर को गोमो से शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 18019/18020 झाड़ग्राम-धनबाद-झाडग्राम एक्सप्रेस को 29 सितंबर 3 और 5 अक्टूबर को बोकारो स्टील सिटी से शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। वहीं, 18184 बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस 5 अक्टूबर को 90 मिनट विलंब से चलेगी। 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 4 अक्टूबर को हटिया से 2 घंटे देर से खुलेगी।

## सीएम हेमंत ने माता रानी के दरबार में लिया आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** शारदीय नवरात्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीपाटोली स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति और लालपुर स्थित हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा समिति, लालपुर के पूजा पंडाल का विधिवत अनावरण किया। दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुलने के बाद मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा के दर्शन किए और माथा टेककर उनसे आशीर्वाद लिया। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मां दुर्गा से राज्य की उन्नति एवं राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दुर्गोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। दोनों ही पूजा पंडालों में भक्तिमय वातावरण में माता रानी के जयकारे के बीच उन्होंने मां दुर्गा से समस्त राज्यवासियों के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हो रही लगातार बारिश के बाद भी श्रद्धा और



आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां के भव्य और आकर्षक पंडाल दुर्गोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा हर साल और आगे बढ़े, माता रानी से यही कामना करते हैं। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का आगमन हो चुका है। दुर्गा पूजा पंडाल का पट खुलने के साथ महागौरी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डोरंडा स्थित छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति और रांची मधुकम स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन किया। कृषि मंत्री ने मां दुर्गा की आरती करने के साथ-साथ मां के दरबार में मत्था टेक कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। डोरंडा स्थित छप्पन सेट पूजा पंडाल के उदघाटन के मौके पर कैबिनेट की सहयोगी ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पत्रकार विजय पाठक, कांग्रेस नेता आलोक दुबे सहित पूजा समिति के तमाम सदस्य मौजूद रहे। इसी तरह रांची के मधुकम स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने किया। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब-जब धरती पर बुराई ने अपना प्रकोप दिखाया है तब-तब अलौकिक शक्ति ने उसका नाश किया है।

### कारोबारी विनय सिंह का शोरूम सील

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने न्यायिक हिरासत में बंद कारोबारी विनय सिंह के डेमोटांड़ स्थित शोरूम को अस्थायी रूप से सील कर दिया है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई जिसके बाद प्रतिष्ठान के बाहर नोटिस चस्पा किया गया। एसीबी की टीम ने रविवार सुबह करीब 7:30 बजे से शोरूम में जांच शुरू की थी, जो देर शाम तक लगभग आठ घंटे चली। जांच-पड़ताल पूरी होने के बाद सोमवार को शोरूम को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने पूरे परिसर को घेर रखा था और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। एसीबी द्वारा चस्पा किए गए नोटिस में बताया गया है कि रांची थाना कांड संख्या 9/25 (दिनांक 20 मई 2025) के अनुसंधान के क्रम में तलाशी अभियान पूरा नहीं हो सका था। इसी कारण शोरूम को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखा और कहा कि आधिकारिक जानकारी रांची मुख्यालय से ही साझा की जाएगी।

## आस्था के संग किताबों का खजाना पुस्तकों से सजा अनोखा पंडाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति और रावण दहन समिति के इस बार का पंडाल श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पूजा-अर्चना के साथ-साथ भक्तों को ज्ञान का अनोखा खजाना भी देखने को मिल रहा है। समिति ने इस बार परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम पेश किया है। यह पंडाल किसी मंदिर से ज्यादा पुस्तक महल नज़र आ रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के साथ-साथ यहां वेद, पुराण, इतिहास और आधुनिक विषयों से जुड़ी किताबें भी भक्तों का ध्यान खींच रही हैं। करीब 18 हजार किताबों से सजा यह पंडाल भक्तों को भक्ति और ज्ञान दोनों का संदेश दे रहा है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज साहू का कहना है कि आज के समय में युवा मोबाइल और लैपटॉप में खोते जा रहे हैं। किताबों से दूरी बनती जा रही है। इस पंडाल के जरिए हम यही संदेश देना चाहते हैं कि असली ज्ञान किताबों में ही है। समिति की इस अनोखी पहल का असर साफ दिख रहा है। पंडाल में पहुंचे युवा और बच्चे किताबों के प्रति उत्साह दिखा रहे हैं। समाज और संतान से जुड़ी तमाम पुस्तकें यहां उपलब्ध हैं, जो हर वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रही है। रांची का यह दुर्गा पूजा पंडाल केवल आस्था का ही नहीं बल्कि ज्ञान का भी संदेश दे रहा है। श्रद्धालु जहां मां दुर्गा से आशीर्वाद ले रहे हैं वहीं किताबों के इस अनोखे संसार से भी जुड़ रहे हैं।

### सड़क हादसे में मामा-भगिना समेत तीन लोगों की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के पुराने पेट्रोल पम्प के पास डिहरी-नौहट्टा मुख्य मार्ग पर सोमवार को अहले सुबह ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर में मामा-भगिना समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला को इलाज हेतु गंभीर स्थिति में सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मृतकों में रोहतास जिले के रेड़िया निवासी मामा चितरंजन यादव उर्फ़ अंशु, औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के बकतोवा निवासी भगिना आयुष कुमार और भगिनी सोनाक्षी कुमारी शामिल हैं। वहीं घायल महिला सुनीता देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चितरंजन यादव अपने ई-रिक्शा से बहन और उसके बच्चों को बकतोवा से दशहरा घूमाने के लिए अपने घर रेड़िया लेकर आ रहा था। इसी दौरान पुराना पेट्रोल पम्प के पास एक तेज रफ़्तार ट्रक से जोरदार टक्कर हुई और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इसमें तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## महिंद्रा शोरूम में एसीबी की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** शहर में सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने लोहरदगा रोड स्थित महिंद्रा नेक्सजेन शोरूम पर बड़ी कार्रवाई की। दो वाहनों में पहुंचे चार अधिकारियों और लगभग 15 पुलिस जवानों का दल अचानक शोरूम में दाखिल हुआ। इस कार्रवाई से वहां मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टीम ने पहुंचते ही शोरूम की गहन जांच शुरू कर दी। दस्तावेजों के साथ कंप्यूटर सिस्टम, रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण फाइलों को खंगालना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरा शोरूम सकते में आ गया। फिलहाल कर्मचारियों से पूछताछ का दौर जारी है। जानकारी के मुताबिक छापेमारी के दौरान एसीबी अधिकारियों ने कर्मचारियों से शोरूम के आय-व्यय और वित्तीय लेन-देन से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली। टीम ने कंप्यूटर सिस्टम के डाटा, रजिस्टर और बही-खातों की जांच की। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार लंबे समय से इस शोरूम के संचालन में अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों की पुष्टि के लिए एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि रांची स्थित महिंद्रा शोरूम में भी इसी तरह की छापेमारी की गई थी। बताया जा रहा है कि जैसे-जैसे जांच में नए लिंक सामने आते जाएंगे, छापेमारी का दायरा और बढ़ाया जाएगा। इस कार्रवाई ने शोरूम प्रबंधन के साथ-साथ अन्य ऑटोमोबाइल कारोबारियों में भी हड़कंप मचा दिया है। एसीबी की टीम जैसे ही शोरूम में दाखिल हुई, आसपास के इलाके में अफवाहों और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए और पूरे मामले की जानकारी लेने की कोशिश में लगे रहे। लोग यह जानने के लिए उत्सुक दिखे कि आखिर शोरूम पर एसीबी की छापेमारी क्यों हुई है। फिलहाल एसीबी की टीम शोरूम से जुटाए गए दस्तावेज और डाटा की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि शोरूम के संचालन में कितनी बड़ी अनियमितता और गड़बड़ी हुई है।

# मेदिनीनगर शहर की 113 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी : पुलिस अधीक्षक

## 91 वेरी फोकल, 19 एएनपीआर व 6 पीटीजेड कैमरा से ट्रैफिक उल्लंघन, चोरी व संदिग्धों पर रखी जाएगी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू)।** ब्लॉक-बी के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संयुक्त नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ किया गया। इसका उदघाटन विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त पलामू समीरा एस व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, जेएमएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि पूरे मेदिनीनगर शहर में लगाए गए 113 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। 91 वेरी फोकल कैमरा पास व दूर दोनों दृश्यों को स्पष्ट रूप से कैप्चर करने में सक्षम। 19 एएनपीआर कैमरा वाहनों की नंबर प्लेट पहचानकर ट्रैफिक उल्लंघन, चोरी या संदिग्ध गाड़ियों की पहचान में सहायक होगी। 6 पीटीजेड कैमरा किसी भी दिशा 360 डिग्री में घूमकर, ऊपर-नीचे झुककर तथा जूम कर बड़े क्षेत्र की निगरानी में सक्षम है। सीसीआर को डायल 112 आपातकालीन हेल्पलाइन से भी जोड़ा गया है। इससे दुर्घटना, अपराध या आगजनी जैसी किसी भी आपात स्थिति पर त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया संभव होगी।

**■ मेदिनीनगर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संयुक्त नियंत्रण कक्ष का हुआ शुभारंभ**

### सीसीआर से मिलने वाले प्रमुख लाभ

अपराध की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई, ट्रैफिक प्रबंधन और सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत मदद, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों एवं वाहनों की पहचान, आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों में समन्वय

नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पलामू पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ व आधुनिक होगी।

# मुरमा कला में गौरैया नाला बांध व चैनल की बरसात बाद होगी मरम्मति : विधायक नरेश सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष श्रीमति रेखा सिंह दुर्गा पूजा में अपने गृह प्रखंड उंटारी प्रखंड के मुरमा कला गांव पहुंची। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से बात की।

करीब एक घंटे से अधिक समय तक विधायक ने रेखा सिंह द्वारा जनहित के लिए उठाए गए मुद्दे को ध्यान से सुना। विधायक ने कहा कि वे गरीबों के वोट से जीतकर आए हैं। उनकी आशा व विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे। रेखा सिंह ने अपने गांव मुरमा कला मुख्य पथ से द्वारपार लकड़ही तक सड़क की बदतर हालत व सतबहिनी गांव के सुपहा आहर के टूटने से हो रही किसानों की चिंता से अवगत कराया। मुरमा कला में गौरैया नाला बांध व चैनल के मरम्मती की मांग की। योजना तीन गांव के किसानों के लिए वरदान है। इसके जवाब में विधायक ने कहा कि इन सभी कार्यों की जानकारी उन्हें है।

**■ पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रेखा सिंह ने विधायक से योजना निर्माण की मांग की**

बरसात खत्म होते ही इन पर कार्य शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क नाली गली का निर्माण व सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता में है।

# कब्रिस्तान रोड की सड़क कीचड़ में हुई तब्दील जनता परेशान, यह बर्दाश्त से बाहर : पूनम सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के कब्रिस्तान रोड, हमीदगंज में द्वितीय फेज पेयजल सप्लाई स्कीम के तहत पाइपलाइन बिछाई गई थी। लेकिन काम खत्म होने के बाद सड़क की हालत दम तोड़ चुकी है। खुदाई की मिट्टी सड़क पर छोड़ दी गई। कीचड़ और गड्ढों ने पूरा मार्ग खराब कर दिया है। लोग फिसल कर गिर रहे हैं। गाड़ियां फंस रही हैं।

रोजमर्रा की ज़िंदगी ठप हो गई है। यह बर्दाश्त से बाहर है। उक्त बातें पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष पूनम सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालु माता रानी के दर्शन को जा रहे हैं। लेकिन यह दुर्दशा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत सभी के लिए खतरे की घंटी बन गई है। पूनम सिंह ने कड़ा कहा- यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। नगर निगम व संवेदक अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप कर सड़क की मरम्मत करानी चाहिए। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता सड़कों पर आंदोलन के लिए मजबूर होगी।स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जल्द से जल्द सुधार हो व भविष्य में किसी भी परियोजना के बाद सड़क की ऐसी हालत न बने।

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में लगा रक्तदान**

# दर्जनों रक्तदाताओं ने बढ़ाया मानवता का हाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 28 सितंबर को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन और शहर के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के सदस्य संजीव किशोर प्रसाद और अवध किशोर राणा ने रक्तदान कर किया। इसके बाद मोहम्मद रुस्तम, तबरेज, नजीर अंसारी, कन्हैया कुमार, विकास कुमार और सुजीत कुमार मुंडा समेत कई रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाजसेवा और मानवता का परिचय दिया। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस समय ब्लड बैंक में सभी ग्रुप का रक्त उपलब्ध है, लेकिन ओ नेगेटिव ब्लड की कमी थी। इसी बीच थैलेसीमिया पीड़ित एक बच्चे की गंभीर स्थिति में संजीव किशोर प्रसाद ने नवरात्र व्रत के दौरान भी तत्काल रक्तदान कर उसकी जान बचाई। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन अध्यक्ष निर्मल जैन, कार्यकारिणी सदस्य रूपेस बिहारी लाला, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नीरज कुमार, टेक्नीशियन राजीव कुमार, पूनम कुजूर, मधु कुमारी, उदय कुमार, यूसीएफ बेबी तबस्सुम तथा विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# हजारीबाग की 20 वर्षीया लेखिका अंतरा ने रचा साहित्यिक इतिहास, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बनी पहचान

नवीन सिन्हा



**हजारीबाग।** नवरात्र के पावन अवसर पर जहां मां सरस्वती की साधना ज्ञान और रचनात्मकता का प्रतीक मानी जाती है, वहीं हजारीबाग की युवा लेखिका अंतरा ने अपनी कलम से उसी प्रेरणा को जीवंत कर दिखाया है। महज 20 वर्ष की उम्र में अंतरा ने साहित्य लेखन और चित्रकला के माध्यम से राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

दीपूगढ़ा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अंतरा, स्व. राजेश कुमार और अनामिका सिंह की सुपुत्री हैं। वर्तमान में वे ऑस्ट्रेलिया के वोलोंगोंग यूनिवर्सिटी, कैंपस दुबई से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डाटा साइंस की पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने अंग्रेजी में तीन पुस्तकों झ हार्मोनिज ऑफ एटरनिटी, मोजैक ऑफ मिस्ट्रीज और डिकोड द गैप झ की रचना कर साहित्य जगत में अपनी अलग छाप छोड़ी है। उनकी पुस्तक मोजैक ऑफ मिस्ट्रीज को मिड-डे द्वारा 2025 की टॉप 16 पुस्तकों में स्थान मिला और टीएओआई अवॉर्ड में 'बेस्ट बुक ऑफ द ईयर' का सम्मान भी प्राप्त हुआ। साथ ही उन्हें रवि वर्मा अवॉर्ड और इंटरनेशनल टैगोर अवॉर्ड फॉर लिटरेचर से नवाजा गया। हाल ही में प्रकाशित डिकोड द गैप पीढ़ियों के बीच समझ और संवाद का सेतु बनने का प्रयास करती है। अंतरा का लेखन सफर 2014 में उनके पिता के निधन के बाद डायरी लेखन से शुरू हुआ था, जिसे परिवार के सहयोग और आत्मचिंतन ने दिशा दी। आज उनकी लेखनी हजारीबाग के लिए गौरव और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है।

# करियातपुर से चोरी साउंड लदा पिकअप बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर से पिछले 12 सितंबर को चोरी हुए साउंड लदा पिकअप वाहन को बरामद करते हुए बरही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि करियातपुर निवासी राजकुमार भगत पिता राजेंद्र भगत की साउंड लदा पिकअप एवं जरनेटर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच12ए 7419 बीते 13 सितंबर को घर के पास से रात चोरी हो गया था जिसे लेकर उन्होंने बरही थाना में आवेदन देकर खोजबीन का गुहार लगाया था। पुलिस ने बरही थाना कांड संख्या 337/25 का मामला दर्ज कर खोल बीन शुरू किया। खोजबीन के दौरान 28 सितंबर को चंदवारा थाना क्षेत्र के बोनादाग जंगल से साउंड लदा पिकअप वैन सहित अप्रथामिकी अभियुक्त दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रकाश साव पिता स्व अमृत साव ग्राम रोहनियांटांड थाना तिलैया तथा सुजित कुमार सिंह उर्फ शिवा पिता जगदीश सिंह ग्राम बोनादाग थाना चंदवारा जिला हजारीबाग शामिल है। दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस सफलता में एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय, रूपलाल यादव एवं आरके बिरुआ का योगदान रहा।

# बरही विधायक मनोज यादव ने किया चौपारण दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन, भक्तिमय माहौल में उमड़े श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ स्थित भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का सोमवार को उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

उद्घाटन के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। समिति ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति संगीत और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही चौपारण में दुर्गा पूजा की रौनक शुरू हो गई है।

# डीसी व एसपी ने बरही और रसोइयाधमना के पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी को नवपत्रिका प्रवेश के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मां भगवती के पट खोल दिए गए। इस बीच डीसी शशि प्रकाश सिंह, एसपी अंजनी अंजन, एसडीओ जोहन टुडु, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, थानाप्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बरही गया रोड स्थित पूजा पंडाल का निरीक्षण करते हुए मां भगवती का दर्शन किया। डीसी और एसपी के साथ सभी अधिकारी रसोइयाधमना गए जहां मंदिर में स्थापित मां दुर्गा का दर्शन किया। डीसी, एसपी और अधिकारियों ने पूजा कमेटी के सदस्यों से भेंट कर दुर्गा पूजा कार्यक्रम की जानकारी ली।

अधिकारियों ने पूजा कमेटी के सदस्यों को सुरक्षा के मानक का पालन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सरकार के द्वारा जारी दिशानिर्देश का पालन करने, पूजा पंडाल में महिला और पुरुष के लिए अलग अलग प्रवेश द्वार रखने, सीसीटीवी को एक्टिव मोड में रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने प्रतिमा विसर्जन का समय, विसर्जन स्थल और रावण दहन की जानकारी ली। सोमवार को सभी पूजा पंडालों और दुर्गा मंदिरों में श्रीमद दुर्गासप्तशती का पाठ करने वाले पंडित आचार्यों ने मां भगवती शुभंकरी कालरात्रि की स्तुति कर सुख शांति की कामना की।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर चौपारण में प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व सुविधा पर जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने चौपारण प्रखंड मुख्यालय का दौरा कर पूजा पंडालों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ब्लॉक मोड़ स्थित मुख्य दुर्गा पूजा पंडाल समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण कर पूजा समिति के सदस्यों से बातचीत की।

निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी जोहान टुडू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी पंडालों का भ्रमण किया और सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर समितियों ने उपायुक्त व एसपी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उपायुक्त ने सभी से भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जल, प्रकाश और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं एसपी ने बताया कि सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल और गश्ती दल की तैनाती की गई है।

डीएसपी अजीत कुमार विमल ने समिति सदस्यों से संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने को कहा, जबकि सीओ संजय यादव ने जनता और प्रशासन के बीच तालमेल को शांति की कुंजी बताया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस बार दुर्गा पूजा भव्य और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होगी।

# ट्री मैन डॉ. कौशल व पार्षद अमित ने पर्यावरण धर्म के तहत क्षेत्र के दर्जनों पूजा पंडाल में मां दुर्गा के चरणों में समर्पित किया आम का पौधा


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** शारदीय नवरात्र पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व उनके पिता विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कई स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मां दुर्गा व कन्या की पूजा अर्चना की। दोनों ने क्षेत्र में सुख व समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया।

कलश यात्रा रुदवा, केरकी, कुटिया, बगैया, मुरूमदाग, विषयपुर, सहरसवा, हेंसला, हेनहे बाजार चौक, सुंगरी, चराई व करमा बाजार में निकाली गई। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने श्रद्धालुओं को पूजा की शुभकामना दी। मौके पर उन्होंने कहा कि जल यात्रा में नदी से कलश में जल भरकर मां दुर्गा के चरणों में श्रद्धालु समर्पित कर देश को जल संकट से वर्तमान व आने वाले पीढ़ी को बचाने की कामना करते हैं। कहा कि नवरात्रा में सृष्टि को बचाने के लिए देवी स्वरूपा कन्याओं को पूजन करने का विधान है। वहीं पर्यावरण धर्म में प्रकृति कलश यात्रा में पौधा दान कर वृक्ष देव को पूजन कर प्रकृति को बचाने का विधान है। पर्यावरण धर्म में अपने जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य पर पौधा लगाने या दान करने का विधान है । उसी विधान के तहत वे देश व दुनिया में लोगों को जागरूक करने में दिन-रात लगे रहते हैं। जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि मां दुर्गा ने दस दिन तक महिषासुर से युद्धकर उसे पराजित की थी। भगवान राम ने भी मां दुर्गा की उपासना कर उनका आशीर्वाद लेकर रावण को पराजित किया था । इसीलिए पूरे सनातन संस्कृति को मानने वाले नवरात्रा व दशहरा में शक्ति स्वरूपा मां की उपासना करते हैं। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शंभू मिश्र, चिरू मुखिया पति प्रमोद यादव, चराई मुखिया रविंद्र राम, व्यास चंदन विश्वकर्मा, शिवनाथ सुरीला, गोविंद प्रसाद,सचिन पांडे, सुभाष गुप्ता, बसंत विश्वकर्मा, विंध्याचल पासवान, विजय पासवान, डॉ आया राम उरांव, नंदू विश्वकर्मा, मुलायम सिंह यादव, मैनेजर विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, दशरथ प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, कृष्ण यादव, संजय यादव, रामजतन यादव, मोती साव, मुरली प्रसाद, पंकज विश्वकर्मा, कपिल सिंह, राकेश ठाकुर, महेंद्र सिंह, प्रवेश भुईयां आदि शामिल थे।

# गहने की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** जिला में बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित एमए ज्वेलर्स में सोमवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस आग से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखा कीमती गहने, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन शॉर्ट सर्किट को इस आग की वजह मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान में लाखों रुपये के गहने और सामान रखे हुए थे, जो आग की भेंट चढ़ गये। इस घटना से पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना के संबंध में ज्वेलरी शॉप के मालिक गोपाल दास का कहना है कि इस घटना से उनका भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दुकान में पहले धुआं दिखाई दिया मैं अपने स्टाफ के साथ बिजली के बोर्ड से निकलने वाले धुआं पर काबू पाने का काफी कोशिश किया लेकिन धुआं काफी भर गया और आग लग गई। इसके बाद हम लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन तब तक आग से काफी नुकसान हो चुका था। इस मामले को लेकर बेरमो थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि दुकान में आग लगने की खबर पर घटनास्थल और पहुंचकर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। त्योहार के समय इस तरह की घटना से दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है लेकिन इसमें किसी तरह के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पोक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कतरास।** कतरास पुलिस ने रविवार की रात कतरास के भगत सिंह चौक के पास आठ साल की बच्ची के साथ दुराचार के आरोपी रवि साव (28) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना की जानकारी बच्ची की मां की शिकायत के आधार पर महिला थाना में दी गई, जिसके बाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी मिंज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया गया और न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। घटना के बाद बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, ताकि दुराचार की पुष्टि की जा सके और कानूनी कार्रवाई के लिए आवश्यक प्रमाण एकत्रित किए जा सकें।

## झारखंड में मानसून कमजोर, 24 घंटे में केवल 0.8 मिमी वर्षा दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून कमजोर नजर आया। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा और गर्जन हुई। इस अवधि में सबसे अधिक 16.6 मिलीमीटर वर्षा पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में दर्ज की गई। इसके अलावा डुमरी ब्लॉक, गुमला, सिमडेगा, जमशेदपुर एयरपोर्ट, जमशेदपुर शहर, गारू, गुड़ाबांधा, डाल्टेनगंज, रांची एयरपोर्ट, बानो सिमडेगा केवीके और पंचेत में भी वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार संताल परगना के पाकुड़ में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक था। वहीं, लातेहार का न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पूरे झारखंड में सबसे कम रहा। राज्य में अधिकतम तापमान में 2.1 से 4 डिग्री तक वृद्धि दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में केवल 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई, जो सामान्य 5.0 मिलीमीटर की तुलना में 84 फीसदी कम है।

# पलामू में हाईटेक कंट्रोल रूम की शुरूआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** जिला में हाईटेक कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की शुरू हो गई है। दुर्गा पूजा के दौरान इस हाईटेक कंट्रोल रूम की शुरुआत हुई है। पलामू में पुलिस ने कंपोजिट कंट्रोल रूम तैयार किया है। कंपोजिट कंट्रोल रूम के लिए 113 सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं जबकि कंपोजिट कंट्रोल रूम को डायल 112 को भी जोड़ा गया है। सोमवार को स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, शानू सिद्दकी ने इसका उद्घाटन किया। कंपोजिट कंट्रोल रूम को हाईटेक तरीके से बनाया गया है और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में 113 अलग अलग इलाकों में सीसीटीवी लगाया गया है। जिसमें वैसे कैमरे भी शामिल है जो नंबर प्लेट को ऑटोमेटिक कैप्चर करेंगे। 360 डिग्री वाले सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। पलामू जोन का सबसे बड़ा शहर है मेदिनीनगर है, जहां करीब दो लाख की आबादी रहती है। पूरे पलामू में करीब 22 लाख की आबादी है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मेट्रोपोलिटन सिटी की तरह यहां भी हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस तरह के कम से अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगी। विधायक ने कहा को यहां से एक प्रस्ताव भेजा जाए ताकि ट्रैफिक थाना बनाया जा सकता है। हाईटेक कंट्रोल रूम के उद्घाटन मौके पर आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि समय परिवर्तनशील है। समय के अनुसार अपराध नियंत्रण एवं व्यवस्था में सुधार के लिए कई स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। कंट्रोल रूम (एएट) में क्यूआरटी की एक टीम तैनात रहेगी जो त्वरित कार्रवाई करेगी। यह टेक्नोलॉजी का युग है, लोगों को अपने कर्तव्य को समझने की जरूरत है। वहीं डीसी समीरा एस ने कहा कि यह अच्छा पहल है। शहर को व्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी। एसपी रेशमा रीष्मा रमेशन ने कहा कि क्राइम फ्री शहर बनाने के लिए कई बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। पलामू को भी ट्रैफिक थाना बनाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

# घर का ताला तोड़ मोबाइल चोरी के आरोप में चार किशोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** कुमारधुबी ओपी अंतर्गत शिवलीबाड़ी पुराना चेकपोस्ट के समीप रहने वाली किरण कुमारी गुप्ता के घर ताला तोड़कर मोबाइल चोरी के मामले में कुमारधुबी पुलिस ने आसपास के ही रहने वाले चार नाबालिग किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ कर रही है। पकड़े किशोरों की उम्र 13-15 वर्ष बतायी जा रही है। घटना 23 सितंबर की है, लेकिन प्राथमिकी 26 सितंबर को की गयी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 26 वर्षीय किरण कुमारी घर में ताला बंद कर सब्जी लाने कुमारधुबी बाजार गयी थी। ताला तोड़ मोबाइल सहित अन्य सामान की चोरी की गयी। सूचना कुमारधुबी पुलिस को दी गयी। ओपी प्रभारी मैथ्यू एक्का ने तकनीकी आधार पर चोरी हुए मोबाइल को एक नाबालिग के पास से बरामद करने में सफलता पायी। मामले में एक-एक कर चार नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिससे चोरी की घटना का खुलासा हो गया। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों ओपी क्षेत्र के फायरब्रिक्स, सिलिका आदि क्षेत्र में 16 घरों का ताला तोड़कर चोरी हुए मामले में भी पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगा है। इस संबंध में ओपी प्रभारी मैथ्यू एक्का ने कहा कि ताला तोड़कर मोबाइल चोरी मामले में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी को न्यायालय

# झारखंड में फार्मेसी की पढ़ाई अगले साल 1 अगस्त से शुरू, 30 जुलाई तक पूरा करना होगा नामांकन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से झारखंड के सरकारी और गैर-सरकारी फार्मेसी संस्थानों में पढ़ाई 1 अगस्त से शुरू होगी। सभी संस्थानों को 30 जुलाई तक नामांकन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने राज्य सरकार और झारखंड फार्मेसी काउंसिल को पत्र भेजकर शैक्षणिक कैलेंडर का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद (JCECEB) को मई माह में लिखित परीक्षा आयोजित करनी होगी। राज्य में फार्मेसी संस्थानों में प्रवेश के लिए अलग से परीक्षा नहीं ली जाती। प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर मेरिट सूची जारी की जाती है और काउंसलिंग के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया संपन्न होती है। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा की तिथि 10 जून तक घोषित की जाएगी। पहला राउंड काउंसलिंग 30 जून तक और दूसरा राउंड 10 जुलाई तक संपन्न होगा। सभी संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया 30 जुलाई तक पूरी करनी होगी। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने संस्थानों की मान्यता और मान्यता वापसी की तिथियां भी निर्धारित कर दी हैं, जिन्हें 15 जून तक पूरा करना अनिवार्य होगा। यह कदम सर्वोच्च न्यायालय के पार्श्वनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम एआईसीटीई एवं अन्य मामले के आदेश के अनुसार उठाया गया है, जिसमें फार्मेसी में नामांकन शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में झारखंड में सरकारी क्षेत्र में केवल राजकीय फार्मेसी संस्थान,

# श्रवण कुमार ने दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच बांटी 5.57 लाख की बोनस राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिलाव (नालंदा)।** नीरपुर जलालपुर दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के तेरहवें बोनस वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने समिति के सांसद मद से 6 लाख की लागत से बनने वाले नव-निर्माणाधीन भवन का शिलान्यास किया। समारोह में 417 सदस्यों वाली समिति के 407 किसानों के बीच कुल 5 लाख 57 हजार 65 रुपये की बोनस राशि वितरित की गई। किसानों को बोनस के साथ पशु आहार और पशुओं की देखभाल संबंधी सुझाव भी दिए गए। मंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादक किसान प्रदेश की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में 9 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनने वाली कुल 9 विकास योजनाओं की आधारशिला भी रखी। इनमें सड़कों के निर्माण कार्य के अलावा नालंदा नगर पंचायत क्षेत्र में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वार्ड-11 में पीसीसी सड़क निर्माण शामिल है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण से लेकर पेयजल और बिजली आपूर्ति तक, सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में 1 करोड़ 13 लाख लोग वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि परिवार की महिला सशक्त होती है, तो न केवल वह परिवार बल्कि पूरा प्रदेश तरक्की करता है। दुग्ध उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद राजू गोप, जिला परिषद सदस्य नविता सिन्हा, मुखिया कुमारी सविता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के कोईलवां गांव टोले करणविगहा से 38 लीटर देशी महुआ का शराब हसपुरा पुलिस ने बरामद किया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली कि करणविगहा में रामु चौधरी एवं राहुल चौधरी शराब का धंधा कर रहा है। पुलिस दलबल के साथ उसके घर पहुंची तो धंधेबाज को भनक मिलते अंधेरा का फायदा उठा कर भाग निकला। पुलिस ने जब सूचना के निशानदेही पर उसके घर की तलाशी ली तो 38 लीटर महुआ का देशी शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों धंधेबाज के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए धंधेबाज को गिरफ्तारी में जुट गई है।

### दुर्गा पूजा को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के अहियापुर मोड़ के समीप सोमवार को सुबह हसपुरा पुलिस ने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर बाइक व टेम्पो, चार चक्का वाहन की सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग अभियान का नेतृत्व एसआई सुगंध कुमार दल बल के साथ कर रहे थे। वाहन चेकिंग के दौरान चालकों को ट्रैफिक व परिवहन विभाग के नियमवाली को एसआई सुगंध कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा वाहन चलाते समय हर हाल में शीट बेल्ट अवश्य लगाएं। वहीं बाइक चालक कहा कि हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं। इससे आपका जीवन सुरक्षित रहेगा। हालांकि चेकिंग के दौरान वाहन व बाइक-टेम्पो का कागजात के साथ-साथ डिक्की को भी पुलिस द्वारा चेकिंग किया गया। एसआई सुगंध कुमार ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार प्रतिदिन थानाक्षेत्र के किसी भी रूट में चेकिंग अभियान चलाया जाता है। इस चेकिंग के दौरान परिवहन नियम पालन नहीं करने वालो से पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि थानाक्षेत्र के सभी रूटों में सघंन चेकिंग अभियान बराबर चलाया जाता है। बगैर कागजात के पकड़े जाने पर उन्हें जुर्माना लगाया जा रहा है।

### दुर्गा पूजा को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष शम्भू कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ थाना परिसर से फ्लैग मार्च शुरू किया गया जो मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, मुरली चौक, लोहार गली होते हुए महराजगंज मोड़ न्यू एरिया, नजरुल मिया मोड़ कलाली मोड़ कासमा बस स्टैंड होते हुए बस स्टैंड से थाना परिसर में सम्पन्न हुआ। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। पूजा पर पुलिस बल के जवान चप्पे चप्पे पर रहेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अभी से ही पुलिस गश्ती तेज कर दी गयी है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा कैमरा के माध्यम से पैनी नजर रखी जाएगी। अफवाहों से दूर रहें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर उपद्रवियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमे भारी संख्या सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे। इसमे एसआई मिथलेश कुमार, आकाश कुमार, बसपाई जी, संजय पासवान शामिल हुए।

### फरार आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस और बिहटा रेल थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को हरदेयाल विगहा गांव निवासी अजय कुमार सिंह के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इससे पूर्व आरोपित को डुगडुगी पिटवाकर न्यायालय में हाजिर होने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन उपस्थित न होने पर कोर्ट के आदेश के आलोक में उसके घर पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई। बिहटा रेल थाना के एसआई विमल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आरपीएफ डीएनआर 3066/23 के तहत रेल अधिनियम की धारा 145, 146, 147, 153 और 174 में मामला दर्ज है। न्यायालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी न्यायालय में शीघ्र प्रस्तुत नहीं होता है तो आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गा पूजा को लेकर किया फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। त्यौहार में शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए प्रशासन सजग है। इसी के मद्देनजर जिले के विभिन्न थाना की पुलिस द्वारा सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला गया और शांति का संदेश दिया गया। जम्होर थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने बताया कि दुर्गा पूजा शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न कराएं जाने को लेकर पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। प्रशासन हर हाल में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करायेंगे। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर फ्लैग मार्च निकाल शांति का संदेश दिया गया। वहीं टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व अगर शहर की शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त की जा रही है। लोगों में सुरक्षा का संदेश दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और एकजुट होकर त्योहार मनाएं।

# प्रीतमपुर में चतरा सांसद कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सासाराम से लौटने के क्रम में रविवार को चतरा के सांसद कालीचरण सिंह का बारुण प्रखंड के प्रीतमपुर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। यह स्वागत कार्यक्रम अमित कुमार के आवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताते हुए एनएच-139 के चौड़ीकरण और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि राजग सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर काम कर रही है और विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने की अपील की। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार तरक्की की नई ऊंचाइयां छू रहा है। बिहार की जनता ने पहले ही दोनों राजकुमारों को नकार दिया है। अब राज्य में माफियाओं और सत्ता-पोषित अपराधियों का नहीं बल्कि कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है और अब जनता को इस कार्य का इनाम देने का समय आ गया है। इस मौके पर श्रीकृष्ण सिंह स्मृति ट्रस्ट के नीलमणि कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, मंटू शर्मा, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एससी-एसटी सहित अन्य मामले में 30 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 30 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट मामले में 1, हत्या के प्रयास में 7, शराब के शीर्ष कांडों में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1150 वाहनों की जांच की गई जिसमें 58000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 182 लीटर देसी शराब एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक कि माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोक थाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनकी विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी

# शक्ति रूपेण संस्थिताः बड़ी दुर्गा मंदिर, हुलासगंज में उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हुलासगंज (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन यहां ग्रामीण क्षेत्रों और बाजार से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर माता रानी से अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। महिलाएं भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना देती हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से माता दुर्गा भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं।

**मंदिर का इतिहास**

बड़ी दुर्गा मंदिर का निर्माण वर्ष 1919 में तत्कालीन हुलासगंज थानाध्यक्ष द्वारा कराया गया था। मंदिर में राजस्थान से लाई गई संगमरमर पत्थर की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी।

**वास्तुकला और आयोजन**

मंदिर की वास्तुकला नवीन शैली की है। कुछ वर्ष पूर्व स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां मिट्टी से बनी माता दुर्गा की प्रतिमा के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय और माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती हैं। पूजा के समय यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और विशाल मेले का आयोजन होता है।

**कैसे पहुंचे मंदिर**

बड़ी दुर्गा मंदिर हुलासगंज थाना परिसर के समीप स्थित है। इस्लामपुर रेलवे स्टेशन से इसकी दूरी लगभग 9 किलोमीटर तथा जहानाबाद जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर है। यह स्थान गया–इस्लामपुर राज्य पथ संख्या-5 पर स्थित है।

**पुजारी की मान्यता**

मंदिर के पुजारी पंडित सदानंद नंदन का कहना है कि सप्तमी की रात्रि में ग्रामवासी विशेष निशा पूजा करते हैं, जिससे जीवन के समस्त विघ्न-बाधाओं का नाश होता है। उन्होंने बताया कि माता की आराधना करने वाला कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

# डांडिया दीवाने के बैनर तले भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के आरबीआर स्कूल परिसर में डांडिया दीवाने समिति की ओर से सोमवार की रात भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति अध्यक्ष डॉ. शिशिर विश्वास एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति अध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि महोत्सव का आयोजन मूल रूप से आरबीआर के खेल मैदान में होना था, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 परिवारों के लगभग 500 सदस्य शामिल हुए, जबकि कुल उपस्थिति एक हजार से अधिक रही। महोत्सव में रफीगंज बाजार एवं आसपास के गांवों से लोग पास लेकर पहुंचे और पारंपरिक परिधान में डांडिया नृत्य का आनंद उठाया। महिलाओं ने साड़ी और सूट तो पुरुषों ने धोती-कुर्ता और कुर्ता-पायजामा पहनकर अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। समिति की ओर से स्पष्ट किया गया कि पारंपरिक ड्रेस कोड इसलिए अनिवार्य रखा गया ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ी रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक सहयोग भी सराहनीय रहा। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई कुशो कुमार, ध्रुव कुमार, सुनील कुमार वर्मा और संतोष कुमार साहू मौजूद रहे। इसके अलावा समिति सदस्य सुमित शौंडिक, रोहित कुमार, हार्दिक सिंह, आलोक चौरसिया, अनूप कश्यप, राहुल कुमार, सनी कुमार, अंशु कुमार, अमन शौंडिक, विक्की कश्यप, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ छोटू, करण कुमार, प्रांशु सिंह सहित एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# तेज रफ्तार पिकअप वैन ने बाइक को मारी टक्कर

**जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जहानाबाद जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को एनएच-22 बायपास पर शहबाजपुर के पास एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जब तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जहानाबाद के कसई गांव निवासी आकाश कुमार और शिवम् कुमार के रूप में हुई। दोनों युवक एक ही बाइक से जा रहे थे और रास्ते में शौच के लिए बाइक को किनारे रोका था। इसी दौरान पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के कारण बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े।

**स्थानीय लोगों की तत्परता से बची जान**

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत नाजुक बताते हुए उसे पटना रेफर कर दिया। समय पर मदद मिलने से दोनों की जान फिलहाल सुरक्षित बताई जा रही है, लेकिन उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पिकअप वैन का चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने वाहन को संभालने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण संतुलन बिगड़ गया। पुलिस ने पिकअप वैन और बाइक को अपने कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

**तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी से बढ़ रहे हादसे**

एनएच-22 बायपास बनने से आवाजाही तो आसान हुई है, लेकिन तेज रफ्तार, ओवरटेक की होड़ और सड़क किनारे अनावश्यक वाहन खड़ा करने की प्रवृत्ति ने इसे दुर्घटनाओं का अड्डा बना दिया है। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि वाहन चालकों की छोटी सी लापरवाही न केवल उनकी बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकती है। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि सड़क पर हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें, गति सीमा का ध्यान रखें और सड़क किनारे अनावश्यक रूप से वाहन न खड़ा करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सड़क पर लगे साइन बोर्ड और संकेत यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 29-09-2025 21:47 Page 1




# टेम्पो और ट्रक की ठोकर में तीन की मौत

## टेम्पो के परखच्चे उड़े, मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक ही परिवार के दो बच्चों समेत तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में टेंपो चालक चितरंजन यादव, सोनाक्षी कुमारी (10), आयुष कुमार (8) शामिल हैं। वहीं, गंभीर रूप से घायल चितरंजन यादव की बहन सुनीता देवी (28) की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड़िया गांव के समीप की बताई जाती है। घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई है। यह दर्दनाक दृश्य देख लोग कांप उठे।



घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि एक टेंपो पर सवार परिवार के कुल चार सदस्य अपने गांव रेड़िया लौट रहे थे, तभी गांव के समीप ही राष्ट्रीय राजमार्ग 19 सी पर टेंपो की एक तेज रफ्तार ट्रक के साथ जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य को स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और कुछ देर के लिए सड़क पूरी तरह जाम हो गया। हालांकि हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची तिलौथू थाने की पुलिस ने टेंपो एवं ट्रक को जब्त करते हुए तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम कार्रवाई चल रही है और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# नहर में नहाने गये दो बच्चे डूबे

## जलकुम्भी में फंसने से गयी दोनों की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले के टिकारी में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां रकसिया गांव स्थित नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों में 8 वर्षीय पिंटू कुमार शामिल है, जो लालू मांझी का पुत्र था, और 10 वर्षीय सिवानी कुमारी, जो मोहित मांझी की पुत्री थी।

दोनों बच्चे सोमवार को नहर में नहाने गए थे। बताया जा रहा है कि गहरे पानी में फैले जलकुम्भी (पानी में उगने वाला घास) में फंसकर दोनों डूब गए। घटना के बाद स्वजनों में हाहाकार मच गया, पर्व की खुशी मातम में बदल गई।

घटना की सूचना मिलते ही मुखिया रिंकू ठाकुर और क्षेत्रीय विधायक डॉ. अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। विधायक ने बीडीओ से बात कर पारिवारिक लाभ योजना के तहत दोनों मृतकों के स्वजनों को 20-20 हजार रुपये नगद प्रदान किए। उन्होंने आपदा राहत योजना का लाभ दिलाने का भरोसा भी दिया है।

इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल, गया भेज दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, नहर के आसपास सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से ऐसे हादसे होते रहते हैं। इस तरह की घटनाएं अक्सर देखने को मिलती हैं, जहां बच्चों की लापरवाही या अनजाने खतरे उन्हें ऐसी दर्दनाक स्थितियों में डाल देते हैं। घटना ने इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है। मुखिया रिंकू ठाकुर ने बताया कि सोमवार को नहर गेट के पास दोनों नहर में नहाने गए थे। लेकिन गहरा पानी के बीच फैले जलकुम्भी (पानी मे उगाने वाला घांस) में फंस गया और डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में हाहाकार मचा है।

# बैठक में जिले की सीमाओं पर नजर रखने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले में विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम शुरू हो गए हैं। सोमवार को भोजपुर के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक खासतौर पर भोजपुर-बलिया की सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थी।

इसमें भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज, अपर समाहर्ता बलिया, सहायक पुलिस अधीक्षक बलिया, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर और जगदीशपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोईलवर और जगदीशपुर समेत दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

### बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस मिलकर चलायेगी धर-पकड़ अभियान

उत्तर प्रदेश से बिहार में शराब की अवैध खेप न आ पाए, इसके लिए विशेष चौकसी बरती जाएगी। साथ ही अवैध नकदी और अन्य चुनावी प्रलोभनों की तस्करी पर भी रोकथाम के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने साफ किया कि बलिया से भोजपुर की ओर आने वाले हर रास्ते पर लगातार चेकिंग अभियान चलेगा। अंतरराज्यीय और अंतरजिला सीमाओं पर बने चेक पोस्ट लगातार सक्रिय रहेंगे। चेक पोस्टों पर पुलिस चौबीसों घंटे तैनात रहेगी और वाहनों की गहन जांच होगी। गंगा किनारे बने रास्तों और नावों की आवाजाही पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती होगी।

बैठक में यह भी तय हुआ कि बिहार और उत्तर प्रदेश प्रशासन मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। सीमापार बदमाशों और आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि भोजपुर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।

यूपी पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी। बैठक का मुख्य संदेश यही रहा कि सीमाओं को सील कर चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाया जाएगा।

# विलुप्त हो रही झिझिया नृत्य का निःशुल्क दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बुरी नजर से बचाव को किए जाने वाले मिथिलांचल के लोकनृत्य झिझिया को उपेक्षा की नजर लग गई है। कभी हर घर में इसकी कलाकार होती थीं। अब तो इनकी संख्या सिमट गई है। अच्छी बात यह है कि इस कला को बचाने के लिए काम हो रहा है।

निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ प्रोत्साहन दिया जा रहा है। नवरात्रि, सरस्वती पूजा, जन्माष्टमी, रामनवमी सहित अन्य उत्सवों में झिझिया नृत्य की प्रस्तुति मिथिला की परंपरा रही है। इसमें पांच से नौ लड़कियां या महिलाएं समूह में नृत्य करती हैं।

इनके सिर पर सैकड़ों छिद्र वाला मिट्टी का घड़ा होता है, जिसमें जलता हुआ दीपक रहता है। कलाकार गोल घेरा बनाती हैं। बीच में मुख्य नर्तकी होती हैं। झिझिया करती यह कलाकार अपने आराध्य से समाज में व्याप्त कलुषित मानसिकता की शिकायत करती हैं।

गीत के माध्यम से समाज में व्याप्त कुविचारों को अलग-अलग नाम देकर उसे समाप्त करने की प्रार्थना करती हैं। झिझिया के दौरान पुरुष हारमोनियम, ढोलक, खजुरी, बांसुरी व शहनाई का वादन करते हैं।



वहीं युवतियां तोहरे भरोसे ब्रह्म बाबा झिझरी बनैलिये हो गाती हैं तो मन झूम उठता है। नृत्य के दौरान वे बुरी नजर से बचाव के लिए इष्टदेव ब्रह्म बाबा और माता भगवती से प्रार्थना करती हैं। केवटी प्रखंड की पिंडारूच, गोपालपुर, लाधा, चंडी, कोठिया आदि गांव में 50-60 प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थी (कलाकार) हैं जो सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यक्रमों में प्रस्तुति देती हैं। इससे सालाना करीब पचास हजार तक की आमदनी हो जाती थी। अब यह सिमट कर दस-पंद्रह हजार तक आकर सिमट गई है।

प्रशिक्षक दिव्य नाथ महाराज निराला ने बताया कि झिझिया सहित अन्य लोक नृत्य का प्रशिक्षण तो दिया जाता है, लेकिन कम ही लड़कियां आती हैं। मैथिली फिल्म अभिनेता पिंडारूच गांव निवासी नवीन चौधरी ने बताया कि भरत नाट्य, कथक जैसे नृत्य को जो पहचान मिली, वह झिझिया को नहीं मिल सकी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से पहल करने की जरूरत है। इसमें कलाकार करियर बनाएं, इसके लिए काम होना चाहिए।

# कुएं से मिली युवक की लाश

**भागलपुर।** मधुसूदनपुर इलाके के महमतपुर गांव स्थित एक कुंए में शुक्रवार की दोपहर भीमकित्ता निवासी अजय कुमार यादव (38) का शव मिला बॉडी पानी में रहने के कारण पहचान में थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन दस मिनट के अंदर ही फिर उसकी पहचान हो गई। शव मिलने की सूचना पर भीमकित्ता गांव से बड़ी संख्या में शव देखने ग्रामीण पहुंचे थे। मृतक के स्वजनों के अनुसार, रविवार की रात से ही अजय घर नहीं लौटा था। उसकी खोजबीन कर रहे थे। अजय के हाथ में लिखे गोदना से उसकी पहचान हुई। उसके हाथ पर अजय रानी लिखा था। शव पानी में रहकर पूरी तरह से फूलकर महक रहा था। जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई। सूचना पर मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली सदल बल मौके पर पहुंचे और शव की स्थानीय लोगों की मदद से कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे एक बेटी, पत्नी भाई से भरा पूरा परिवार को छोड़कर इस दुनिया से चले गए।

## आई लव मोहम्मद की आग पहुंची हाजीपुर, बवाल

# पोस्टर चिपकाते युवक धराया, धुना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जढुआ स्थित मिल्की मोहल्ला में एक विशेष समुदाय के युवक के द्वारा आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपकाते स्थानीय लोगों की मदद से हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। पोस्टर लगाने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पकड़े गए युवक के साथ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। जिससे मोहल्ले में तनाव का माहौल है।

फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार, नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार, गंगा ब्रिज थाना सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

मिली जानकारी के अनुसार, जढुआ स्थित एक मोहल्ला में एक युवक आई लव मोहम्मद लिखा पोस्टर चिपका रहा था। पोस्टर चिपकाते स्थानीय लोगों ने युवक को देखा और इसकी सूचना हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को दी।

सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के प्रकाश पांडे, सोनू कुमार, डॉ. राकेश सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचकर युवक को पोस्टर चिपकाते पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

**▸ दो अखाड़ों और 100 घरों में चिपकाया पोस्टर ▸ मुहल्ला पुलिस छावनी में तब्दील, तनाव का माहौल**

वहीं हिंदू संगठन की सूचना पर मौके पर एसडीओपी सुबोध कुमार, नगर थाना अध्यक्ष समेत कई थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने पोस्टर चिपकाने वाला एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक से पुलिस पूछताछ के पश्चात आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

जढुआ स्थित मिल्की मोहल्ला में मतवलबा अखाड़ा, मंगली अखाड़ा सहित करीब 100 घरो में आई लव मोहम्मद लिखा पोस्टर चिपकाया गया। पोस्ट पर आई लव मोहम्मद और नीचे जुढुआ बॉयज लिखा हुआ था।

वहीं पोस्टर पर लिखा था कि 'भारत के आतंकवादियों को हम यह बता दें कि ये नारा एक आदमी का नहीं, एक-एक आदमी का है। आंखों से टूट जाएं, वो पत्ते नहीं हैं, हम काफिर से जाके कह दो औकात में रहे। दायरे में सिमट कर आया है, हर रिवायत से हटकर आया है। दुश्मन आका को खबर कर दो, शेर वापस पलट कर आया है। उक्त बातें पोस्टर पर लिखी हुईं थीं, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

पोस्टर चिपकाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की। एवं पोस्टर चिपकाने वाले और इसमें शामिल सभी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

पोस्टर चिपकाने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने विरोध जताया और कहा कि ऐसा करने वाले लोगों पर पुलिस कार्रवाई करे। ऐसे लोग पर्व के बीच दो समुदायों में तनाव पैदा करना चाहते हैं।

मोहल्ला में पोस्टर चिपकाने वाले युवक की पहचान एवं इसमें कौन-कौन शामिल है? इसके लिए पुलिस मोहल्ला में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल में जुटी है।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मोहल्ले में जितने घरों पर पोस्टर लगा है, उनके घर वालों से पूछताछ के पश्चात सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। पुलिस ने कई पोस्टर को बरामद किया है।

# विस चुनाव में ताल ठोकेंगे फिल्मी सितारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के चुनावी महासमर में फिल्मी सितारे भी नजर आएंगे। इनमें भोजपुरी सितारों की चर्चा सबसे अधिक है। कुछ चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में हैं, तो कुछ चुनाव प्रचार कर अपना चेहरा चमकाएंगे।

यह पहली बार नहीं है, जब बिहार के चुनावों में फिल्मी सितारों की झिलमिलाहट दिख रही है। हिंदी फिल्मों के बड़े सितारे शत्रुघ्न सिन्हा तो पटना साहिब से दो बार सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा टीवी स्टार शेखर सुमन, हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक प्रकाश झा और भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार कुणाल सिंह भी बिहार के चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं।

इस बार के विधानसभा चुनाव की बात करें तो भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह का नाम सबसे अधिक चर्चा में है। पवन सिंह ने पिछले साल लोकसभा चुनाव में काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे।

इसके पहले भाजपा ने उन्हें पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टिकट दिया था मगर कुछ ही दिनों बाद इसे वापस ले लिया गया। इससे आहत पवन सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर काराकट में एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की हार का फैक्टर तो बने ही, शाहाबाद क्षेत्र में राजपूत वोटरों को भी प्रभावित किया।

अब पवन सिंह के विधानसभा चुनाव में फिर से किस्मत आजमाने की चर्चा है। वह भाजपा के भी संपर्क में बताए जाते हैं, मगर निर्दलीय चुनाव लड़ने की उम्मीद ज्यादा है। भोजपुर के बड़हरा, आरा या रोहतास के काराकाट सीट से पवन सिंह मैदान में उतर सकते हैं। पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वह भी डेहरी या काराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ सकती हैं।

भोजपुरी फिल्मों के एक और गायक-अभिनेता रितेश पांडेय का भी चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। हैलो-कौन गाने से प्रसिद्ध हुए रितेश पांडेय ने हाल ही में प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज की सदस्यता ली है।

वह जनसुराज के टिकट पर रोहतास के करगहर या भभुआ सीट से अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। भोजपुरी गीतकार एवं लौरिया विधायक विनय बिहारी भी इस बार फिर चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने के अलावा चुनाव प्रचार में भी भोजपुरी सितारों का जुटान होगा। भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन के साथ पूर्व सांसद दिनेश लाल निरहुआ जैसे भोजपुरी सुपरस्टार विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। भोजपुरी के एक और सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की भी राजद और सपा से करीबी को देखते हुए विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं, मगर इसकी गुंजाइश बहुत कम है। हां, वह राजद उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करते जरूर नजर आ सकते हैं।

बिहार चुनावों में फिल्मी सितारों ने किस्मत तो पहले भी आजमाई है, मगर जीत कुछ को ही नसीब हुई। इनमें अधिसंख्य ने लोकसभा चुनावों में जनता की अदालत में हाजिरी लगाई है।

# बगलामुखी सिद्धपीठ मंदिर में भक्त करते हैं अघोर पूजा

## मां को दही हल्दी व महाकाल को दहीबड़ा चढ़ाने का है विधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** नकुलवा चौक स्थित मां पीताम्बरी बगलामुखी सिद्धपीठ मंदिर जिले के साथ राज्य व देश-विदेश के लोगों के लिए भी आस्था का केंद्र है। यहां सालों भर भक्तों का तांता लगा रहता है। दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं पर मां की असीम कृपा बरसती है। मंदिर के ठीक नीचे सर्व मनोकामना 'सिद्ध सहस्त्र दल महायंत्र' स्थापित हैं। यहां भक्तों की हर इच्छा पूरी होती है। मां को दही-हल्दी व महाकाल को दहीबड़ा चढ़ाने का विधान है।

मंदिर की स्थापना करीब 285 वर्ष पूर्व रूपल प्रसाद ने की थी। इनके पूर्वज वैशाली के महुआ अदलपुर से आकर यहां बसे थे। मां बगलामुखी इनकी कुलदेवी हैं। रूपल ने मंदिर स्थापना के पूर्व कोलकाता के तांत्रिक भवानी मिश्र से गुरु मंत्र लिया था। बाद में मां त्रिपुर सुंदरी, तारा व भैरवनाथ की मूर्ति स्थापित की गई।



नवरात्र हो या आमदिन, यहां सालों भर तांत्रिक व आम श्रद्धालु मां का दर्शन-पूजन करने आते हैं। नवरात्र के समय में देश के विभिन्न क्षेत्रों से अघोर तंत्र-साधना के लिए दर्जनों तांत्रिक भी यहां पहुंचते हैं। मंदिर में अष्टधातु की माता की प्रतिमा के महासहस्त्र दल यंत्र पर सहस्त्र अभिषेक किया जाता है। दसों दिन सुबह सात से रात सात बजे तक पूजा-पाठ चलता है। दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।

## सीएम योगी के फोटो से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**हाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो से छेड़छाड़ कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में करतहा थाना की पुलिस ने लालगंज से एक युवक को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया। मिली जानकारी के मुताबिक, करतहां थाना क्षेत्र के धनुषी निवासी बीजेपी बूथ अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने करतहा थाना पर रविवार की रात आवेदन किया था। इसमें उन्होंने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर लालगंज थाना क्षेत्र के चाकसाले वार्ड नंबर 24 निवासी एक युवक के द्वारा योगी आदित्यनाथ के तस्वीर के साथ छेड़छाड़ किया गया है। यही नहीं, उनकी तस्वीर पर अभद्र टिप्पणी की गई है, जिससे धार्मिक उन्माद फैलने की खतरा उत्पन्न हो गया है। जिसके बाद आवेदन के आलोक में करतहां थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार आजाद ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए लालगंज थाना के सहयोग से लालगंज थाना क्षेत्र के चाकसाले वार्ड संख्या 24 निवासी उस्मान कुरैशी के पुत्र मोहम्मद चांद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मेट्रो के शुभारंभ होने की तिथि जल्द ही



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में मेट्रो सेवा जल्द से जल्द शुरू हो इसके बाद पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन हर संभव कोशिश कर रही है। सोमवार को ट्रायल रन हुआ जो यह सफल रहा। पटना मेट्रो मानकों के अनुरूप दौड़ रही है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए खुद सेफ्टी कमिश्नर मौजूद रहे। वह हर मानकों को पटना मेट्रो खड़ा पाएंगे, तब ही शुभारंभ हो पाएगा। यानी सेफ्टी कमिश्नर की टीम से हरी झंडी मिलने के बाद ही उद्घाटन की तारीख घोषित हो पाएगी। 16 सितंबर को भी सेफ्टी कमिश्नर ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया था। इस दौरान कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था।

तीन दिन पहले पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में तीन प्राथमिक स्टेशनों की पूर्णता स्थिति और आगामी मेट्रो उद्घाटन की तैयारियों की समीक्षा की गई। पटना मेट्रो की ओर से कहा गया कि पटना अब जल्द ही अपनी खुद की मेट्रो सेवाओं का अनुभव करने को तैयार है। इधर, इस मीटिंग के बाद पटना मेट्रो का ट्रायल रन हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने मेट्रो डिपो आईएसबीटी स्टेशन, जीरोमाइल स्टेशन और भूतनाथ स्टेशन का निरीक्षण किया।

# चिकित्सक के नाती की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा नगर के एक चिकित्सक डॉ. अरुंधति के नाती पुष्पांशु शंकर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार की दोपहर बाद की बताई जाती है। 21 वर्षीय युवक का शव पुलिस लाइन, नवादा के समीप वियाडा परिसर स्थित एक हाल से पाया गया। घटना के बाद शहर के लोग सकते में आ गए हैं। सूचना मिलते ही नवादा के एसपी अभिनव धीमान, एसडीपीओ समेत नवादा नगर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुष्पांशु शंकर नवादा जिले के नारदीगंज थाना अंतर्गत कोशला गांव निवासी रविशंकर सिंह के पुत्र थे। इनके मामा भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं, डॉक्टर का नाती और आईएफएस अधिकारी के भांजा के कत्ल की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। पुष्पांशु शंकर उर्फ अंकुश जरूरी काम से वियाडा परिसर गए थे, वहां दवा कंपनी के लिए कुछ काम चल रहा था। बताया गया कि युवक कई घंटे तक स्वजन के संपर्क से बाहर रहा। मोबाइल पर भी संपर्क स्थापित नहीं होने पर किसी व्यक्ति को वहां भेजा गया, जिस पर वहां दरवाजा बंद मिला।

इसके बाद किसी प्रकार से अंदर प्रवेश करने पर पुष्पांशु शंकर मृत अवस्था में पाए गए। इस पूरे मामले में एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि युवक का सिर किसी लकड़ी काटने वाले एक मशीन से कटा हुआ है। वहां से एक क्षतिग्रस्त हालत में एक मोबाइल फोन मिला है। साथ ही एक आईपैड के अलावा कुछ कागजात भी मिले हैं। एफएसएल की टीम, डीआईयू की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामले में एसआईटी गठित कर दी गई है। एसपी ने कहा कि अनुसंधान में जो भी दोषी सामने आएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को मिली सहायता राशि, पीएम और सीएम को दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया गया है। इसी कड़ी में शिवाजीनगर प्रखंड के शंकरपुर पंचायत स्थित नवकाटोल मेघुलिया गांव में एक भव्य धन्यवाद ज्ञापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री महिला रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित महिलाओं को सम्मानित करना और सरकार की इस पहल के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना रहा। महिलाओं को मिला आर्थिक सहारासमारोह में लाभार्थी महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। इस राशि से महिलाएं छोटे स्तर पर





व्यवसाय, सिलाई-कढ़ाई, पशुपालन और अन्य स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। कई लाभार्थी महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह राशि उनके जीवन में नई दिशा और बदलाव लाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोसड़ा विधायक बीरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह योजना न सिर्फ आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है बल्कि महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली ने की, जबकि संचालन आईटी सेल सह मीडिया संयोजक नवीन कुमार सिंह ने किया उपस्थित गणमान्य इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम कुमारी, युवा महामंत्री शिवशंकर सिन्हा, गंगा प्रसाद मंडल, पवन कुमार सिंह, विकास कुमार, नितेंद्र कुमार, रमन कुमार, चंदन, संगीता कुमारी, कमली देवी, राधा देवी, शिवदुलारी देवी, सीताराम, शंभु समेत बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता मौजूद रहे महिलाओं ने जताया आभार सहायता राशि पाकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस राशि से वे अब अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी और परिवार की आय में योगदान देकर समाज में अपनी पहचान बना सकेंगी इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया तथा यह संदेश दिया कि सरकार की योजनाएं अब सीधे तौर पर अंतिम पायदान तक पहुंच रही हैं।

# लंबे समय से फल-फूल रहा मानव तस्करी का धंधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले के बखरी अनुमंडल में कुख्यात रेड लाइट एरिया वर्षों से सक्रिय हैं। बखरी के आशा पोखर, इस्माइल नगर, सोनमा-सिमरी और नदैल घाट में लंबे समय से देह व्यापार का धंधा फल-फूल रहा है।

स्थानीय लोग इन अड्डों को बंद करने की मांग लगातार कर रहे हैं। प्रशासन को सूचना दी जाती है तो छापेमारी होती है, मगर आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत और लापरवाही के कारण यह धंधा फिर से शुरू हो जाता है।

पिछले 20 वर्षों में 50 से अधिक लड़कियों की खरीद-फरोख्त का खुलासा हो चुका है।

दर्जनों दलाल गिरफ्तार हुए, लेकिन कमजोर चार्जशीट और पुलिस की उदासीनता के चलते सभी छूट गए।

यह नेटवर्क केवल बिहार ही नहीं बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, यूपी, असम समेत कई राज्यों से लड़कियों को फुसलाकर, अगवा कर या शादी-नौकरी का झांसा देकर लाता है।

यहां उन्हें एक से डेढ़ लाख रुपए में बेचा जाता है। कई मामलों में खाड़ी देशों तक 20 लाख तक में सप्लाई की पुष्टि हुई है।

हालिया छापेमारियों में पुलिस ने कई नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है।

27 जून 2025 को एसपी मनीष के निर्देश पर बखरी डीएसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में मीरकलापुर नदैल घाट में छापेमारी कर एक नाबालिग लड़की को छुड़ाया गया, जिसे प्रेमी ने ही एक लाख रुपए में बेच दिया था।

इस दौरान 12 वर्षीय बच्ची को भी आर्केस्ट्रा में डांस कराने के नाम पर बेचे जाने का खुलासा हुआ।ताजा मामला 27 सितम्बर का जहां नौकरी दिलाने के नाम पर लड़की को बेचने आया युवक गिरफ्तार किया गया।

मानव तस्करी का यह गिरोह रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसी भीड़ भाड़ वाली जगहों से लड़कियों को शिकार बनाता है। अंतरराज्यीय दलालों की सीधी संलिप्तता और खाड़ी देशों तक कनेक्शन से यह नेटवर्क बेहद संगठित और खतरनाक माना जा रहा है।

CMYK

# विजयादशमी को लेकर यातायात प्लान तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विजयादशमी (रावण वध) 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के गांधी मैदान में भव्य स्तर पर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें शहर एवं आसपास के गांवों तथा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में दर्शकों का भीड़ लगता है। साथ ही उक्त कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त भीड़ अचानक/एका-एक गांधी मैदान से बाहर निकलती है। गांधी मैदान से काफी संख्या में एका-एक भीड़ निकलने के कारण कभी-कभी भगदड़ की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में आकस्मिक दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। उक्त तिथि को गांधी मैदान में आयोजित (रावण वध) कार्यक्रम के एक घण्टे पूर्व से समाप्ति तक इन स्थानों को चिन्हित करते हुए यातायात प्लान तैयार की गई है, जो इस प्रकार है-रावण वध कार्यक्रम 2 अक्टूबर को समय 16:00 से कार्यक्रम समाप्ति तक का यातायात प्लान, काशीनाथ मोड़ से गांधी मैदान की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। डीएम आवास (सुधा डेयरी बूथ) से गेवाल बिगहा मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। जेपी झरणा से गांधी मैदान, गेवाल बिगहा मोड़ एवं काशीनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। समाहरणालय गोलम्बर से काशीनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। गेवाल बिगहा मोड़ से हरिदास सेमीनरी, महारानी पेट्रोल पम्प के पास से होते हुए काशीनाथ मोड़ की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। गया रेलवे स्टेशन से सिकड़िया मोड़, गया रेलवे स्टेशन बाटा मोड़ स्वराजपुरी रोड नगमतिया मोड़ से दाहिने मुड़कर रेलवे अस्पताल होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे। गया रेलवे स्टेशन से घुघड़ी टांड़ बाईपास की ओर जाने वाली गाड़ियां रेलवे स्टेशन बाटा मोड़ स्वराजपुरी रोड काशीनाथ मोड़ से बाएं मुड़कर समाहरणालय गोलम्बर दिग्घी तालाब मोड़ राजेन्द्र आश्रम / कोयरी बाड़ी होकर जाएंगे। यह मार्ग वन-वे रहेगा। सिकड़िया मोड़ से रेलवे स्टेशन: गया कॉलेज मोड़ डीएम आवास (सुधा डेयरी बूथ) से बाएं मुड़कर आशा सिंह मोड़ अथवा जिला अतिथि गृह मिर्जा गालीब डेल्हा पुल/रेलवे अस्पताल होते हुए जाएंगे। चांद चौरा, शहमीर तकिया मुन्नी मस्जिद की ओर से सिकड़िया मोड़ /रेलवे स्टेशन गेवाल बिगहा मोड़ जिला पदाधिकारी आवास (सुधा डेयरी बूथ) होते हुए अपने गन्तव्य को जाएंगे, जो वन-वे रहेगा। काशीनाथ मोड़ पर समाहरणालय गोलम्बर की ओर से आने वाली रोड में।काशीनाथ मोड़ पर एपीआर, चर्च रोड एवं गांधी मैदान की ओर जाने वाली रोड में, आईएमए हॉल की ओर जाने वाली रोड मोड़ पर, जेपी झरणा के पास मिर्जा गालिब कॉलेज की ओर से आने वाली रोड में, बिसार तालाब रोड मोड़ पर (बिजली आफिस के सामने)। डीएम आवास (सुधा डेयरी बूथ के बाद) गेवाल बिगहा मोड़ की ओर जाने वाली रोड में।मुन्नी मस्जिद की ओर से आने वाली मोड़ के आगे महारानी पेट्रोल पम्प की ओर जाने वाली रोड में।

## जहर देने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बहेरा थाना क्षेत्र के घोड़ाघाट गांव में आशा कार्यकर्ता को जहर देकर मौत के घाट उतारने के सनसनी खेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बहेरा थाना कांड संख्या 70/25 दिनांक 17.05.25 के तहत आरोपी नंदू यादव (उम्र लगभग 65 वर्ष), पिता स्व. अर्जु यादव, निवासी घोड़ाघाट को गिरफ्तार कर सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में पेश किया गया।

## बीपीई एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गयाजी जिला के बहेरा थाना क्षेत्र से कांड संख्या 135/25 में नामजद प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले की पुष्टि करते हुए बहेरा थानाध्यक्ष ने कहा कि कांड संख्या 135/25 में नामजद प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।

# दुर्गा पूजा पर अनुमण्डल पदाधिकारी एवं एएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शेरघाटी अनुमण्डल क्षेत्र में दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी एवं एएसपी शेरघाटी के संयुक्त नेतृत्व में शेरघाटी क्षेत्र के मुख्य मार्गों एवं आयोजन स्थलों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

# विद्युत योजनाओं और सौर ऊर्जा के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गया शहरी अंतर्गत गया शहर में सुरक्षित दुर्गा पूजा के आयोजन हेतु सभी दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा सभी स्थलों का निरीक्षण कर कई स्थानों पर सरकारी विद्युत योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु पूजा पंडालों के समीप सेल्फी प्वाइंट और कैनोपी लगाकर उपभोक्ताओं को विद्युत योजनाओं और सौर उर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गया शहर के सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित दुर्गा पूजा हेतु विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गया शहरी की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं।

# हिन्दी पखवारा का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशानिर्देश में 14 सितंबर से 29 सितंबर तक चलने वाला हिन्दी पखवाड़ा का सोमवार को समापन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिन्दी एवं अहिन्दी भाषी कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रतियोगितओं जैसे निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी अंग्रेजी शब्दकोष प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, टिप्पणी एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वाहिनी के उक्त प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बलकार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जहां अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती है। इस सब भाषाओं में हिंदी का सबसे महत्वपूर्ण है। हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता का प्रतीक भी है। हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को पूरे देश में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व को याद दिलाना और युवाओं में अपनी भाषा के प्रति गर्व की भावना जगाना है। इस मौके पर दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, क्षेत्रक मुख्यालय (वि प्र), अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट, क्षेत्रक मुख्यालय (वि प्र) एवं 29 वीं बटालियन अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे।

## अब स्नातक को भी एक हजार रुपए प्रति माह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना (स्नातक उत्तीर्ण युवक/युवतियों के लिए) यह पोस्ट मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना (स्नातक उत्तीर्ण युवक/युवतियों के लिए) के बारे में जानकारी प्रदान करती है। यह योजना 2016 में सात निश्चय के तहत शुरू की गई थी जिसके तहत पहले से इंटर (12वीं) पास युवाओं को रोजगार खोजने के लिए भत्ता दिया जा रहा था। अब 20-25 वर्ष के आयु वर्ग के स्नातक (कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय से) उत्तीर्ण, जो कहीं अध्ययनरत नहीं हैं और रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें 1000/- रुपये प्रति माह की दर से अधिकतम 2 वर्षों तक इस योजना का लाभ मिलेगा।

# डॉग स्क्वाड की टीम भी नहीं पकड़ सकी चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के अदोपुर गांव में सोमवार को डॉग स्क्वाड की टीम ने चोरी के मामले में जांच कर चोर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात गांव के उदय यादव के घर से करीब ढाई लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए थे। सोमवार को ग्रामीणों ने गांव के बधार स्थित देवी स्थान के समीप एक खेत के झाड़ से कुछ सामान बरामद किया, लेकिन उसमें से कीमती गहने गायब थे। ग्रामीणों की मांग पर गया से बुलाए गए डॉग स्क्वाड ने पूरे क्षेत्र की जांच की, मगर समय बीत जाने के कारण कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया। मौके पर एएसआई दशरथ सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ध्रुवेश यादव, पूर्व मुखिया योगेंद्र दास, रमेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच जारी है और शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** थाना क्षेत्र के रकसिया स्थित रविदास टोला के समीप नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत सोमवार को हो गई। जानकारी के अनुसार रविदास टोला व आसपास के बच्चे नहर में नहाने के लिए कूदे। इसी क्रम में नहर के किनारे जलकुंभी में दो बच्चे फंस गये व गहरे पानी में डूब गये। आसपास मौजूद बच्चों के हो हल्ला करने पर जुटे लोगों ने बच्चों को निकाला, लेकिन तब तक बच्चों की मौत हो चुकी थी। मृत बच्चों की पहचान रकसिया रविदास टोला के मोहित मांझी की 10 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी व लालू मांझी के 8 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई।

# एशिया कप में भारत की जीत खेल के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि : डॉ मनीष




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** क्रिकेट के एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना से पाकिस्तान को मात देकर विजेता का ताज अपने नाम किया। यह जीत न केवल खेल के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण भी है। इस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारत के वीर जवानों ने जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उसकी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भारत ने एक बार फिर अपने साहस और शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस बार मैदान युद्ध का नहीं बल्कि खेल का था। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह दोहरी खुशी का अवसर है। एक ओर सर्जिकल स्ट्राइक की यादें देशवासियों को गौरवान्वित करती हैं तो दूसरी ओर भारतीय खिलाड़ियों की यह शानदार जीत हर युवा के लिए उत्साह है।

# शेरघाटी में मां दुर्गा का खुला पट, उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** सोमवार को शेरघाटी शहर में नवरात्र की भव्य शुरुआत मां दुर्गा के पट खोलने के साथ हुई। शहरभर में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई मां दुर्गा की अराधना कर सुख-समृद्धि की कामना करता नजर आया। शहर के ब्लॉक स्थित दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष पंडाल का निर्माण प्रेम मंदिर (वृंदावन) की तर्ज पर किया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं हटिया मोहल्ला स्थित पंडाल नेपाल के कवक मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है जिसकी भव्यता और कारीगरी दर्शकों को खींच रही है। इधर, दुर्गा स्थान और चट्टी मोहल्ला में भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा समितियों ने विशेष सजावट और विद्युत प्रकाश व्यवस्था से माहौल को और भी मनमोहक बना दिया है।

पूजा के दौरान भक्तों की भीड़ मंदिरों और पंडालों में उमड़ पड़ी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मां की आरती उतारते हुए नजर आईं, वहीं युवा और बच्चे भी उल्लासपूर्वक आयोजन में शामिल हुए। जगह-जगह भक्ति गीत और मंत्रोच्चार से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। इधर, शहर के अलग-अलग इलाकों जैसे स्टेशन रोड, गली मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों में भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पंडालों के उद्घाटन के साथ ही दुकानों और चौक-चौराहों पर रौनक बढ़ गई है। नगर प्रशासन ने भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती की है। ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से पूजा का आनंद ले सकें। भक्तों का कहना है कि इस वर्ष पंडालों की भव्यता और सजावट पिछले वर्षों से कहीं ज्यादा आकर्षक है। नवरात्र की शुरुआत के साथ ही पूरा शेरघाटी आस्था और भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

# युवक की संदिग्ध मौत, मचा हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** युवक की संदिग्ध मौत के बाद मचा हड़कंप। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत नौकाडीह सोलर प्लांट के पास सोमवार की सुबह एक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। मृतक की पहचान सलैया गांव निवासी धमन यादव के पुत्र 17 वर्षीय सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सत्येंद्र अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी सड़क किनारे उसकी लाश बरामद हुई। पुलिस ने मौके से बाइक भी जब्त की है। हालांकि घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मृतक के परिजन एवं ग्रामीण इसे साधारण सड़क हादसा मानने से इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सत्येंद्र की मौत एक्सीडेंट से नहीं, बल्कि साजिश के तहत धारदार हथियार से हमला कर की गई है। ग्रामीणों ने दावा किया कि युवक के शरीर पर चाकू जैसे हथियार से वार के निशान हैं। वहीं घटनास्थल पर दूर तक महुआ का फूल गिरा हुआ मिलने से भी हत्या की आशंका गहरी हो गई है। इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि शव की प्रारंभिक जांच में युवक के ललाट और चेहरे पर गंभीर चोटें पाई गई है जो बाइक से गिरने के कारण हो सकती है। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। सत्येंद्र की रहस्यमय मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों के बीच आक्रोश का माहौल है और सभी की निगाहें अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है जो इस संदिग्ध मौत की असली वजह का खुलासा करेगी।

# केसपा में वर्मा के बौद्ध भिक्षुओं का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत मां तारा नगरी केसपा ग्राम में वर्मा के बौद्ध भिक्षुओं ने भ्रमण किया। उन्होंने गांव में स्थित भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा का दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की। प्रतिमा की भव्यता से प्रभावित होकर उन्होंने इसे मंदिर का रूप देने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रतिमा को खुले आकाश में देखकर आश्चर्य प्रकट किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भिक्षु का स्वागत किया। गांव के प्रो. अरुण कुमार ने उन्हें केसपा ग्राम की प्राचीनता एवं ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। ग्रामीण हिमांशु शेखर ने बताया कि यह गांव हिंदू और बौद्ध धर्म की आस्था का केंद्र रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इस प्रतिमा को मंदिर का स्वरूप प्रदान किया जाए तो यह धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा एवं क्षेत्र के पर्यटन और सांस्कृतिक विकास में भी योगदान देगा। इस गांव में मां तारा देवी मंदिर, भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं गरुड़ विष्णु मंदिर को दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आया करते हैं।

# सात वर्ष बाद भी बियर बांध निर्माण न होने पर किसानों का सरकार के प्रति गहरा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी प्रखंड अंतर्गत लाव में संचालित +2 उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को क्षेत्र के किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। सिंघापुर गांव के सामने मोरहर नदी में दसीअईन पइन के मुहाने पर प्रस्तावित लाव-पूरा बियर बांध के निर्माण को लेकर गहन चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के घोषणा के सात वर्ष बाद भी बियर बांध निर्माण न होने पर उपस्थित किसानों ने सरकार के प्रति गहरा आक्रोश प्रकट किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डा. मुंद्रिका प्रसाद नायक ने कहा कि वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने समीक्षा यात्रा के दौरान गांव में आयोजित महती सभा को संबोधित करते हुए बियर बांध निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन इसका कार्यान्वयन सात वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ। योजना की फाइल आफिस दर आफिस परिक्रमा तो की, लेकिन अमलीजामा नहीं पहना। अन्य वक्ताओं ने कहा कि पिछले कुछ माह पहले जल संसाधन विभाग के इंजीनियर इन चीफ के नेतृत्व में जांच हेतु स्थल पहुंचे अधिकारियों का आना अब तक बेकार सावित हो रहा है। जांच के दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों को दिया गया आश्वासन भी अभी तक बेकार साबित हो रहा है। वक्ताओं ने आगे कहा कि घोषणा के बाद बियर बांध निर्माण को लेकर न मुख्यमंत्री और न ही क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने अब तक सुध लिया। क्षेत्र के किसान थक हार कर पुनह लाव बियर बांध निर्माण परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए आन्दोलन का शंखनाद करने को विवश है। बैठक को पूर्व पंसस नरेंद्र सिंह उर्फ गुडु शर्मा, प्रो. आलोक रंजन, लाव पंचायत के मुखिया आशुतोष कुमार, सरपंच पारस प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह उर्फ मंटू शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राजेश कुमार दांगी, जिला परिषद सदस्य सुरेश यादव, नीरज शर्मा, उत्तम कुमार, एवं सुधीर सिंह चंद्रवंशी आदि कई लोगों ने संबोधित किया।

## जागरूकता हेतु पूजा पंडालों के समीप लगाया गया सेल्फी प्वाइंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गया शहरी अंतर्गत गया शहर में सुरक्षित दुर्गा पूजा के आयोजन हेतु सभी दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा सभी स्थलों का निरीक्षण कर कई स्थानों पर सरकारी विद्युत योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु पूजा पंडालों के समीप सेल्फी प्वाइंट और कैनोपी लगाकर उपभोक्ताओं को विद्युत योजनाओं और सौर उर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गया शहर के सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित दुर्गा पूजा हेतु विद्युत आपूर्ति प्रमंडल गया शहरी की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं भी दी गई।

# डॉ. कर्मानन्द आर्य भाषा में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय भाषा विभाग, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय गयाजी के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक और युवा कवि डॉ. कर्मानन्द आर्य को उनके हिंदी भाषा एवं साहित्य में किए गए विशिष्ट योगदान हेतु लालबहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारतीय भाषा मंच, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली एवं संस्कृत शिक्षक संघ, दिल्ली प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़े के अवसर पर आयोजित एक विशिष्ट कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न भागों से आए हुए कुलपति, संस्कृत हिंदी के विद्वान, बुद्धिजीवी, चिंतक और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राच्यविद्या विभाग के प्रमुख प्रो रामनाथ झा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष लालबहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर मुरली मनोहर पाठक एवं संस्कृत शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश गौतम थे। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर नरेंद्र कुमार राणा, विभाग के प्राध्यापकों, अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्रों ने बधाई दी है। जन संपर्क पदाधिकारीमोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि डॉ. कर्मानन्द आर्य ने अपने लेखन से देश में विशेष ख्याति अर्जित की है। उनकी कई रचनाएं देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही हैं।

# ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद ने किया मातृशक्ति आराधना एवं डांडिया नृत्य का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** युवतियों की समृद्धि, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के हितार्थ कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में महापर्व नवरात्रि के सुअवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी के दिन मातृशक्ति आराधना एवं डांडिया नृत्य समारोह का आयोजन ओजस्विनी की गया जिलाध्यक्ष डॉ (प्रो) रश्मि प्रियदर्शनी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद की संरक्षक रजनी त्यागी के नेतृत्व में किया गया। विष्णुपद मंदिर के निकट अवस्थित नेपाली आश्रम में समारोह का शुभारंभ देवी नवदुर्गा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। मंत्रोच्चारण एवं शस्त्र पूजन के उपरांत सम्मिलित रूप से देवी की आराधना व आरती की। आयोजन स्थल अंबे तू है जगदंबे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली, तेरे ही गुण गाये भारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरती भजन की पावन धुन से गूंज उठा। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री शिल्पा साहनी, अनुराधा कुमारी, बरखा देवी, प्रिया कुमारी, शीतल कुमारी एवं अन्य सदस्यों ने ओ शेरो वाली बिगड़े बना दे सबके काम, अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, विश्व विनोदिनी नन्दिनुते, ढोलीरा जैसे भक्ति भाव से भरे गीतों पर डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष शिव लाल टइया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिप के विभाग महामंत्री राम बारीक की उपस्थिति रही। दोनों अतिथियों ने अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से सभी बहनों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ रश्मि ने कहा कि नवरात्रि हमें नारीशक्ति के विविध कल्याणकारी रूपों के प्रति सम्मान भाव रखने की प्रेरणा देती है। महिलाओं के लिए उचित है कि वे स्वयं को नकारात्मक भावों से दूर रखें। अपने भीतर निहित नवदुर्गा की शक्तियों को जानें, पहचानें और समय आने पर उन क्षमताओं को उपयोग में लायें।

# तपोवन परिसर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के गया वन प्रमण्डल अंतर्गत अतरी वन प्रक्षेत्र द्वारा सेवा पर्व -एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, तपोवन परिसर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्र में कुल 200 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पौधों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान वन प्रक्षेत्र कर्मियों ने विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष जीवन और पर्यावरण संरक्षण के मूल आधार हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को सुरक्षित रखने तथा उसका नियमित रूप से संरक्षण करने का संकल्प लें। विद्यालय परिवार ने भी आश्वस्त किया कि लगाए गए पौधों की उचित देखभाल की जाएगी और छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत किया जाएगा।

# श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम एक दिन, एक घंटा, एक साथ का आयोजन सोमवार को उत्साहपूर्वक किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय परिसर के बाहर कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा के साथ छात्रों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए सफाई कार्य किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिंह स्वयं साइकिल से स्थल पर पहुंचे और विद्यार्थियों के साथ मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। हमें अपने व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ विश्वविद्यालय, घर और आसपास के पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। इस अभियान के माध्यम से हम सभी को सामूहिक प्रयासों की शक्ति का अनुभव होता है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2025 के नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रशांत की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं छात्रावास के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों ने परिसर के बाहर श्रमदान कर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। ज्ञात हो कि देशभर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान करोड़ों नागरिकों को जोड़ते हुए सामूहिक सफाई कार्य और जन-जागरूकता फैलाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है।

## संपादकीय

# यूनुस की गलतबयानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया - हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस सार्क को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है - पाकिस्तान की वकालत करना। सार्क भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन बीआईएमएसटीईसी के जरिये भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

**विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है।**

# विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत

(ललित गर्ग)



विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्त्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है।

भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है।

राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है। हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए। आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है।

भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत के पास विश्व को दिखाने के लिए अनंत वैभव और विविधता है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन का विकास करें तो आने वाले समय में भारत न केवल एक पर्यटन शक्ति बनेगा बल्कि अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से विश्व का नेतृत्व भी करेगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है )।

# सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क

(अक्षय शुक्ला)

सीएजी रिपोर्ट के मुताबिक कभी बीमारू की श्रेणी में आने वाला उत्तर प्रदेश रेवेन्यू प्लस स्टेट बन गया है। यानी उसकी कमाई खर्च से अधिक हो गई है। इस उपलब्धि के पीछे नोएडा का सर्वाधिक योगदान रहा। लेकिन विडंबना यह कि यूपी के इसी शो विंडो का सिविक इन्फ्रास्ट्रक्चर कितने खस्ता हाल में है। करोड़ों की कमाई करने वाली नोएडा अथॉरिटी आज तक यहां के बाशिंदों को एक सम्मानजनक पब्लिक ट्रांसपोर्ट नहीं दे पाई। लोग ठसाठस भरे ऑटो या खटारा ई-रिक्शा में जान हथेली पर रख सफर करने को मजबूर हैं। हर सड़क पर छुट्टा जानवर घूम रहे जो हादसों व जाम का कारण बन रहे हैं। इनसे बच कर किसी तरह आगे बढ़ें तो बीच सड़क बड़ा सा गड्ढा आपकी राह रोक देता है।

बरसात के बाद यहां की सारी सड़कें गड्ढों से अटी पड़ी हैं। यही हाल हरियाणा की झोली भरने वाले गुड़गांव का है। बल्कि पूरे एनसीआर में धरती पर ही चांद की सतह का अहसास हो रहा है। ये टूटी सड़कें कमर दर्द के साथ ही हादसों को भी दावत दे रही हैं। कहीं अचानक गड्ढा आने पर टेंपो पलट रहा, तो कहीं ब्रेक लगाने से पीछे आ रही गाड़ी टकरा रही। दोपहिया वालों का तो भगवान ही मालिक है। हाइवे और एक्सप्रेसवे इससे अछूते नहीं बचे तो शहर की सड़कों की बात ही क्या करें।

नोएडा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को आना था तो आनन-फानन में कई सड़कों पर पैचवर्क कर चमका दिया गया तो कहीं आसपास की गंदगी को घास की चादर से ढक दिया गया। वीआईपी तो कुछ घंटों में आकर चले जाएंगे, यहां रहने वाले तो साल भर यहां से गुज़रते हैं, उनके लिए ऐसी तत्परता या ज़िम्मेदारी का भाव कब दिखेगा?

**ऐसे विभागों को आइना दिखाने के लिए ही एनबीटी ने गुड़गांव में सड़कों को संवारने की मुहिम चलाई कि अगर ज़िम्मेदार सो रहे हैं तो यह शहर हमारी भी ज़िम्मेदारी है। अभियान को जैसा समर्थन मिला, उसे देख साफ है कि आम लोगों के लिए यह कितना बड़ा मुद्दा है।**

बरसात के बाद यह हर साल की कहानी है। ऐसी सड़कें बन रही हैं, जो एक बारिश भी नहीं झेल पातीं। देशभर में सिस्टम पर ऐसी ही ज़ंग पड़ी है। ऐसा नहीं कि यह सब रिपोर्ट नहीं हो रहा। अखबारों, चैनलों में लगातार खबरें आ रही हैं। दूरदराज के इलाकों से कई युवा सोशल मीडिया पर गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़कों की हकीकत दिखा रहे हैं। लेकिन मजाल है कि ज़िम्मेदारों को ज़रा भी फर्क पड़ रहा हो।

आखिर इसकी जांच क्यों न हो कि चंद दिनों में ही नई बनी सड़क दम कैसे तोड़ देती है। क्या ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट नहीं कर देना चाहिए। नीचे से लेकर ऊपर तक सभी विभागों की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती।

ऐसे विभागों को आइना दिखाने के लिए ही एनबीटी ने गुड़गांव में सड़कों को संवारने की मुहिम चलाई कि अगर ज़िम्मेदार सो रहे हैं तो यह शहर हमारी भी ज़िम्मेदारी है। हमने फावड़ा थामा कि हज़ारों हाथ हमारे साथ खड़े हो गए और अपने इलाके के गड्ढे भरने लगे। अभियान को जैसा समर्थन मिला, उसे देख साफ है कि आम लोगों के लिए यह कितना बड़ा मुद्दा है।

इतनी सी बात वे नहीं समझ पा रहे, जिन पर इसकी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने बस आदेश जारी कर दिए कि अक्टूबर तक रोड चमका दें। ये सड़कें कितने दिन टिकेंगी, इसका भी हिसाब हो तो बेहतर होता।

इस बीच, गड्ढों ने एक अच्छी खबर भी दी। पता चला कि दो युवक चेन छीन कर बाइक से भाग रहे थे कि सड़क पर गड्ढा आने से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ा और वे वहीं गिर पड़े। लोगों ने चेन वापस ली और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। चलिए, सड़क के गड्ढों ने किसी का तो भला किया। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भव्यता के दिखावे तले दिव्यता का किस्तों में कत्ल

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

**इतिहास गवाह है कि सत्ताधारी दलों ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर केवल और केवल सनातन को ही क्षति पहुंचाई है। केवल मंदिरों, तीर्थों और आस्था के केन्द्रों पर ही शिकंजा कसा है। केवल वैदिक मान्यताओं को ही अंधविश्वास की परिभाषाओं में जकडा है। आदिगुरु शंकराचार्य के द्वारा सनातन की पुनर्स्थापना के उपरान्त स्थापित की गई चार पीठों की मर्यादाओं को अस्तित्वहीन किया है।**

सनातन की मान्यताओं, आदर्शों और संस्कारों को समाप्त करने के लिए बहुमुखी आक्रमण हो रहे हैं। सत्ता से लेकर कथित ठेकेदारों तक ने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु हमेशा ही वैदिक परम्पराओं को नस्तनाबूत करने के प्रयास किये हैं परन्तु स्वाधीनता के बाद से तो इन प्रयासों में दूरदर्शितापूर्ण षडयंत्रों की धार भी देखी जाने लगी। कभी अल्पसंख्यकों को संरक्षण देने के नाम पर सनातन को कुचलने की कोशिशें हुईं तो कभी कानूनों के निर्माण से अधिकारों का हनन किया गया। इतिहास गवाह है कि सत्ताधारी दलों ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर केवल और केवल सनातन को ही क्षति पहुंचाई है। केवल मंदिरों, तीर्थों और आस्था के केन्द्रों पर ही शिकंजा कसा है। केवल वैदिक मान्यताओं को ही अंधविश्वास की परिभाषाओं में जकडा है। आदिगुरु शंकराचार्य के द्वारा सनातन की पुनर्स्थापना के उपरान्त स्थापित की गई चार पीठों की मर्यादाओं को अस्तित्वहीन किया है। चार पीठों हेतु चार आचार्यों वैदिक व्यवस्था को न्यायालय के कटघरे में खडा करके एक आचार्य को सन् 1982 में दो पीठों पर स्थापित कर दिया गया यानी चार पीठों पर केवल तीन शंकराचार्य पदस्थ किये गये। कानून के डंडे ने वैदिक व्यवस्था को सूली पर चढा दिया। जगतगुरु की उपाधि से विभूषित सनातन के सर्वोच्च स्थान पर प्रतिष्ठित एक शंकराचार्य को सन् 2004 में सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। बहुसंख्यक होने का दण्ड देते हुए आपातकाल में केवल और केवल हिन्दुओं की ही जबरन नसबंदी करके तत्कालीन सरकार ने अपनी तानाशाही का परमच फहराया। वर्तमान में तेजी से बढ रहा जनसंख्या असंतुलन उसी कुटिल तानाशाही की देन है जिसका बीजारोपण इमरजेन्सी के दौरान किया गया था। श्रद्धा के केन्द्रों पर समर्पित होने वाली दानराशि पर भी सरकारी कब्जा करने की कानूनी व्यवस्था कर दी गई। सनातनती तीर्थों को संचालित करने हेतु मनमाने बोर्ड, समितियां और निकाय बना दिये गये। इन संस्थाओं में भी सत्ताधारियों ने अपने पसन्दीदा लोगों को बैठाकर स्वार्थ सिद्धि की नूतन व्याख्यायें करना शुरू कर दी है। देश के चारों दिशाओं में स्थापित चार धामों की मान्यताओं को अस्तित्वहीन करते हुए श्रीबद्रीनाथ धाम, श्रीरामेश्वरम् धाम, श्रीद्वारिका धाम और श्रीजगन्नाथ धाम को हासिये के बाहर पहुंचाने का काम करते हुए उत्तराखण्ड सरकार ने श्रीयमुनोत्री यानी पवित्र यमुना नदी के उदगम, श्रीगंगोत्री यानी पवित्र गंगा नदी के उदगम, श्रीकेदारनाथ यानी ज्योतिर्लिंग तथा श्रीबद्रीनाथ धाम यानी एक धाम को चार धाम कहकर न केवल प्रचारित किया बल्कि सनातन की वैदिक व्यवस्था को ही विकृत करने की सरेआम कोशिश निरंतर की जा रही है। इस कोशिश में केन्द्र सरकार ने भी खुलकर साथ दिया। वास्तविक चारों धामों की मान्यतायें केवल श्रीबद्रीनाथ धाम सहित एक ज्योतिर्लिंग, दो पवित्र नदियों के उदगम तक सीमित करके भ्रम की स्थिति निर्मित कर दी गई। इसी तरह श्रीअमरनाथ, सप्त पुरियों, माता वैष्णव देवी सहित 51 शक्तिपीठों के अलावा अन्य सभी स्थानों पर मनमानी प्रबंधकारिणी संस्थायें स्थापित करके वहां की वैदिक परम्पराओं को विकृत करने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आस्था के केन्द्रों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के सरकारी प्रयासों को विकास के नये सोपान के रूप परिभाषित किया जा रहा है जबकि वास्तव में वहां की संस्कृति, संस्कार और संरचनायें पूरी तरह से अस्तित्वहीन होती जा रहीं हैं। विकास के नाम पर मनमानी परियोजनाओं को जबरन लागू करने से जहां एक ओर वैदिक



सनातनी शक्ति स्थलों की तपीय ऊर्जा समाप्त हो रही है वहीं पवित्र भूमि पर आधुनिक सुख-सुविधाओं का बाहुल्य होते ही निधेषात्मक कृत्यों की बाढ सी आ गई है। मांसाहार और शराब की कौन कहे, लिव एण्ड रिलेशनशिप जैसे मापदण्ड कानून के संरक्षण में खुलेआम फलफूल रहे हैं। साधना के स्थलों को पिकनिक स्पाट बनाया जा रहा है। वहीं सरकारी अमला कागजी घोडों की दौड में उपलब्धियों के नित नये कीर्तिमान गढने में लगा है और उन मनमाने आंकडों की दम पर स्वयं की पीठ थपथपाने वालों की संख्या में भी आश्चर्यजनक वृद्धि हो रही है। केवल उत्तराखण्ड को ही ले लें तो वहां पर होने वाली भूस्खलन की घटनाओं में निरंतर हो रहे इजाफे ने वहां के पहाडों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह अंकित करने शुरू कर दिये हैं। भारी भरकम निर्माण कार्यों की धमक ने जहां पर्वत श्रंखलाओं को अन्दर से हिल दिया है वहीं ड्रिल, खनन और विस्तारीकरण से उसकी आन्तरिक पकड कमजोर होती जा रही है। ऐसे में पहाडों को कृत्रिम मजबूती देने के नाम पर करोडों की धनराशि व्यय करके सीमेन्ट पोतने, जाली लगाने, नटबोल्ट कसने जैसे कार्य किये जा रहे हैं जबकि उत्तराखण्ड के पहाडों पर किये गये अनेक शोधों में वहां की पर्वत श्रंखलाओं के साथ छेडछाड करने की घटनाओं को घातक ही नहीं बल्कि आत्मघाती के रूप में निरूपित किया गया है। कैरीडोर के नाम पर पुरातन स्वरूप समाप्त होने लगा है, उन्मुक्त धवल धारा को कैद किया जा रहा है, मंत्रों से लेकर कर्मकाण्ड तक के पराविज्ञान के प्रयोगों हेतु निर्धारित स्थलों को सीमित किया जा रहा है, पुरोहित परम्परा को संकुचित करने की योजना सामने आ रही है। देश के ईमानदार करदाताओं की खून-पसीने की कमाई को आस्था के संरक्षण की आड में लालफीताशाही द्वारा स्वार्थ की वेदी पर निछावर किया जा रहा है। कार्यपालिका के द्वारा सनातन के विरोध में किये जा रहे मीठे जहर के प्रयोगों को विधायिका द्वारा आंख बंद करके स्वीकारने की स्थिति से उसकी मानसिक क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह अंकित हो रहे है। कुल मिलाकर यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि भव्यता के दिखावे तले दिव्यता का किस्तों में कत्ल किया जा रहा है। दूसरी ओर स्वयं की दुकान चलाने के लिए सनातन का ढिंढोरा पीटने वालों की भी कमी नहीं है। स्वयंभू ठेकेदारों द्वारा कभी कट्टरपंथियों का भय दिखाकर एकता का नारा बुलंद किया जाता है तो कभी जातिगत खाई को पाटने की मुहिम चलाई की घोषणा होती है। कभी भीड के साथ लम्बे रास्ते तय करके जन जागरण की अलख जगाने का ढिंढोरा पीटा जाता है तो तभी आम आवास की रोजमर्रा वाली जिंदगी में खलल डालते हुए अव्यवस्थायें फैलाई जाती हैं। बत्ती, हूटर और गार्ड्स का भौंकाल दिखाकर कानून तोडने वाले भीड की अगवाई और सरकार पर पकड का दिखावा करके स्वयं को एकमात्र धर्मरक्षक घोषित करने में लगे हैं। ऐसे लोगों के अनर्गल वक्तव्यों को पीआर एजेन्सीज़ की सहायता से चर्चा में लाया जाता है ताकि ठेकेदारों की लोकप्रियता को राष्ट्रीय परिधि से निकाल कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाई जा सके। ऐसे में आम आवाम के समक्ष राष्ट्रधर्म के साथ साथ स्वयं की आस्था को भी संरक्षित रखने की कडी चुनौती है जिसके लिए उसे स्वंय ही विश्लेषण, चिन्तन और समीक्षा के आइने में आत्मनिरीक्षण करना होगा तभी सनातन की निरंतरता स्थापित रह सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 29-09-2025 22:07 Page 1



# कल्पना सोरेन ने की मां दुर्गा की पूजा अर्चना

## यह त्योहार समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देता है : कल्पना मुर्मू सोरेन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने सप्तमी पूजा के दिन बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों एवं ऐतिहासिक दुर्गा मंदिरों में पहुंचकर मां की पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिरों में पहुँचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया और सभी श्रद्धालुओं तथा क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक ने सबसे पहले बेंगाबाद डकबंगला स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने बेंगाबाद दुर्गा मंदिर एवं खुरछुट्टा दुर्गा मंदिर सहित कई अन्य पूजा स्थलों का भ्रमण किया।



इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की और पूजा की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था, शक्ति और सामूहिकता का पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने माता रानी से पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ राज्य सभा सांसद डॉ सरफराज अहमद,गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष नुनु राम किस्कू, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सुधीर रजवार, देवेंद्र यादव,अब्दुल गनी उर्फ टिंकू,समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे पूजा पंडालों और मंदिरों में विधायक एवं अधिकारियों के पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह पूजा समितियों के सदस्यों ने विधायक को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया पूरे बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में सप्तमी पूजा को लेकर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। जगह-जगह पूजा पंडालों में आकर्षक सजावट और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

# 18 हजार पुस्तकों से बना मां का अनोखा पंडाल, उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति और रावण दहन समिति का इस बार का पंडाल श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पूजा-अर्चना के साथ-साथ भक्तों को ज्ञान का अनोखा खजाना भी देखने को मिल रहा है। समिति ने इस बार परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम पेश किया है। यह पंडाल किसी मंदिर से ज्यादा पुस्तक महल नजर आ रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के साथ-साथ यहां वेद, पुराण, इतिहास और आधुनिक विषयों से जुड़ी किताबें भी भक्तों का ध्यान खींच रही हैं। करीब 18 हजार किताबों से सजा यह पंडाल भक्तों को भक्ति और ज्ञान दोनों का संदेश दे रहा है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज साहू का कहना है कि आज के समय में युवा मोबाइल और लैपटॉप में खोते जा रहे हैं। किताबों से दूरी बनती जा रही है। इस पंडाल के जरिए हम यही संदेश देना




चाहते हैं कि असली ज्ञान किताबों में ही है। समिति की इस अनोखी पहल का असर साफ दिख रहा है।
पंडाल में पहुंचे युवा और बच्चे किताबों के प्रति उत्साह दिखा रहे हैं। समाज और संतान से जुड़ी तमाम पुस्तकें यहां उपलब्ध हैं, जो हर वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रही हैं। तो रांची का यह दुर्गा पूजा पंडाल केवल आस्था का ही नहीं, बल्कि ज्ञान का भी संदेश दे रहा है। श्रद्धालु जहां मां दुर्गा से आशीर्वाद ले रहे हैं, वहीं किताबों के इस अनोखे संसार से भी जुड़ रहे हैं।

# झामुमो विधायक पर चुनाव में फर्जी पहचान पत्र इस्तेमाल का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के झामुमो विधायक दशरथ गगराई पर चुनाव में फर्जी पहचान पत्र इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। औपचारिक शिकायत के बाद झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रविकुमार ने सरायकेला-खरसावां के पुलिस उपायुक्त को शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लालजी राम तियु नामक व्यक्ति ने तीन बार खरसावां से विधायक रहे गगराई की पहचान पर सवाल उठाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, 'मैंने शिकायतकर्ता के हलफनामे के साथ शिकायत को सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह को जांच के लिए भेज दिया है।' मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव समाप्त होने और परिणाम घोषित होने के बाद विधायकों से जुड़े विवादों का निपटारा राज्यपाल को करना होता है और सांसदों से जुड़े विवादों का निपटारा राष्ट्रपति करते हैं। विधायक ने आरोप को खारिज करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को सत्ता में बैठे लोगों पर ऐसे आरोप लगाने की आदत है।आरोपों पर झामुमो विधायक दशरथ गगराई का कहना है कि, 'मैंने जो हलफनामे और दस्तावेज जमा किए उनकी विधानसभा चुनावों में तीन बार जांच की गई। आरोप निराधार हैं। दरअसल, नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी शिकायतकर्ता अब जमानत पर बाहर हैं और सत्ता में बैठे लोगों पर ऐसे आरोप लगाने की उनकी आदत है।' शिकायतकर्ता ने 28 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें वर्तमान विधायक की पहचान पर सवाल उठाया गया था। शिकायतकर्ता जो खुद को पूर्व सैनिक बताते हैं, ने आरोप लगाया कि मौजूदा विधायक दशरथ गगराई असल में रामकृष्ण गगराई हैं, जो असली दशरथ गगराई के बड़े भाई हैं। दिए गए हलफनामे में ने दावों के पक्ष में दस्तावेजों और आधिकारिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए जांच की मांग की।

# खरगडीहा में वैष्णवी पद्धति से पूजा का है विधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड अंतर्गत खरगडीहा गांव में भी नवरात्रि,दुर्गा पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है ! मुख्य आचार्य के तौर पर यहां रविंद्र पाठक, पुजारी आनंद कुमार प्रारंभ से लेकर अंतिम दिनों तक पूरी श्रद्धा के साथ सेवा देते हैं। सालाना पुजारी के तौर पर गुड्डू मिश्रा उपस्थित रहते हैं । यहां की पूजा पद्धति की अलग विशेषता है। यहां किसी भी प्रकार की कोई बली नहीं दी जाती है। यहां पूरी तरह से वैष्णवी पद्धति से पूजा का विधान है ! कलश स्थापन पहले दिन नवरात्रि पूजा से लेकर विजयदशमी तक दस दिनों तक यहां पूजा अर्चना एवं रात्रि में प्रवचन की जाती है। ऐसे भी खरगडीहा का ऐतिहासिक दृष्टि से अलग ही महत्व है क्योंकि यह गांव पूर्व में परगना भी हुआ करता था, पूर्व काल में लोग



बैलगाड़ी से चलकर यहां दुर्गा पूजा एवं मेला देखने के लिए पहुंचते थे। 59 वर्षों से की जा रही है यहां पूजा अर्चना - यहां के दुर्गा मंदिर की स्थापना 1966 ईस्वी में हुई थी और तब से आज तक वैष्णवी पद्धति से ही पूजा की जाती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम - यहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बात करें तो अष्टमी, नवमी एवं विजयादशमी तीनों दिन अन्य प्रकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं। खरगडीहा के अलावा कई गांव के लोग भी पहुंचते हैं, स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति के सदस्य पूरी तरह से तत्पर रहती है। कुल मिलाकर 22 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक दुर्गा मंदिर में पूरी तरह से मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। यहां मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पूर्व से ही विजयादशमी के दूसरे दिन किया जाता है।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति एवं सदस्य- इस मंदिर की देखरेख हेतु सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति भी है,जिनमें अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद साहू, सचिव रविंद्र साव, कोषाध्यक्ष सुंदर राम भदानी, उपाध्यक्ष रविकांत भदानी, मिडिया प्रभारी अनूप राम, आशीष भदानी, उप सचिव अनूप कुमार साहू, उप कोषाध्यक्ष दयानंद प्रसाद साहू, संतोष कुमार, सुमित कुमार (किट्टू), सूरज साव(पिंटू), रंजीत कुमार साव, मनीष कुमार साव, अशोक भदानी, राहुल साव, मनीष भदानी, नंदकिशोर साहू, पप्पू साहू, रामेश्वर ठाकुर, जय प्रकाश साव, बालगोविंद साव, रूपेश साव, रॉकी साव, श्याम कुमार साव, आशीष सुमन, शुभम गुप्ता, टिंकू भदानी, पिंटू साव, प्रदीप साव, राजीव साव, राजेंद्र साव, राहुल कुमार, रूपेश साव उर्फ बबलू आदि सदस्यों का इस नवरात्रि के कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग रहेगा।

# बाल विवाह रोकथाम हेतु धार्मिक स्थलों में लगे होर्डिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** देश भर के चार सौ से अधिक संगठनों के साझा मंच जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह द्वारा झारखण्ड के गिरिडीह जामतारा और कोडरमा जिले के सौ से अधिक धार्मिक स्थलों में बैनर चस्पा कर धर्म गुरुओं को सावधान किया गया। धर्म गुरुओं से यह व्यक्तिगत संकल्प लेने का आह्वान किया गया कि वे कभी भी किसी बच्चे का विवाह सम्पन्न न कराएं। बच्चे के विवाह कराने की जानकारी मिलने पर बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को सूचित किया जायेगा और प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। बाल विवाह मुक्त भारत से जुड़े बाल अधिकार कार्यकर्ता सुरेश कुमार शक्ति ने कहा कि भारत में धर्म गुरुओं ने बाल विवाह की रोकथाम में अहम भूमिका निभाई है।

बताया गया कि यदि दुनिया के सभी धर्म गुरु एक जुट होकर कदम उठायें तो वे उस संकल्प को पूरा करने में जिसमें 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने में एक अहम किरदार सावित हो सकते हैं विवाह तभी होना चाहिए जब दोनों पक्ष परिपक्व हों और जिम्मेदारी के साथ यह दाम्पत्य जीवन में उतरें।

श्री शक्ति ने कहा कि कानूनी सहमति की उम्र से भी कम आयु में विवाह सीधे -सीधे बाल यौन शोषण और बलात्कार ही नहीं बार - बार बलात्कार के श्रेणी में आता है। अतः जब कभी बाल विवाह के मामले आते हैं तो पक्षकारों पर पोक्सो की भी सुसंगत धराओं में मुकदमा पंजीकृत होता है।

# लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा घोषित 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा सप्ताह के निमित आज वोकल फॉर लोकल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशी पद्धति से संचालित कुटीर उद्योगों के उत्पादन का उपयोग करने को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिलामहामंत्री सुभाष सिंह के नेतृत्व में सह संयोजक जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा एवं जिला अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश दास के सहित जिला महामंत्री संदीप डांगाइच,नगर महामंत्री सिंकू सिन्हा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह,जिलाकार्यसमिति सदस्य सह सासंद प्रतिनिधि सुरेश मंडल,संजीत कुमार पप्पू,वरिष्ठ भाजपा नेता संत कुमार लल्लू,पंचानंद वर्मा,वीरेंद्र वर्मा,राम बाबू साव,बबली साहू,सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



इस अवसर पर बरमसिया स्थित कुम्हार टोली पहुंच कर कुम्हारों एवं एस पी कोठी के पास बांस से निर्मित समान के निर्मित कार्यपद्धति को देखा और उसके उत्पादित समानों का क्रय किया। जिससे कि लोग भी स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक ने सुभाष चंद्र सिन्हा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प को पूरा करने में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का बहुत ही बड़ा योगदान रहने वाला है।

आज भारत दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है जिसमें वोकल फॉर लोकल का अभूतपूर्व योगदान रहा है,और जिस तरह से देश का जीडीपी ग्रोथ बढ़ रहा है उसमें हम बहुत जल्द है विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में शामिल होने के कगार पर खड़े है।हम सभी देशवासी अब अपनी जरूरत की अधिक से अधिक समानों का उपयोग स्वदेश निर्मित वस्तुओं का उपयोग करे,जिससे कि आयात का बोझ देश पर कम पड़े,और स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का अधिक निर्माण होने से स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा,और लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।इसलिए आइए आज से हम संकल्प ले कि हम जितना अधिक से अधिक हो सके स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करे।

## जल्द कराये जायेंगे निकाय चुनाव : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहरी विकास, आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्पष्ट किया है कि राज्य में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं सहित सभी शहरी निकायों के चुनाव जल्द कराए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है सरकार को ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और विभाग उसके अध्ययन में जुटा है। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द ही मुख्यमंत्री और अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक कर अंतिम निर्णय लेगा। चुनाव की संभावित तिथि दिसंबर 2025 के अंत तक या जनवरी 2026 की शुरूआत में तय की जा सकती है। मंत्री सोनू ने यह भी स्पष्ट किया कि इन चुनावों में पिछड़ी जातियों के आरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, ताकि सभी वर्गों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके मंत्री ने जनता से अपील की कि वे चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# भगवान भरोसे मधुपुर की ट्रैफिक व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधुपुर।** दुर्गा पूजा के उत्सवी माहौल में बाजार में भीड़ बढ़ गई है। सोमवार को मधुपुर में ट्रैफिक व्यवस्था अचानक शहर में बिगड़ गई। करण था कि कई मालवाहक वाहन बाजार में प्रवेश कर गया।

भगत सिंह चौक, रामचंद्र हटिया बाजार, डालमिया चौक, पटेल रोड में लगे जाम में दर्जनों छोटे बड़े वाहन फंस गए। इस कारण नवरात्रि की पूजा करने आए और बाजार में खरीदारी करने आए श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लोगों का कहना है कि प्रशासन ने नवरात्रि पूजा को देखते हुए 10 दिन पूर्व से ही यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। लेकिन बड़े-बड़े वाहनों का वन वे और ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं करने पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई । ऐसे में प्रशासन की व्यवस्था के ऊपर सवालिया निशान खड़ा हो गया।

लोग कहने लगे हैं मधुपुर में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है। स्थाई रूप से ट्रैफिक व्यवस्था नहीं किए जाने से आए दिन शहर में जाम लगने से लोग परेशान हैं। शहर में जब जाम लगता है तो ट्रैफिक व्यवस्था ग्रामीण पुलिस यानी कि आम शब्द में कहें तो चौकीदार को खड़ा कर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि जिन्हें ट्रैफिक नियमों को खुद ज्ञान नहीं है, जिन्हें किसी प्रकार का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है।

वैसे चौकीदारों को हाथ में डंडा और मुंह में सीटी देकर चौक पर खड़ा कर वाहनों को आने जाने का रूट बताने की जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में शहर की यातायात




व्यवस्था और चरमरा जाती है।

सड़क पर वाहनों का लंबा कतार लग जाता है। यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर कई बार स्थानीय चेंबर आफ कॉमर्स समेत कई संस्थान के लोग शांति समिति की बैठक में चर्चा की है।

स्थायी रूप से शहर में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की गई है। मगर आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम प्रशासन के द्वारा नहीं उठाया गया, जिसका खामियाजा यहां के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

शहर में समय के साथ वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। नगर परिषद का क्षेत्र में जनसंख्या काफी बढ़ गया है। पर्व त्योहार में दो-चार दिन के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाती है।

वन वे रूट का अनुपालन कराया जाता है। इसके बाद शहर को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। वहीं सड़क जाम करने वाले लोग भी हम नहीं सुधरेंगे की तर्ज पर काम करते हैं। शहर में अतिक्रमणकारियों का राज कायम है। ऐसे में कभी-कभी तो जाम से घंटो शहर की रफ्तार थम जाती है। स्थानीय लोगों ने यहां स्थायी ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति की मांग की है।

# पूजा पंडाल के आसपास नहीं बिकेंगे तंबाकू उत्पाद

## प्रशासन के साथ पूजा कमिटी भी रखेगी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न पूजा पंडाल के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद बेचने पर पाबंदी होगी। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के प्रमुख पूजा पंडाल के पास इससे संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही बैनर और पोस्टर भी जागरूकता के लिए लगाए जा रहे हैं।

सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि धनबाद में कोटपा अधिनियम लागू है। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम को प्रभावित तरीके से लागू करने को लेकर कार्रवाई की जा रही है।सिविल सर्जन ने बताया कि किसी भी प्रकार के सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू और उससे जुड़े उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू सेवन पर भी पाबंदी है। उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान जैसे स्कूल, कालेज, कोचिंग आदि जगहों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद नहीं बेचना है। यह दुर्गा पूजा के अवसर पर भी लागू है। शहर के स्टील गेट, महिला कॉलेज पूजा पंडाल, पुराना बाजार, भूली समेत अन्य प्रमुख पूजा पंडाल के पास बैनर लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के साथ ही यहां पर पूजा कमेटी के लोग भी इस पर निगरानी रखेंगे। तंबाकू बेचना और इसका सेवन करना दोनों पर पाबंदी रहेगी। इसके लिए जिला स्तर और प्रखंड स्तर पर भी पहले ही उड़नदस्ता भी बनाया गया है, जो कहीं भी जाकर छापेमारी कर पाएंगे।

## फंदे से लटकी मिली सहायक मैनेजर की लाश

**कोडरमा।** जिला के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेश नगर वार्ड संख्या-1 में रविवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भुवनेश्वर (ओडिशा) निवासी 34 वर्षीय विश्व रंजन दास (पिता विष्णु रंजन दास) के रूप में हुई है। वह कोडरमा के तिलैया डैम में निमार्णाधीन फ्लोटिंग सोलर प्लांट के तहत सोलर पैनल स्थापित करने वाली स्टारलिंक एंड विल्सन कंपनी में बतौर सहायक प्रबंधक कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार शाम रोजाना की तरह विश्व रंजन दास अपने किराए के मकान नरेश नगर पहुंचा। रात का खाना खाने के बाद उसने कंपनी के कुछ कर्मियों से बातचीत की और सोने चला गया।

# झारखण्ड में निर्मित मछली का पापड़ और आचार रहा आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** देश की राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में रविवार को उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश अपने खनिज उत्पादों, आदिवासी संस्कृति के साथ बड़े भाग में फैले वनों के लिए जाना जाता है। झारखंड में प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 78 हजार किलोमीटर क्षेत्र वन क्षेत्र है। यहां के वन विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे एवं अपने अनेक वनोत्पाद के लिए प्रसिद्ध है।

एक्सपो में आने वाली लोगों ने झारखंड पवेलियन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर इसकी विस्तृत जानकारी ली।

विभाग के डीएफओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि झारखंड में 136 माइनर फूड प्रोड्यूस करने वाले वनों की



श्रृंखला है। जिसमें शाल, महुआ, इमली, कुसुम, जामुन, पलाश, कटहल आदि के पेड़ बहुतायत में पाए जाते है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग ऐसे स्थानों पर वन समितियों का सृजन कर के उनको लोगो को आवश्यक प्रशिक्षण, मशीन, मार्केट लिंक देकर लाह, सिल्क, शहद, चिरौंजी, काजू आदि वस्तुओं का उत्पादन भी करती है। साथ ही झारखंड का सिल्क, शहद, चिरौंजी आदि ना सिर्फ देश में अपितु विदेशों तक निर्यात होता है।

पवेलियन में ही कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के स्टाल की जानकारी देते हुए मुकेश द्विवेदी ने बताया कि झारखंड प्रदेश अपने यहां सभी अनाजों की अपेक्षा चावल का उत्पादन ज्यादा करता है। वहीं, वर्तमान में सरकार ऑर्गेनिक सब्जियों के उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है। जिसके तहत सरकार ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन, एक्सपोजर आदि पर काम कर रही है। पवेलियन के प्रमुख आकर्षण में मछली का अचार और पापड़ है। जो लोगों को बहुत पसंद और अनोखा लग रहा है। फिशरीज विभाग के प्रशांत कुमार दीपक के अनुसार अभी झारखंड प्रतिवर्ष 3.60 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कर रहा है। जिसके उपादान में सरकार डैम या खत्म हो चुके खदानों में केज बना कर लोगों को ट्रेनिंग मुहैया करवाकर फार्मिंग करवा रही है। झारखंड में रोहू, कटला, तिलोपिया, पंजेसिप्स आदि मछली पाई जाती है। जिनकी बिक्री स्थानीय बाजारों के साथ साथ आस पास के प्रदेशों में होता है।

# इनर व्हील क्लब ने कराया यात्री शेड का निर्माण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह द्वारा ओम्कारेश्वर शिव मंदिर के समीप एक यात्री शेड का निर्माण कराया गया। ज्ञात हो कि बहुत ही कम समय में एक और सराहनीय कार्य किया गया। गौर तलब है कि यहाँ पर बहुत सारे कोचिंग संस्थान भी है तथा यह रास्ता मेट्रोस गली से होते हुए छठ पूजा घाट की ओर भी जाता है तथा अरगाघाट को गवारटोली से जोड़ता है। इसके साथ ही साथ बहुत सारे लोग यहाँ मॉर्निंग वाक के लिए भी आते है। वंही मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओ, तथा यहाँ से आने जाने वाले लोगों एवं विद्यार्थियों के लिए विश्राम करने की सुविधा हेतु इस शेड का लोकार्पण क्लब की जिला अध्यक्षा रश्मि गुप्ता द्वारा पूर्व अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील सम्पादिका /पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रभा रघुनन्दन, क्लब अध्यक्षा हेमा दत्ता एवं अन्य सदस्याओ की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर बताया गया कि इस शेड के बनने से आस पास के लोगों हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में इनर व्हील का प्रतीक चिन्ह छपे हुए कपड़े के थैलों और मिठाई का वितरण भी किया गया।

CMYK

# निवेश का मौका: चांदी में सोने जैसी कमाई

## 20 वर्षों में 922 फीसदी रिटर्न दिया, पर अस्थिरता के कारण जोखिम भी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी अब सिर्फ आभूषण या पारंपरिक भंडार नहीं रह गई है, बल्कि यह उच्च रिटर्न वाली निवेश विकल्प बन चुकी है। हाजिर बाजार में चांदी के भाव 1.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गए हैं। एमसीएक्स पर इस साल चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए अब तक करीब 57 फीसदी रिटर्न दिया है। फेडरल रिजर्व की संभावित दर कटौती, औद्योगिक मांग और ईटीएफ निवेश बढ़ने से चांदी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। गोल्ड-सिल्वर अनुपात अभी 86 पर है, जो संकेत दे रहा है कि चांदी अब भी सस्ती है। आने वाले दिनों में यह निवेशकों को अच्छी कमाई करा सकती है। हालांकि, अस्थिरता के कारण यह उच्च जोखिम वाला निवेश है।

### निवेश का मौका...पर जोखिम भी

भौतिक उपलब्धता में कमी ने चांदी की कीमतों को हवा दी है। भारतीय बाजार में भी वैश्विक तेजी की झलक है। चांदी ईटीएफ में निवेश बढ़ रहा है।भौतिक मांग बढ़ रही है। हालांकि, सोने की तुलना में चांदी 2-3 गुना अधिक अस्थिर है। इसलिए, निवेश के लिए 2-3 साल के मध्यम से लंबी अवधि का नजरिया होना चाहिए। मौजूदा माहौल में चांदी में निवेश के लिए अच्छा मौका मिल रहा है।

### भविष्य...छू सकती है दो लाख तक का स्तर

दरअसल, सोना-चांदी अनुपात निवेशकों को चांदी की मजबूती का संकेत देता है।ऐतिहासिक रूप से यह 30-90 के बीच रहा है।इसका औसत 65-70 के दायरे में रहा है।साल 2025 में यह 107 के स्तर तक गया था।अब यह फिर से कम होकर 85-86 पर आ गया है।दरअसल, औद्योगिक मांग, कईदेशों में आपूर्ति घाटा एवं ईटीएफ निवेश चांदी को और मजबूती प्रदान करते हैं।आने वाले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 70 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर को छू सकती है।इससे घरेलू बाजार में भी चांदी की कीमतें उसी अनुरूप बढ़ेंगी और भाव दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक जा सकते हैं।

### निवेश के विकल्प और रणनीति

कुछ साल पहले तक भारत में चांदी गहने, सिक्के और बर्तन के रूप में खरीदी जाती थी। अब चांदी में निवेश के लिए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लोकप्रिय विकल्प हैं। ये ईटीएफ एनएसई और बीएसई पर ट्रेड होते हैं। इसमें तरलता, पारदर्शी कीमत और स्टोरेज की कोई चिंता नहीं रहती। चांदी से जुड़े म्यूचुअल फंड भी अच्छे विकल्प हैं। कमोडिटी फंड, खनन कंपनियों के शेयर और एमसीएक्स फ्यूचर्स-ऑप्शन्स भी विकल्प हैं। अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए इसमें 15 से 20 फीसदी हिस्सा चांदी के रूप में शामिल कर सकते हैं। एसआईपी के जरिये निवेश बेहतर रहेगा। चांदी में उच्च रिटर्न की संभावना रहती है, लेकिन यह अस्थिर भी है। चांदी अब सिर्फ पारंपरिक धातु नहीं, बल्कि उच्च रिटर्न वाला निवेश विकल्प बन चुकी है। सही रणनीति और समय के साथ निवेश पर यह सोना बन सकती है।

### चांदी की तेजी के प्रमुख कारण

फेडरल रिजर्व की संभावित दर कटौती से चांदी की मांग बढ़ी है।पांच वर्षों से चांदी की वैश्विक मांग की तुलना में आपूर्ति कम है, जिससे कीमतों पर दबाव बढ़ा है।सोलर पैनल, ई-वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में बढ़ती खपत ने आपूर्ति की कमी को और गहरा कर दिया है।दूसरी ओर, डॉलर की कमजोरी और तनावों ने चांदी को निवेशकों के लिए सुरक्षित ठिकाना बना दिया है।रूस और सऊदी अरब के केंद्रीय बैंकों ने भी खरीद बढ़ाई है।

**प्रदर्शन...**

### 20 साल में 922 फीसदी फायदा

चांदी ने 20 वर्षों में 922 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो शेयर बाजार से काफी बेहतर है।इसका प्रदर्शन चक्रीय रहा है।इस अवधि में चांदी में बड़ा उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला।

2010 में चांदी ने 72 फीसदी और 2020 में 44 फीसदी का रिटर्न दिया।2013-14 में 24 फीसदी से अधिक गिरावट रही।2025 में चांदी ने फिर 57 प्रतिशत रिटर्न के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन दिखाया है।

# गाड़ी, पैक्ड फूड, दवा... जीएसटी कटौती का सबसे ज्यादा फायदा किसमें मिल रहा? सर्वे में हुआ खुलासा

## 400 आइटम्स पर टैक्स कम हो गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने हाल में जीएसटी की दरों में भारी बदलाव किया है। इससे करीब 400 आइटम्स पर टैक्स कम हो गया है। नए रेट्स 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो गए। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, पैक्ड फूड और दवाइयों पर जीएसटी घटने का फायदा सिर्फ 10 में से 3 से भी कम ग्राहकों तक पहुंचा। वहीं, गाड़ी खरीदने वालों में 10 में से 9 लोगों को इसका फायदा मिला। इलेक्ट्रॉनिक सामान या अन्य बड़े घरेलू उपकरण खरीदने वालो में 10 में से 6 लोगों ने कहा कि उन्हें जीएसटीरेट कट का लाभ मिला। लोकल सर्कल्स के सर्वे में सामने आई बात है जिसमें 78 हजार लोगों ने हिस्सा लिया।




क्या जीएसटी 2.0 के बाद पैक्ड फूड के लिए आपको कम कीमत चुकानी पड़ी? सर्वे में शामिल 10 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने पूरा फायदा मिला है। वहीं 21 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें थोड़ा फायदा मिला। सर्वे में शामिल 47 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हों कोई फायदा नहीं मिला जबकि 21 प्रतिशत ने इस पर कुछ नहीं कहा। लोगों से जब पूछा गया कि नए जीएसटी रेट से क्या गाड़ियों की खरीद सस्ती पड़ी, इस पर 76 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें जीएसटीरेट कट का पूरा फायदा मिला। 24 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें थोड़ा ही फायदा मिला।

सर्वे में शामिल लोगों से जब पूछा गया कि वाइट गुड्स या इलेक्ट्रॉनिक चीजों की खरीद पर जीएसटी रेट कट का लाभ मिला, तो 33 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें थोड़ा फायदा ही मिला। 34 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें जीएसटी कटौती का पूरा फायदा मिला। इसी तरह 33 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें नए रेट का बिल्कुल भी फायदा नहीं मिला।

### दवाओं पर कितना फायदा

टैक्स कम होने के बाद क्या आपने दवाइयों की खरीदारी पर कम कीमत चुकाई? इस पर 10 प्रतिशत लोगों का कहना था कि उन्हें पूरा लाभ मिला। सर्वे में शामिल 24 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें जीएसटी कटौती का थोड़ा फायदा मिला। 62 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उन्हें कटौती का कोई फायदा नहीं मिला जबकि 4 प्रतिशत ने इस पर कुछ नहीं कहा।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र: 1.02 लाख करोड़ का निवेश करेंगी 26 कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश और विदेश की 26 कंपनियों ने घरेलू खाद्य प्रसंस्कण क्षेत्र में 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए समझौता किया है।खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से 25 से 28 सितंबर तक आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान ये समझौते हुए। मंत्रालय ने रविवार को कहा, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 शिखर सम्मेलन अभूतपूर्व पैमाने पर निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ संपन्न हुआ।कंपनियों ने कुल 1,02,046.89 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।यह भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सबसे बड़ी निवेश घोषणाओं में से एक है।रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने देशभर में एकीकृत खाद्य विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए 40,000 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किया है।वहीं, कोका-कोला बोतल बनाने वाली तीन कंपनियां 25,760 करोड़ का निवेश करेंगी।मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, 1.02 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों से देश में 10 लाख से अधिक लोगों को काम मिलने की उम्मीद है।इनमें से 64,000 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। सरकार के साथ समझौतों के तहत 26 देसी और विदेशी कंपनियां देश के विभिन्न राज्यों में निवेश करेंगी।इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कई राज्य शामिल हैं।

### टाटा सन्स पर मार्केट में लिस्ट होने का आरबीआई का दबाव, खत्म हो रही डेडलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े बिजनेस समूह टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स भारतीय रिजर्व बैंक ने सार्वजनिक रूप से शेयर बाजार में लिस्ट होने का दबाव बनाया है।30 सितंबर, 2025 की आखिरी डेडलाइ नजदीक आने के साथ ही, यह मामला बहुत चर्चा में है।टाटा ग्रुप इस लिस्टिंग के खिलाफ है और चाहता है कि कंपनी निजी ही बनी रहे।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने टाटा सन्स को एक ऊपरी स्तर की नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया है।इस वर्गीकरण के नियमों के अनुसार, कंपनी को इसकी सूची में आने के तीन साल के भीतर खुद को सार्वजनिक रूप से लिस्ट करना अनिवार्य है। 30 सितंबर, 2025 की डेडलाइन इसी नियम का हिस्सा है।टाटा सन्स इस लिस्टिंग को लेकर तैयार नहीं है।कंपनी का तर्क है कि अभी उसकी संरचना लिस्टिंग के लिए उपयुक्त नहीं है।साथ ही, सेमीकंडक्टर और एविएशन जैसे उसके नए और पूंजी-गहन व्यवसायों पर ध्यान देने की जरूरत है।एक सार्वजनिक कंपनी बनने से उसकी कार्य करने की स्वतंत्रता और लचीलापन प्रभावित हो सकता है।लिस्टिंग से बचने के लिए, टाटा सन्स ने मार्च 2024 में आरबीआई से अपना एनबीएफसी रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए आवेदन किया है।


# फिजूलखर्च में भारतीय अन्य देशों से आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** त्योहारों में खरीदारी के नाम पर भारतीय फिजूलखर्ची में सबसे आगे हैं। इसमें भी जेन-जी दूसरी पीढ़ियों के मुकाबले ज्यादा फिजूलखर्ची करती है। यह पीढ़ी उधार लेकर खरीदारी करने में भी पीछे नहीं हटती। एक अमेरिकी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अमेरिकी परामर्श कंपनी मैकिन्से की रिपोर्ट के मुताबिक, जेन-जी अन्य पीढ़ियों के मुकाबले ज्यादा फिजूलखर्ची करती है। ये युवा पैसा नहीं होने पर 'अभी खरीदें-बाद में भुगतान करें' सेवाओं का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। जेन-जी में दूसरी पीढ़ियों के मुकाबले उधार पर खरीदारी करना 13 प्रतिशत अधिक है।

इस पीढ़ी के खरीदार सबसे ज्यादा ब्रांड को तरजीह देते हैं। जेनरेशन जी के 34 फीसदी लोगों ने कपड़ों और 29 प्रतिशत ने सौंदर्य प्रसाधनों पर खर्च किया है। यह उपभोक्ता ई-कॉमर्स से खरीदारी को तरजीह देते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के उपभोक्ता सोचकर खरीदारी करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के करीब 60 प्रतिशत उपभोक्ता मानते हैं कि वे महंगाई को लेकर चिंतित हैं, उनमें से 16 फीसदी ही फिजूलखर्ची करते हैं। चीन में 43 प्रतिशत उपभोक्ता महंगाई को लेकर चिंता जताते हैं, पर उनमें से 27 फीसदी फिजूलखर्ची के लिए तैयार रहते हैं। वहीं, 16 प्रतिशत खरीदारी करने में एहतियात बरतते हैं। यूएई में महंगाई से चिंतित 44 में से 30 फीसदी फिजूलखर्ची करते हैं। सर्वेक्षण में सामने आया कि भारत में 40 फीसदी लोग महंगाई को लेकर चिंतित हैं। पर 31 प्रतिशत उपभोक्ता फिजूलखर्ची की योजना तैयार रखते हैं। सिर्फ नौ फीसदी उपभोक्ता ही फिजूलखर्ची से बचने की कोशिश करते हैं।




**अच्छी जिंदगी मकसद:** उपभोक्ता मामलों की जानकार शीतल कपूर कहतीं हैं कि युवा पीढ़ी पैसा जोड़ने के बजाय खर्च करने में ज्यादा यकीन करती है। वे अच्छी जिंदगी जीना चाहते हैं, इसलिए वे लाइफस्टाइल को लेकर फिजूलखर्ची में पीछे नहीं हटते हैं। जेन-जी उस पीढ़ी को कहा जाता है, जो लगभग 1997 से 2012/2015 के बीच पैदा हुई है। यानी आज के समय में इनकी उम्र लगभग 10 से 28 साल के बीच मानी जाती है। ये डिजिटल युग में पैदा हुए हैं, इसलिए इन्हें डिजिटल नैटिव्स भी कहा जाता है।

### भारी बिकवाली के बीच 8.48 तक गिर सकता है पीसी ज्वैलर का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीसी ज्वैलर के शेयरों में बीते शुक्रवार के कारोबार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली।स्टॉक 9.59 प्रतिशत टूटकर 12.16 तक फिसल गया था, जबकि अंतिम रूप से यह 8.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12.29 पर ट्रेड करता दिखा।मौजूदा स्तर पर यह शेयर साल की शुरुआत से अब तक 24.23 प्रतिशत नीचे आ चुका है।कंपनी ने पिछले हफ्ते बोर्ड मीटिंग में 18,05,55,555 इक्विटी शेयर और 9,72,22,222 पूरी तरह कन्वर्टिबल वारंट्स जारी करने की मंजूरी दी थी।मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम गर्ग को ये वारंट अलॉट किए गए, जिनकी कीमत 18 प्रति वारंट तय की गई।प्रत्येक वारंट पर 25 प्रतिशत यानी 4.50 अग्रिम भुगतान करना होगा और शेष राशि 18 महीनों के भीतर चुकानी होगी।हर वारंट एक इक्विटी शेयर में बदला जा सकता है और तब तक धारक को बोनस या राइट्स इश्यू जैसे कॉर्पोरेट बेनिफिट्स मिलते रहेंगे।इसी के साथ कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड , जो कि एक नॉन-प्रमोटर एंटिटी है, को 18.05 करोड़ इक्विटी शेयर 18 प्रति शेयर की दर से अलॉट किए गए, जिससे कंपनी ने 325 करोड़ जुटाए।इस आवंटन के बाद कंपनी की पेड-अप इक्विटी कैपिटल 706.81 करोड़ शेयरों से बढ़कर 724.86 करोड़ शेयर हो गई।पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़कर 62.40 प्रतिशत हो गई, जबकि प्रमोटर की हिस्सेदारी 37.60 प्रतिशत पर स्थिर रही।

# भारतीय परिवारों की संपत्ति आठ वर्षों में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ी

## 2024 में 14.5 फीसदी की दर से इजाफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय परिवारों की संपत्ति 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। इसमें बीते आठ वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। आलियांज ग्लोबल की हालिया जारी वैश्विक रिपोर्ट-2025 में बताया गया कि 2024 में भारतीय परिवारों की संपत्ति 14.5 फीसदी की दर से बढ़ी है। यह देश में तेजी से बढ़ती मध्य वर्ग की क्षमता को दिखाता है।

करीब 60 देशों को कवर करने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो दशकों में भारत की वास्तविक प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी है। यह किसी भी अन्य उभरती अर्थव्यवस्था के मुकाबले सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पिछले साल प्रतिभूतियों में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो 28.7 फीसदी थी। बीमा और पेंशन में 19.7 फीसदी की वृद्धि हुई है। बैंक जमा में 8.7 फीसदी की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय परिवारों के पोर्टफोलियो का 54 फीसदी हिस्सा बैंक जमाओं से आता है। ऐसे में इसमें वृद्धि बढ़ती बचत को दिखाती है। वास्तविक रूप से महंगाई के बाद वित्तीय संपत्तियों में 9.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। इससे खरीदने की शक्ति कोरोना महामारी के पूर्व स्तर से 40 फीसदी ऊपर पहुंच गई है। यह पश्चिमी यूरोप से बिल्कुल अलग है, जहां खरीद क्षमता 2019 से 2.4 फीसदी कम बनी हुई है। 2024 में प्रति भारतीय शुद्ध वित्तीय संपत्तियां 2,818 डॉलर थीं, जो वर्ष 2023 की तुलना में 15.6 फीसदी अधिक है।

### देनदारी 12.1 फीसदी की दर से बढ़ी

आठ वर्षों में देनदारी बढ़ने की दर 12.1 फीसदी रही।इससे परिवारों पर कर्ज देश की जीडीपी का 41 फीसदी रहा। 2024 में अमेरिका के वैश्विक वित्तीय संपत्तियों की वृद्धि का आधा हिस्सा हासिल किया। पिछले दशक में अमेरिकी परिवारों ने दुनियाभर में 47 फीसदी संपत्ति बढ़ाई है।चीन में यह 20 फीसदी और पश्चिमी यूरोप में 12 फीसदी पर रही है। उभरते बाजारों में दो दशकों में ऋण अनुपात में तेज वृद्धि हुई है। सूची में सबसे ऊपर चीन है।


# नो-कॉस्ट ईएमआई पर कर रहे खरीदारी तो छिपी लागतों का रखें ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बार का त्योहारी सीजन खरीदारी के लिहाज से खास है, क्योंकि जीएसटी दरों में कटौती से उत्पादों के दाम घट गए हैं। इसके अलावा, खुदरा विक्रेता, कंपनियां और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म रेफ्रिजरेटर, टीवी, कार और एसी तक हर चीज पर ऑफर दे रहे हैं। ऐसा ही एक ऑफर है नो-कॉस्ट ईएमआई, जो लोकप्रिय है। ऐसा प्रचारित है कि इस पर कोई ब्याज नहीं लगता है। पहली नजर में यह सरल और सुविधाजनक लगता है। फिर भी, ध्यान से देखें तो नो-कॉस्ट ईएमआई में कई लागतें छिपी होती हैं। अगर आप भी त्योहारी सीजन में खरीदारी के लिएयह विकल्प चुनते हैं, तो लागतों पर जरूर ध्यान दें। नो-कॉस्ट ईएमआई ब्याज मुक्त नहीं होता, बल्कि आमतौर पर विक्रेता या निर्माता कंपनियां उत्पाद की कीमतों में बदलाव कर खुद उसका वहन करती हैं। उदाहरण के लिए...12 फीसदी ब्याज पर अगर आप 30,000 रुपये का कोई उपकरण 12 महीने की ईएमआई पर खरीदते हैं, तो उसकी कुल लागत 33,600 रुपये होगी। नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प चुनने पर आपको उस उपकरण के लिए सिर्फ 30,000 रुपये का ही भुगतान करना होगा। इसमें विक्रेता ब्याज को वहन करने के लिए कीमत में बदलाव करता है। इसमें खरीदार को किफायती किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिल जाती है। बैंक को ब्याज मिलता है और विक्रेता/कंपनी की बिक्री बढ़ जाती है। नो-कॉस्ट ईएमआई में आमतौर पर अग्रिम छूट का लाभ नहीं मिलता है। 22,000 रुपये की कीमत वाला एक टीवी एक साथ भुगतान करने पर 19,500 रुपये का पड़ सकता है, लेकिन ईएमआई पर इसकी कीमत 22,000 रुपये रहेगी।




# बचत सुझाव: त्योहारी सीजन में कर्ज लेने का अच्छा समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल फरवरी से जून तक आरबीआई ने रेपो दर में एक फीसदी की कटौती की। इससे सभी तरह के कर्ज सस्ते हो गए। हालांकि, त्योहार में लोग जमकर खरीदी करते हैं। इस महीने में पांच बैंकों की घटी दर से अच्छा खासा फायदा हो सकता है। अगर खरीदी की योजना बना रहे हैं तो यह सही समय है। आप चाहें तो दिसंबर तक खरीदी कर सकते हैं क्योंकि बैंकों की ब्याज दरें वर्तमान दरों के ही आसपास होंगी। हालांकि, त्योहारी सीजन में प्रोसेसिंग फीस माफ होने का भी कहीं-कहीं फायदा मिल सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 12 सितंबर से एमसीएलआर 0.10 फीसदी घटाकर 7.95 फीसदी से 7.85 फीसदी किया है।



तीन महीने का एमसीएलआर 0.15 फीसदी घटाकर 8.20 फीसदी पर ला दिया है। एक महीने (7.95 फीसदी), छह महीने (8.65 फीसदी) और एक साल (8.80 फीसदी) की एमसीएलआर दरें अपरिवर्तित रहेंगी।

एचडीएफसी बैंक का एक दिन और एक महीने का एमसीएलआर 8.55 फीसदी पर बना हुआ है। छह महीने और एक साल की दरें 0.05 फीसदी घटाकर 8.65 फीसदी कर दी गई हैं। दो साल की अवधि वाले कर्ज की दर 8.75 फीसदी से घटकर 8.70 फीसदी हो गई है।

इंडियन ओवरसीज बैंक ने 15 सितंबर से एक रात का एमसीएलआर 0.05 फीसदी घटाकर 8.00 फीसदी कर दिया है। एक साल, दो साल और तीन साल की दरों में भी 0.05 फीसदी की कटौती कर क्रमशः 8.85 फीसदी, 8.85 फीसदी और 8.90 फीसदी की गई है। एक महीने (8.30 फीसदी), तीन महीने (8.45 फीसदी) और छह महीने (8.70 फीसदी) की दरें अपरिवर्तित हैं।

### पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया ने भी घटाई दर

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने एक रात के एमसीएलआर को 0.15 फीसदी घटाकर 8 फीसदी कर दिया है।एक महीने की दर 8.30 फीसदी से घटकर 8.25 फीसदी हो गई है।तीन महीने की 8.50 से घटकर 8.45 फीसदी व छह माह की दर घटकर 8.65 फीसदी व एक साल की दर घटकर 8.8 फीसदी हो गई है।तीन साल की दर 9.15 फीसदी से घटकर 9.10 फीसदी हो गई है।नई दरें एक सितंबर से लागू हैं।बैंक ऑफ इंडिया ने एक रात की अवधि को छोड़कर सबकी दरों में 0.15 फीसदी तक कटौती की है।



# हमेशा से हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनना चाहता था

आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। यह मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। आयुष्मान पहली बार इस यूनिवर्स हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे में हाल ही में हुए फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में आयुष्मान ने इस यूनिवर्स में शामिल होने पर खुशी जताई। साथ ही उन्होंने 'थामा' को अपने लिए एक स्पेशल फिल्म भी बताया।

### मेरे लिए बेहद खास है 'थामा'




ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बोलते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं हमेशा से मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनना चाहता था। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला यूनिवर्स है। एक आम इंसान होने के नाते, मेरे आस-पास असामान्य चीजें हैं, मेरे आस-पास अलौकिक शक्तियां हैं, मुझे नहीं पता कि मैं इन सबका क्या करूं। इसलिए यह बहुत ही अनोखा है। यह दुनिया थामा के साथ अगले अध्याय को आगे बढ़ा रही है। यह वाकई रोमांचक है। यह मेरे लिए नया है।'

'थामा' को एक फैमिली एंटरटेनर बताते हुए आयुष्मान ने कहा कि फिल्म में कॉमेडी ज्यादा और हॉरर कम है। यह पहली बार है जब मेरी कोई फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है। मैं दोगुना उत्साहित हूं। हर अभिनेता की यह बकेट लिस्ट होती है। थामा हॉरर जगत में बहुत कुछ जोड़ेगा और यह इस यूनिवर्स की कहानी को भी आगे बढ़ा रहा है।

### 21 अक्टूबर को रिलीज होगी 'थामा'

मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित और आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'थामा' दिवाली के मौके पर 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'थामा' हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। 2018 में 'स्त्री' से शुरू हुए इस यूनिवर्स में अब तक 'भेड़िया', 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' जैसी फिल्में शामिल

# जॉन अब्राहम की फोर्स 3 में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री!






जॉन अब्राहम की सुपरहिट एक्शन फ्रैंचाइजी फोर्स के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि फोर्स 3 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार पर्दे पर जॉन अब्राहम एक्शन के साथ ही एक दमदार कहानी लेकर आ रहे हैं। लेकिन सबसे खास बात यह है कि इस फिल्म में साउथ सिनेमा की सनसनी मीनाक्षी चौधरी को कास्ट किए जाने की खबर है। थलपति विजय की गोट, महेश बाबू की गुंटूर करम और नानी की हिट 2 के साथ ही इस हसीना ने दुलकर सलमान की लकी भास्कर में भी हर किसी का दिल जीता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वेंकटेश के साथ संक्रांति वस्तुनम में नजर आ चुकीं मीनाक्षी को फोर्स 3 के लिए साइन कर लिया गया है। इसमें कहा गया है, कई नामों के ऑडिशन के बाद जॉन अब्राहम और भाव धूलिया ने फोर्स 3 में मीनाक्षी चौधरी को फाइनल कर लिया है। जॉन की तरह ही फिल्म में मीनाक्षी चौधरी भी एक्शन करती नजर आएंगी। वह अगले कुछ महीनों में एक्शन वर्कशॉप में हिस्सा लेंगी।

### राकेश मारिया बायोपिक के बाद फोर्स 3 की शूटिंग करेंगे जॉन अब्राहम

बहरहाल, चर्चा ये भी है कि फोर्स 3 की शूटिंग इसी साल नवंबर 2025 में शुरू हो जाएगी। फिलहाल, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोर-शोर से चल रहा है। जॉन अब्राहम इन दिनों रोहित शेट्टी के साथ राकेश मारिया की बायोपिक की शूटिंग कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद वह फोर्स 3 की शूटिंग शुरू कर देंगे।

### कौन हैं मीनाक्षी चौधरी

मीनाक्षी चौधरी ने साल 2019 में हिंदी फिल्म अपस्टार्ट्स से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2021 में उन्होंने तेलुगू फिल्मों में एंट्री की। बीते 4 साल में वह तमिल और तेलुगू में 11 फिल्में कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि मीनाक्षी जहां साउथ सिनेमा में सनसनी बनी हुई हैं, वहीं वह मूल रूप से पंचकुला, हरियाणा की रहने वाली हैं।

### मिस इंडिया इंटरनेशनल रह चुकी हैं मीनाक्षी

मीनाक्षी ने साल 2018 में मिस इंडिया कंपीटिशन में भी हिस्सा लिया था और मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज जीता। इसके बाद मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2018 में वह फर्स्ट रनरअप चुनी गईं।

### डेंटल सर्जन, स्टेट लेवल स्विमर, बैडमिंटन प्लेयर भी हैं मीनाक्षी


मीनाक्षी चौधरी ने चंडीगढ़ के सेंट सोल्जर इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। वह स्टेट लेवल की स्विमर और बैडमिंटन खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। मॉडलिंग से सिनेमा की दुनिया में आने वाली मीनाक्षी ने पंजाब के नेशनल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, डेरा बस्सी से डेंटल सर्जरी की डिग्री भी ली है।



# नानी की 'द पैराडाइज' में हुई मोहनबाबू की एंट्री

## इस भूमिका में दिखेंगे

साउथ स्टार नानी अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म को बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म की कास्ट में भी लगातार नए-नए सितारे शामिल हो रहे हैं। अब नानी की 'द पैराडाइज' में साउथ स्टार मोहन बाबू की एंट्री हुई है। साथ ही उनके किरदार का भी खुलासा हुआ है।





### खतरनाक लुक में नजर आए मोहनबाबू

मेकर्स ने आज मोहनबाबू के फिल्म में शामिल होने की जानकारी दी है। इसके लिए मेकर्स ने सोशल मीडिया पर मोहनबाबू के किरदार की पहली झलक साझा की है। साथ ही उनके किरदार के नाम का भी खुलासा किया है। मेकर्स की ओर से जो पोस्टर सामने आया है, उसमें मोहनबाबू एक बड़ी सी कुर्सी पर बैठे हैं। सामने रखी तलवार पर वो हाथ टिकाए हुए हैं और उनके हाथ खून से भी रंगे हैं। आंखों पर ब्लैक चश्मा और हाथ में घड़ी पहने ग्रे बालों में मोहनबाबू काफी खतरनाक नजर आ रहे हैं।

### शिकंजा मालिक के किरदार में आएंगे नजर

इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने उनके किरदार के नाम का भी खुलासा कर दिया है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, 'नाम है शिकंजा मालिक। सिनेमा का काला भगवान फिर से जाग उठा। दिग्गज मोहनबाबू एक बार फिर दमदार विलेन की भूमिका में 'द पैराडाइज' में नजर आने वाले हैं।' इससे साफ है कि मोहनबाबू फिल्म में शिकंजा मालिक के किरदार में नजर आएंगे।




मोहनबाबू के पोस्टर को शेयर करते हुए नानी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'महान नायक होते हैं और महान खलनायक भी। वो यह भी हैं, वह भी हैं और बहुत कुछ हैं। वह आपको एक बार फिर याद दिलाने के लिए यहां है कि वह क्यों महान हैं।' इसके साथ नानी मोहनबाबू को अपनी पोस्ट में मेंशन भी किया है।

### 26 मार्च 2026 को रिलीज होगी फिल्म

'द पैराडाइज' एक पैन इंडिया फिल्म है। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और अंग्रेजी के साथ-साथ स्पैनिश भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म अगले साल 26 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अभी फिल्म की शूटिंग चल रही है।

# जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा 2' का एलान



**तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने एक बार फिर दर्शकों को सरप्राइज दिया है। उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'देवरा' के रिलीज़ हुए एक साल पूरे होने के मौके पर इसके सीक्वल 'देवरा 2' की आधिकारिक घोषणा कर दी गई।**

पिछले साल 27 सितंबर को रिलीज हुई 'देवरा' को तेलुगु सिनेमा की सबसे बड़ी एक्शन-ड्रामा फिल्मों में गिना गया। फिल्म में जूनियर एनटीआर ने पिता और बेटे दोनों की भूमिकाएं निभाईं, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। निर्देशक कोराटाला शिवा की कहानी और शानदार प्रस्तुति ने फिल्म को यादगार बना दिया। रिलीज़ के बाद से ही चर्चा होने लगी थी कि कहानी अधूरी है और सीक्वल बनना तय है।

### मेकर्स ने जारी किया पोस्टर

फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि एक साल पहले जब सिनेमा में तूफ़ान उठा था, उसकी गूंज आज भी सुनाई देती है। अब वक्त है उस तूफान की अगली लहर का। इस ऐलान ने फैंस के बीच 'देवरा 2' को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है।

पहली फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने तेलुगु इंडस्ट्री में अपना डेब्यू किया था। इसके अलावा प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, नरेन, कलैयारासन और मुरली शर्मा जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा थे। इन सभी की शानदार अदाकारी ने फिल्म को और भी मज़बूत बनाया। उम्मीद की जा रही है कि सीक्वल में भी यह कास्ट दर्शकों को देखने को मिलेगी।

### कहानी से जुड़ी उम्मीदें

पहली फिल्म के अंत में जिस तरह का क्लिफहैंगर दिखाया गया था, उसने दर्शकों को सीट से हिलने नहीं दिया। अब सीक्वल से यह उम्मीद की जा रही है कि अधूरी कहानी पूरी होगी और एक्शन व इमोशन का डोज पहले से कहीं ज्यादा देखने को मिलेगा।

### वॉर 2 के बाद एनटीआर का डबल धमाका

हाल ही में जूनियर एनटीआर बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए, जिसने उनके स्टारडम को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत किया। ऐसे में 'देवरा 2' उनके करियर की सबसे हाई-प्रोफाइल फिल्मों में गिनी जा रही है।



# 'चैंपियन' से लेकर 'आवारा पागल दीवाना' तक, इन फिल्मों में राहुल ने निभाया विलेन का किरदार

**सिनेमाई दुनिया में कुछ ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी पर्सनालिटी काफी प्रभावित करने वाली है। उन्हीं में स एक नाम है राहुल देव का, जिनकी हाइट और भारी भरकम आवाज दर्शकों का ध्यान खींचने का काम करती है। अभिनेता को दर्शक एक खलनायक के रूप में पहचानते हैं। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस काफी दमदार होती है। 27 सितंबर को इस अहम मौके पर हम उनकी कुछ शानदार फिल्मों के बारे में बात करेंगे।**

### आवारा पागल दीवाना

साल 2002 में विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी मल्टीस्टारर एक्शन-कॉमेडी फिल्म आवारा पागल दीवाना में राहुल देव ने विलेन की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम विक्रांत था। फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, आफताब शिवदासिनी, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, प्रीति झंगियानी, राहुल देव जैसे कलाकार नजर आए थे।

### मास

साल 2024 में रिलीज हुई साउथ फिल्म मास, जिसका हिंदी डब किया गया था। इस फिल्म में नागार्जुन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में राहुल देव सीशू नाम के किरदार में नजर आए थे, जो काफी खतरनाक था। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। मास फिल्म का निर्देशन राघव लॉरेंस ने किया था।

### आशिक

इंद्र कुमार के निर्देशन में साल 2001 में आशिक फिल्म रिलीज हुई थी। इसमें राहुल देव ने बाबूराव के रूप में खतरनाक विलेन की भूमिका निभाई थी। फिल्म में बॉबी देओल और करिश्मा कपूर अहम रोल में थे।

### शापित

विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म 'शापित' में राहुल देव का अलग अंदाज देखने को मिला था। फिल्म में उन्होंने प्रोफेसर पशुपति की भूमिका निभाई थी। साल 2010 में रिलीज हुई इस फिल्म में आदित्य नारायण और श्वेता अग्रवाल अहम रोल में थे।

### चैंपियन

सनी देओल और मनीषा कोइराला अभिनीत चैंपियन 2000 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से राहुल देव ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने विलेन की भूमिका अदा की थी। अभिनेता नसीर अहमद के रूप में नजर आए थे।

### 1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट

कृष्णा भट्ट के निर्देशन में बनी ये फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसमें राहुल देव ने शांतनु के रूप में निगेटिव भूमिका अदा की थी। फिल्म में अविका गौर मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



## सिवाच का विजयी गोल, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया

**कैनबरा, एजेंसी।** कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में आस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के



शुरुआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रही। भारत को इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब आस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

## Asia Cup 2025 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिषेक शर्मा को मिली 33,60,658 रुपये की Haval H9 SUV



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबका दिल जीतने वाले अभिषेक शर्मा को टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें इनाम में Haval H9 एसयूवी मिली। यह SUV न सिर्फ अपने रफ एंड टफ लुक के लिए जानी जाती है, बल्कि इसमें दिए गए फीचर्स और टेक्नोलॉजी इसे एक लग्जरी ऑफ-रोडिंग एसयूवी बनाते हैं।

## डेनिस ने दो विश्व रिकॉर्ड के साथ एफ 40 गोला फेंक स्पर्धा में कायम किया दबदबा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को यहां एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है। यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।







पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद...

# कप्तान सूर्यकुमार ने भारतीय सेना के नाम की मैच फीस

**दुबई, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों की अपनी फीस भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले में पीड़ित परिवारों को दान देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को खिताब जीतने पर बधाई देते हुए भारत-पाकिस्तान मैच के फाइनल की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करते हुए लिखा, खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर। नतीजा वही, भारत की जीत। हमारे खिलाड़ियों को बधाई। रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में पाकिस्तानी टीम शानदार शुरुआत के बावजूद 19.1 ओवरों में महज 146 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने सर्वाधिक 57 रन बनाए, जबकि फखर जमां ने 46 रन की पारी खेली। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 शिकार किए। जवाब में भारत ने 19.4 ओवरों में मुकाबला अपने नाम किया। टीम इंडिया की ओर से तिलक वर्मा ने 53 गेंदों में नाबाद 69 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने 33 रन टीम के खाते में जोड़े। पाकिस्तान की ओर से फहीम अशरफ को सर्वाधिक 3 विकेट हाथ लगे। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत की जीत के बाद काफी बवाल देखने को मिला। खिताब अपने नाम करने के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया।

मैच खत्म होने के करीब दो घंटे तक ड्रामा चला। नकवी ट्रॉफी के साथ स्टेज पर खड़े थे, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से साफ इनकार कर दिया। आखिरकार, फैसला लिया गया कि भारतीय टीम अवॉर्ड नहीं लेगी।

## अगर नकवी सिर्फ एसीसी चीफ होते, तो भारत ट्रॉफी स्वीकार कर लेता: दानिश कनेरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के ट्रॉफी वितरण विवाद पर पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपनी राय रखी है। कनेरिया के मुताबिक, अगर मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार से सीधे तौर पर जुड़े होने के बजाय सिर्फ एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष होते, तो टीम इंडिया उनसे ट्रॉफी स्वीकार कर लेती। कनेरिया ने कहा, मोहसिन नकवी पाकिस्तान सरकार में संघीय मंत्री हैं। अगर वह सिर्फ एसीसी प्रमुख



या पीसीबी प्रमुख होते, तो भारत उनसे ट्रॉफी स्वीकार कर लेता, लेकिन चूंकि वह सीधे तौर पर पाकिस्तान सरकार से जुड़े हैं, इसलिए भारतीय खिलाड़ी उनसे दूर रहे। पूर्व लेग स्पिनर ने सुझाव दिया है कि नकवी को स्टेज से हट जाना चाहिए था। इसके बजाय किसी अन्य अधिकारी को समारोह की जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, मोहसिन को यह काम किसी और को सौंप देना चाहिए था। उनके कई चेले वहां जरूर मौजूद रहे होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट से जीत दर्ज की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, समारोह से पहले भारतीय टीम प्रबंधन ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जताई थी, लेकिन नकवी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। काफी देरी बाद जब पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ, तो भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव, सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने मंच पर मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए।

टीम इंडिया को बीसीसीआई देगा 21 करोड़ रुपये इनाम, कहा-

## शानदार प्रदर्शन पर बहुत गर्व है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के बीसीसीआई की तरफ से 21 करोड़ रुपये के इनाम का ऐलान किया गया है। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि एशिया कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम और उसके सपोर्ट स्टाफ को टूर्नामेंट में उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह एक असाधारण जीत थी और इसलिए जश्न के तौर पर बीसीसीआई ने एशिया कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। सैकिया ने कहा, वह धनराशि वितरित की जाएगी और यह हमारी टीम, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारत के लोगों के लिए एक बड़ा पुरस्कार है। हमें दुबई में अपने क्रिकेटरों और सहयोगी



स्टाफ के शानदार प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। एशिया कप फाइनल मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद एक नाटकीय और विचित्र घटनाक्रम में चैंपियन टीम इंडिया को एशिया कप ट्रॉफी प्रदान नहीं की गई क्योंकि उसने पाकिस्तान के मंत्री और एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों इसे लेने से इनकार कर दिया।

पुरस्कार वितरण समारोह काफी विलंब से शुरू हुआ लेकिन सिर्फ व्यक्तिगत पुरस्कार दिए गए। भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था लेकिन नकवी मंच पर डटे रहे। आखिर में विजयी टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई और ऐसा शायद क्रिकेट के मैदान पर पहली बार हुआ होगा। विलंब के बावजूद भारत के कई प्रशंसक मैदान में रूके रहे और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा जब मंच पर जाने लगे तो उनकी काफी हूटिंग हुई। भारतीय टीम अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने को तैयार थी जो नकवी के साथ मंच पर थे लेकिन नकवी ने ऐसा होने नहीं दिया। नकवी पुरस्कार वितरण समारोह शुरू होने से पहले एक तरफ खड़े थे और भारतीय खिलाड़ी 15 गज के भीतर थे । नकवी ने अपनी जगह पर ही डटे रहे जिससे समारोह में विलंब हुआ। समझा जाता है कि भारतीय टीम प्रबंधन ने पूछा था कि विजेता की ट्रॉफी कौन देगा और एशियाई क्रिकेट परिषद ने आपसी सलाह मशविरा शुरू कर दिया था क्योंकि उसे पता था कि भारतीय टीम नकवी से ट्रॉफी नहीं लेना चाहेगी। नकवी के मंच पर आने के बाद भारतीय प्रशंसकों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाने शुरू कर दिए।

● राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## मणिकांता ने 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता

**रांची, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मणिकांता होबलीधर ने रविवार को राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बारिश से प्रभावित दिन में शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का खिताब 10.19 सेकंड में जीतकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। 10.19 सेकंड किसी भी भारतीय धावक द्वारा अब तक का दूसरा सबसे तेज समय है। मणिकांता का विजयी समय अनिमेष कुजूर के 10.18 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.01 सेकंड कम था। दौड़ के बाद, उन्होंने स्वीकार किया कि गीले ट्रैक ने उनके दौड़ने की गति में बाधा डाली। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य 10.10 मीटर का समय निकालना था, लेकिन गीले ट्रैक ने मेरी गति धीमी कर दी। मेरा लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत पदक जीतना है। ऊंची कूद की एथलीट गोबिका, जिन्होंने पहले ही 1.79 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीत लिया था, को और



ऊंचा स्थान हासिल करने के प्रयास में दाहिने घुटने में गंभीर चोट लग गई। दर्द से कराहते हुए उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा, जिससे दर्शक स्तब्ध रह गए।

महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में, स्नेहा एस.एस. (11.62 मीटर) ने सुदेशना शिवंकर (11.64 मीटर) और अभिन्या राजराजन (11.67 मीटर) को कड़े मुकाबले में पीछे छोड़ दिया। अभिन्या कमर की समस्या बढ़ने के बाद दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं। उन्हें ट्रैक से बाहर ले जाया गया। ओलंपियन क्वार्टर-मिलर राजेश रमेश ने अपनी दौड़ पूरी करने का सही समय निकाला और 80 मीटर की दूरी पर संतोष टी. को पीछे छोड़ते हुए सीजन के सर्वश्रेष्ठ 45.75 सेकंड के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 110 मीटर बाधा दौड़ में, मानव आर. ने तेजस शिरसे की अनुपस्थिति में अपना खिताब बरकरार रखा और 13.97 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

## एशियाई ए[ ।टिक्स चैंपियनशिप में श्रीहरि का शानदार प्रदर्शन, 200 मीटर फ्रीस्टाइल में जीता रजत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को शानदार प्रदर्शन किया। श्रीहरि ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। श्रीहरि ने एक मिनट 48.47 सेकेंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46.83 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। दो बार के ओलंपियन नटराज ने सुबह दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत के अनीश गौड़ा चौथी हीट में थे लेकिन चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में नौ स्वर्ण और एक रजत पदक जीते थे।



## तिलक वर्मा बोले- जीत देश को समर्पित, चक दे इंडिया | पाकिस्तानी कप्तान ने कहा- हार पचाना मुश्किल, उनके गेंदबाजों ने मैच छीन लिया



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप 2025 की अपनी मैच फीस आर्म्ड फोर्सेस और पहलगाम हमले के पीड़ितों को देने का फैसला किया है। वहीं, पाकिस्तान को फाइनल हराने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच भारत के तिलक वर्मा ने कहा, यह जीत देश को समर्पित है। चक दे इंडिया। यह जीवन की बेस्ट पारी रही।

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा, मैंने ज्यादा भारत-पाक मैच नहीं खेले, लेकिन आज प्रेशर फील हुआ।विनिंग बाउंड्री जमाने वाले रिंकू सिंह बोले, मुझे एक ही बॉल मिली, जिस पर मैंने चौका लगाया। टीम के लिए सबसे जरूरी वही था। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, यह हार पचा पाना मुश्किल है, लेकिन गेंदबाजों ने बेहतरीन बॉलिंग की। हमें बैटिंग पर ज्यादा काम करने की जरूरत है। मेरा फोकस मैच फिनिश करने पर था- तिलक तिलक ने कहा, प्रेशर बनने लगा था, लेकिन मैं पिच पर खड़े रहकर



मैच फिनिश करने पर ध्यान दे रहा था। उनके गेंदबाज पेस में वैरिएशन कर रहे थे, मैं बस शांत रहकर देश के लिए मैच फिनिश करने पर फोकस कर रहा था। सैमसन की पारी टीम के लिए अहम थी। दुबे की बैटिंग ने भी काम आसान कर दिया। हमने हर पोजिशन पर बैटिंग करने के लिए खुद को तैयार रखा है। गौती भाई ने कहा कि किसी भी नंबर पर बैटिंग करने के लिए तैयार रहो। मैं किसी भी नंबर पर बैटिंग के लिए रेडी था, मैं खुद पर भरोसा रख रहा था। मैं धीमी पिच पर प्रैक्टिस कर रहा था, ताकि मुश्किल सिचुएशन में परफॉर्म कर सकूं। स्वीप शॉट्स और सिंगल लेना मेरे काम आया। यह पारी बहुत स्पेशल है, लाइफ की बेस्ट पारी। यह हर भारतीय के लिए है। चक दे इंडिया।

पाकिस्तानी कप्तान बोले- हार पचाना मुश्किल पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, हार को पचा पाना मुश्किल है, हम बैटिंग में अच्छी तरह फिनिश नहीं कर सके। बॉलिंग में हमने अपना सबकुछ दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडियो में लिखा है सच, फिर भी कांग्रेस नेता ने कर दिया बनारस में रोपवे हादसे का फर्जी दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने सोमवार को एक पुराने वीडियो के साथ बनारस में रोपवे हादसे का फर्जी दावा कर दिया। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस नेता ने जिस वीडियो को बनारस का बताकर शेयर किया उसी में यह सच भी बताया गया है कि यह घटना छत्तीसगढ़ में हुई थी। उदित राज ने एक्स पर एक वीडियो के साथ लिखा, 800 करोड़ की उड़ान, और पहला सफर जमीन पर खत्म! बनारस में मोदी जी का रोपवे प्रोजेक्ट- उद्घाटन होते ही डिब्बा टूटा और बीजेपी नेता भी साथ में नीचे आ गिरे। विकास अब सीधा क्रैश लैंड कर रहा है। उदित राज ने संभवतः उस वीडियो को खुद पूरा देखे बिना ट्वीट कर दिया, अन्यथा यह चूक नहीं होती। वीडियो पर Correct News CG का वाटरमार्क लगा है। जिससे यह पता चल जाता है कि यह छत्तीसगढ़ का वीडियो है। वीडियो के एक हिस्से में लिखा है, डोंगरगढ़ में बड़ा हादसा, मां बम्लेश्वरी का दर्शन कर रोप-वे से नीचे उतर रहे भाजपा नेताओं का हुआ हादसा। इससे भी साफ हो जाता है कि यह वीडियो वाराणसी का नहीं है। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता से यह भी अपेक्षा की जाती है कि उन्हें यह पता होगा कि बनारस में यह प्रोजेक्ट अभी निर्माणाधीन ही है, इसे इस साल दिसंबर तक पूरा किया जाना है। जब प्रॉजेक्ट अभी शुरू ही नहीं हुआ तो इसके उद्घाटन, भाजपा नेताओं की सवारी और हादसे की बात कहां से आ गई?

उदित राज ने जो वीडियो शेयर किया है वह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में अप्रैल 2025 में हुए हादसे का है। इस हादसे में राज्य के पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा समेत कुछ नेता बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। लेकिन रोपवे का एक हिस्सा टूट जाने की वजह से 6 लोग घायल हो गए थे। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उदित राज के इस पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए बताया कि उनका दावा गलता है। एक यूजर ने लिखा,हटा दीजिए महोदय गलत जानकारी दे रहे हैं आप। एक बार इस खटोले को वाराणसी में आकर देखिए वह भगवा रंग का है। एक यूजर ने वाराणसी पुलिस को टैग करते हुए शिकायत की कि वह गलत जानकारी दे रहे हैं।

### दिल्ली में तेज धूप और उमस से फील-लाइक तापमान 46 डिग्री के पार; 2 दिन बारिश के आसार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में तेज धूप और उमस से लोगों के लिए गर्मी का अहसास बढ़ गया है। रविवार दिन में दिल्ली के लोगों को 46 डिग्री जैसी गर्मी का अहसास हुआ। वहीं, सफदरजंग में अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किए गए। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले दो दिन दिल्ली में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी का अनुमान जताया है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन में ढाई बजे दिल्ली का तापमान 37.4 डिग्री रहा था। इस समय हवा में नमी का स्तर 50 फीसदी और हवा की गति 9.3 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रही थी। इस अनुसार, इस समय दिल्ली का फील लाइक तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी लोगों ने 46 डिग्री जैसी गर्मी का सामना किया। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के बाद दिल्ली के लोगों को तेज गर्मी से हल्की राहत मिलेगी। मंगलवार और बुधवार को दिल्ली में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में तापमान में हल्की गिरावट आने की उम्मीद है। दिल्ली में शनिवार की रात बीते छह सालों में सितंबर महीने की सबसे गर्म रात रही। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## दिल्ली के यमुनापार को बड़ी सौगात; 300 देवी बसें मिलीं

# 21 नए रूट शुरू, 625 बस स्टॉप बनाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के यमुनापार इलाके में रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को अब न बसों की कमी से जूझना पड़ेगा न लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोगों की समस्याओं को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को ईस्ट विनोद नगर डिपो से 300 'देवी' इलेक्ट्रिक ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यमुनापार क्षेत्र में 21 नए रूट शुरू किए गए हैं, जिनमें 625 बस स्टॉप शामिल हैं।

यमुनापार क्षेत्र में परिवहन विभाग और डीटीसी ने आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों की मदद से बसों के रूटों का पुनर्निर्धारण किया है। अब ऐसे रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाई गई है जिन पर यात्रियों की संख्या ज्यादा है। जिन रूटों पर बसें खाली चलती थीं, उन पर बसों के फेरे घटाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किए इस सेवा पखवाड़े में दिल्ली की जनता को प्रतिदिन कोई न कोई सौगात मिल रही है। दिल्ली के लोगों के लिए रविवार से 300 'देवी' बसें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि ये बसें यमुनापार क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा को और बेहतर बनाएंगी। अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी की सुविधा अब उन इलाकों में भी मिलनी शुरू हो जाएगी, जहां अब तक यह सुविधा नहीं थी। उन्होंने कहा कि आगामी एक साल में दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह इलेक्ट्रिक कर दिया जाएगा। इससे दिल्ली के प्रदूषण में भी कमी आएगी और पर्यावरण में सुधार होगा।



रेखा गुप्ता ने कहा, ये 300 बसें केवल संख्या के बारे में नहीं हैं, इनके रूटों को युक्तिसंगत बनाया गया है ताकि ये वास्तव में यमुनापार के लोगों तक पहुंच सकें। यह दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूट पुनर्गठन से यात्रियों को असुविधा नहीं होगी और डीटीसी को नुकसान नहीं होगा। दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली में अंतिम छोर तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए बीते छह महीनों में दिल्ली में करीब 2900 नई बसें शुरू की गई हैं। डीटीसी को घाटे से ऊबार कर उसका खोया सम्मान वापस दिलाएंगे। पिछली सरकारों ने परिवहन को सुधारने के लिए कोई काम नहीं किया है, लेकिन अब परिवहन सिस्टम बदल रहा है। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यमुनापार क्षेत्र में 21 नए रूट शुरू किए गए हैं, जिनमें 625 बस स्टॉप शामिल हैं।

### विपक्ष को अगले साल रील बनाने का मौका नहीं मिलेगा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पटपड़गज क्षेत्र से पूर्व में विधायक थे उन्होंने ढोल पीटे, लेकिन उनकी शिक्षा नीति खोखली थी। आज भी दिल्ली में स्कूल टीनशेड में चल रहे हैं, स्कूलों में प्रिंसिपल और शिक्षक नहीं हैं। बच्चों को ड्रेस और किताबें नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि खुद को जननायक बताने वाले पूर्व विधायक ने हार के डर से सीट छोड़ दी, लेकिन उनका हारना तय था। उन्होंने कहा कि अब भी उनके कार्यकर्ता बारिश होते ही कैमरा लेकर रील बनाने पहुंच जाते हैं। पानी में ही छलांग लगाते हैं, लेकिन मैं उनसे कहना चाहती हूं कि इस साल जितनी रील बनानी हैं बना लें, अगले साल उन्हें ये मौका नहीं मिलेगा। ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह ठीक कर दिया जाएगा।
दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्थित डीटीसी के डिपो में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से इन बसों को रवाना किया।

## अक्टूबर में खुल जाएगा दिल्ली का चिड़ियाघर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप दिल्ली जू घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। दिल्ली चिड़ियाघर ने अगले महीने यानी अक्टूबर में इसे खोलने जा रही है, लेकिन उससे पहले अगर बर्ड फ्लू के सभी सैंपल नेगेटिव नहीं आए तो इसे बंद भी रखा जा सकता है। बता दें कि दिल्ली का जू पिछले एक महीने से बंद है। पक्षियों की मौत के बाद 30 अगस्त को चिड़ियाघर बंद कर दिया गया था, जिसमें आखिरी पॉजिटिव नमूना 1 सितंबर को आया था। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि तब से बेतरतीब ढंग से नमूने लिए गए हैं, और अब तक के सभी परिणाम नेगेटिव आए हैं। उन्होंने एचटी को बताया, 1 सितंबर की रिपोर्ट के बाद, बर्ड फ्लू के लिए लिए गए सभी बाद के नमूने नेगेटिव पाए गए हैं। हम 1 अक्टूबर के आसपास अगला बैच भेजेंगे, जो आखिरी पॉजिटिव रिपोर्ट के लगभग एक महीने बाद होगा। परिणामों के आधार पर, हम चिड़ियाघर को फिर से खोलने पर विचार कर सकते हैं।



संजीत कुमार ने कहा कि नमूनों का अगला बैच पक्षीशाला और अलग-अलग बाड़ों दोनों से इकट्ठा किया जाएगा और भोपाल में नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज को भेजा जाएगा। उन्होंने आगे कहा, अगर परिणाम नेगेटिव आते हैं, तो हम चिड़ियाघर को काफी जल्दी फिर से खोलने पर विचार कर सकते हैं। हम संबंधित अधिकारियों से संपर्क करेंगे, और ज़रूरी मंजूरी मिलने में एक से दो दिन से ज्यादा नहीं लगना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए, 28 से 31 अगस्त के बीच चिड़ियाघर में कम से कम 12 पक्षियों की मौत हुई थी। इनमें से चार नमूनों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई थी। मरे हुए पक्षियों में छह पेंटेड स्टॉर्क और पक्षीशाला में पाए गए दो ब्लैक-हेडेड आइबिस शामिल थे। साथ ही चिड़ियाघर के तालाबों में मरने वाले चार प्रवासी पेंटेड स्टॉर्क भी थे। हाल के वर्षों में बर्ड फ्लू के कारण यह तीसरी बार चिड़ियाघर बंद हुआ है। इससे पहले भी 2016 और 2021 में इसी तरह के प्रकोप के कारण चिड़ियाघर को बंद करना पड़ा था।

## एयरपोर्टों और दिल्ली में 300 से अधिक स्कूलों को उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के 300 से ज्यादा स्कूलों और संस्थानों के साथ-साथ देश के कई एयरपोर्टों को रविवार को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। छानबीन के बाद इन धमकियों को झूठी अफवाह करार दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ये धमकी भरे ईमेल टेररराइजर्स111 नाम के एक ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इस ग्रुप ने पहले भी ऐसी धमकियां दी हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को सुबह 6 :08 बजे दिल्ली के 300 से अधिक स्कूलों और संस्थानों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। ऐसी धमकियां देश के अन्य एयरपोर्टों के साथ-साथ दिल्ली हवाईअड्डे पर भी भेजी गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए जहां-जहां भी धमकियां दी गईं वहां-वहां जांच-पड़ताल की गई है। तकनीकी स्तर पर भी ई-मेल के स्रोत की जांच की जा रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एक निजी एयरलाइंस कंपनी को ई-मेल प्राप्त होने के बाद वहां व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। साथ ही फुल-स्केल एंटी-सबोटाज ड्रिल की गई। छानबीन के बाद धमकियों को झूठी अफवाह करार दिया गया। ईमेल में लिखा था- तुम्हारी इमारतों के चारों ओर बम रखे गए हैं। तुम्हारे पास 24 घंटे हैं। बचो या फिर खूनी मंजर का सामना करो। बताया जाता है कि धमकी भरे ईमेल पाने वाले स्कूलों में द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और कुतुब मीनार के पास सर्वोदय विद्यालय जैसे संस्थान शामिल थे। एक अधिकारी ने बताया कि प्रभावित स्कूलों में तलाशी अभियान चलाने के लिए पुलिस टीम, अग्निशमन विभाग के जवान और बम निरोधक दस्तों को तुरंत एक्टिव किया गया। हालांकि छानबीन में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## ...तो मसूद अजहर के परिवार की मदद करेंगे पाकिस्तानी क्रिकेटर? सलमान आगा के एक एलान ने खोल दी पोल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। इस ऑपरेशन ने आतंकिस्तान पर की कमर तोड़ दी। अब खेल के मैदान पर भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों को दिन में तारे दिखा दिए।

दरअसल, रविवार को हुए एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। इस खेल में हाल के बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान आगा ने एक ऐसा एलान किया, जिससे सिद्ध हो गया कि पाकिस्तान का आतंक और आतंकियों से पुराना नाता है और वह उसके साथ हमेशा खड़े रहे हैं। एशिया कप 2025 के फाइनल मैच में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। 28 सितंबर को हुए इस महामुकाबले में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान ने कहा कि हम और हमारी पूरी टीम अपनी मैच की फीस उन सभी नागरिकों और बच्चों को दान करना चाहती है, जो हाल के दिनों में भारत की ओर से हुए हमले में मारे गए। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान आगा के इस एलान के बाद एक गंभीर सवाल खड़ा हो गया। आगा के इस बयान के बाद यह तो स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तानी क्रिकेट टीम आतंकवादियों के साथ खड़ी है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के ठिकानों को नष्ट किया था। इस हमले में मसूद अजर के परिवार को 10 से 14 लोगों की जान गई थी। इसके अलावा भारतीय हमले में 100 आतंकी भी मारे गए। अब पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान सलमान आगा के बयान से साफ है कि वह अपनी मैच फीस से मसूद अजहर के परिवार की मदद करना चाह रहे हैं। उनका और उनकी टीम का इरादा पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों और उनके परिवार की मदद करना है।






### ताश के पत्ते की तरह बिखर गया था आतंकी ठिकाना

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पीओके में बसे नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का आतंकी ठिकाना भी ताश की पत्तों की तरह बिखर गया था। बता दें कि भारतीय सेना ने बहावलपुर को निशाना इसलिए बनाया गया क्योंकि यह जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है। गौरतलब है कि दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में आतंकवादी मसूद अजहर का अहम रोल रहा है। भारत में वह वांटेड है और पाकिस्तान में जाकर छिपा है। हाल के दिनों में एक वीडियो सामने आया था।


● डील करने के लिए सभी लोग एक-साथ आएंगे

## बीबी को शांति चाहिए..., नेतन्याहू से मुलाकात के पहले ट्रंप ने कहा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जल्द ही ट्रंप से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचेगें। ट्रंप का दावा है कि गाजा युद्ध अपने आखिरी पड़ाव पर है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता इसे खत्म करने पर बातचीत करेंगे।

मीडिया से बातचीत के दौरान डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि वो नेतन्याहू के साथ डील करेंगे। इसके अलावा ट्रंप हमास और अरब देशों से भी बातचीत करेंगे, जिससे मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित हो सके।

एक्सिओस न्यूज से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, डील करने के लिए सभी लोग एक-साथ आएंगे। अरब देश शानदार तरीके से इसपर बात कर रहे हैं। हमास भी उनके साथ आएगा। हमास के दिल में अरब देशों के लिए बहुत सम्मान है। अरब देश भी शांति चाहते हैं। इजरायल भी शांति चाहता है और बीबी (नेतन्याहू) भी शांति चाहते हैं।



ट्रंप के अनुसार, उन्होंने गाजा युद्ध को खत्म करने और मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित करने की योजना बना ली है। ट्रंप ने कहा-

अगर हम यह करने में कामयाब होते हैं, तो यह न सिर्फ इजरायल के लिए बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट के लिए शानदार होगा। यह क्षेत्र में शांति स्थापित करने का पहला मौका है, लेकिन इसके लिए हमें इसपर काम करना होगा।

### यूएन में बोले थे नेतन्याहू

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि हमास को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे और फिलिस्तीन को ब्लॉक कर देंगे।

जनवरी में ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद इजरायली पीएम नेतन्याहू चौथी बार व्हाइट हाउस के दौरे पर जा रहे हैं। ट्रंप भी इजरायल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करवाने की कोशिश में लगे हैं। ट्रंप ने हाल ही में इजरायल को वेस्ट बैंक पर कब्जा न करने की चेतावनी दी थी।

## यूक्रेन में रूस की भीषण बमबारी, 4 की मौत

**कीव, एजेंसी।**
रूस ने शनिवार रात यूकेन पर 595 ड्रोन व 48 मिसाइलें दागीं। इस भीषण हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी कीव में हुआ। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इन हमलों पर आक्रोश जताते हुए कहा कि रूस युद्ध जारी रखना चाहता है। जेलेंस्की बोले, पूरी दुनिया को रूस पर सख्त दबाव बनाना चाहिए। इन हमलों के कारण पोलैंड को उसकी राजधानी वारसॉ के दक्षिण में वायुक्षेत्र को बंद करना पड़ा। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख ताइमुर तकाचेंको ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिये हताहतों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शहर भर के नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर हमले किए गए। शहर के केंद्र के पास हुए विस्फोट से घना काला धुआं उठते देखा जा सकता था।

28 सितंबर की रात को रूस ने यूक्रेन पर 643 ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिनमें ग्लाइड बम भी शामिल थे. कीव में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ. यहां 4 लोग मारे गए और कई घायल हो गए. स्वतंत्र निगरानीकर्ताओं ने इसे रूस का सबसे बड़ा हमला बताया. कीव के अलावा अन्य शहरों पर भी हमले हुए.

यूक्रेन की सेना ने कई ड्रोन और मिसाइलें रोकीं, लेकिन नुकसान बड़ा हुआ. यह हमला यूक्रेन के हालिया हमलों का जवाब माना जा रहा है. यूक्रेन ने रूस के तेल और गैस प्लांट्स पर ड्रोन से हमला किया था. पुतिन ने कहा कि यह यूक्रेन की आक्रामकता का परिणाम है. इजरायल ने अप्रैल 2024 में ईरान के दूतावास पर हमला किया था. फिर अक्टूबर में ईरान के सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए. ये हमले अचानक, टारगेटेड और कम नुकसान वाले थे. पुतिन की रणनीति भी वैसी ही लग रही है - ड्रोन और मिसाइलों से दूर से हमला, बिना जमीनी घुसपैठ के. दोनों ही मामलों में मकसद दुश्मन को कमजोर करना और चेतावनी देना था. लेकिन फर्क यह है कि इजरायल-ईरान तनाव सीमित रहा, जबकि यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच गया है. विशेषज्ञ कहते हैं कि रूस का यह हमला यूक्रेन के नेतृत्व को तोड़ने की कोशिश है. ईरान-इजरायल संघर्ष ने दुनिया का ध्यान यूक्रेन से हटा दिया था, जिसका फायदा रूस को मिला. फरवरी 2022 से रूस ने यूक्रेन पर हमला किया. पुतिन इसे सोवियत संघ की गलती सुधारने का मौका मानते हैं. लेकिन यूक्रेन ने हार नहीं मानी. हाल ही में यूक्रेन ने डोनेस्क के कुछ हिस्से वापस ले लिए. रूस ने दिन में भी ड्रोन हमले शुरू किए, जिससे लाखों लोगों की जिंदगी रुक गई. ट्रंप ने रूस को पेपर टाइगर कहा, क्योंकि वे मानते हैं कि पुतिन हार रहे हैं. लेकिन रूस के हमले जारी हैं. जून 2025 में पुतिन ने इजरायल-ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की, लेकिन उसी समय यूक्रेन पर हमले बढ़ा दिए.

**कीव में दहशतत** कीव में धुंआ छा गया. घर, स्कूल और अस्पतालों को नुकसान पहुंचा. यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने फिर से नागरिकों को निशाना बनाया. अंतरराष्ट्रीय मदद तेज हो गई. अमेरिका और यूरोप ने यूक्रेन को हथियार भेजने का वादा किया. लेकिन रूस ने कहा कि यह यूक्रेन की गलती है.



## संक्षिप्त समाचार

### वेस्टर्न फॉर्म में देर रात तक जारी था डांडिया कार्यक्रम, प्रशासन ने जबरन कराया बंद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा के अवसर पर नया मोड़ स्थित वेस्टर्न फॉर्म में आयोजित डांडिया कार्यक्रम को आयोजकों ने बढ़ाते हुए रात 11 बजे तक जारी रखा। एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा के निर्देश पर कार्यक्रम को जबरन बंद कराया गया। यह कदम निर्धारित समय के उल्लंघन के कारण उठाया गया। एसडीओ चास ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नियमों के तहत संपन्न हों। आयोजकों को समय सीमा का कड़ाई से पालन करना चाहिए था। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को रात 10:30 बजे तक आयोजित करने की अनुमति दी गई थी।

### भगवती स्वरूपा कन्याओं का किया विधिवत पूजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संकल्प सृजन के तत्वावधान में बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से सेक्टर 9 डी, ए रोड स्थित नवनाथ शिव मंदिर प्रांगन में 31 कन्या एवं 09 बटुक भैरव स्वरूप बालक-बालिका को एक दिन पूर्व घर-घर जाकर पान, फूल एवं नैवेद्य के साथ निमंत्रण दिया गया। कुछ स्थान पर बहनें कीर्तन व झाल-मंजीरे के साथ न्योता देने का कार्य कर रहीं थी। आज महासप्तमी के अवसर पर कन्याओं के चरण पखारकर अलता लगाये गए। चुंदरी, तिलक, धुप, दीप, गंध, पुष्प-माला माँ दुर्गा की आराधना व आरती के बाद कन्याओं की आरती उतारी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नेहा, अनिता, ईंदू, शोभा, रूही, रंजना, मोनी, कल्पना, कृष्णा, विभाष सिंह, गौरीशंकर, कमलदेव सहित अन्य कार्यकताओं का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

### महाषष्ठी पर बिल्व के पेड़ की गयी पूजा, बेल भरनी आज

मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महाषष्ठी पर रविवार को बेल भरनी जिसे बेल न्योता के नाम से भी जाना जाता है. दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जो महाषष्ठी की पूजा के साथ संपन्न होता है. मां दुर्गा को बिल्व (बेल) के पेड़ विधि विधान के साथ पूजा के साथ मां को आमंत्रित किया गया. देवी इस पेड़ में निवास करती है. यह रस्म आमतौर पर षष्ठी तिथि पर शाम के समय की जाती है. यदि षष्ठी तिथि शाम से पहले समाप्त हो जाती है, तो पंचमी तिथि पर शाम के समय यह अनुष्ठान किया जाता है. बेल भरनी के बाद बेल के फल को मंदिर में स्थापित किया जाता है. जहां विजयादशमी तक उसकी पूजा की जाती है. पूजा को लेकर पूरा शहर भक्तिमय बना हुआ है. चोरो ओर मां के गीतों से गूंज रहा है.



### अग्निशमन विभाग ने पूजा पंडालों में किया मॉक ड्रिल

**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में रविवार को अग्निशमन विभाग मधुपुर की टीम ने मॉक ड्रिल का आयोजन कर आगजनी से संभावित घटनाओं के बारे में जागरूक किया. मौके पर विभाग के कोलेश्वर पासवान ने पूजा समिति के सदस्यों को अग्निशमन यंत्र, बालू, पानी पर्याप्त मात्रा में रखने की निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पूजा समितियां को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अग्निशमन विभाग मोबाइल नंबर 92967 93962 पर सूचना दें. इस दौरान उन्होंने पूजा पंडाल का निरीक्षण किया. कहा कि जिन पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र लगाया गया है या विभाग के दिशा निर्देश के पालन कर रहे है उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया.



### मारवाड़ी युवा मंच ने दुर्गा पूजा की खरीदारी फुटकर दुकानदारों से करने की अपील

**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि दुर्गा पूजा की खरीदारी में लोग फुटकर दुकानदारों से भी खरीदारी करें. हम सभी सड़क के किनारे लगाने वालों दुकानों से सामान खरीदकर पर्व के दिनों में उन सभी का सहयोग करें. उन्होंने कहा कि हमारे इस छोटी सी प्रयास से उन सभी के जीवन में खुशहाली आ जायेगी और उनका भी त्योहार उत्साह के साथ बीतेगा. उन्होंने सभी से अपनी खरीदारी व विक्रेता के साथ की गयी बातचीत का वीडियो बनाकर युवा मंच के साथ साझा करने की अपील किया है. सर्वश्रेष्ठ तीन वीडियो को मंच की ओर से विशेष सम्मान दिया जायेगा.



### बागबेड़ा में कई जगहों से कचरा हटाने का काम शुरू

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाटानगर स्टेशन चौक से बागबेड़ा बड़ौदा घाट की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर कई जगह कचरे का अंबार लगा हुआ था. रविवार को रामनगर हनुमान मंदिर, बागबेड़ा कॉलोनी समेत अन्य जगहों से जेसीबी लगाकर कचरा हटाने का काम शुरू हो गया. स्थानीय लोगों ने दुर्गा पूजा को देखते हुए कचरे को हटाने की मांग की थी. उनका कहना था कि कचरे और जगह-जगह पर छोटे-बड़े गड्ढों की वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था.

### श्रद्धालुओं को खूब भा रहा टोल प्लाजा मॉडल का पंडाल

**पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने फीता काटकर पंडाल का किया उद्घाटन**

**जमशेदपुर//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बागबेड़ा क्षेत्र के गाढ़ाबासा स्थित बीएनआर मैदान में श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी नवयुवक संघ के पंडाल का रविवार को उद्घाटन किया गया. बागबेड़ा क्षेत्र के गाढ़ाबासा स्थित बीएनआर मैदान में श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी नवयुवक संघ के पंडाल का रविवार को उद्घाटन किया गया. मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया. इस पूजा पंडाल का मॉडल सबसे अलग बनाया गया है. पूजा पंडाल को टोल प्लाजा के प्रारूप में तैयार किया गया है. इस भव्य पंडाल को बंगाल के कारीगरों ने बनाया है. इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, समाजसेवी बीरेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, कमेटी के अध्यक्ष राकेश चौबे, लाइसेंसी धर्मेंद्र सिंह उर्फ निक्कू, पूर्वी बागबेड़ा की मुखिया मायावती टुडू, पूर्व जिला पार्षद सदस्य किशोर यादव, संजय सिंह, नीरज सिंह, अजीत सिंह, विष्णु ठाकुर, सचिन पांडेय, राज सोनी, संजय गुप्ता, रवि यादव, गोविंदा यादव, दीपक यादव, अजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

# सेक्टर 2 स्थित मां दुर्गा का पट हुआ उद्घाटित

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं जन प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-02 सी स्थित मां दुर्गा का पट आज श्रद्धा और परंपरा के साथ खोला गया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

**मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता**

इस अवसर पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ माननीय विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा, विधायक बेरमो की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह, मंटू यादव तथा पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

**मंत्री ने राज्यवासियों के लिए की याचना**

पट खुलने के उपरांत मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मां दुर्गा से राज्य के लोगों के लिए सुख-समृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं प्रदेश की दिन-दोगुनी रात-चौगुनी तरक्की के लिए याचना की।

**क्षेत्र में भक्ति - उल्लास का रहा वातावरण**

पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने आपसी भाईचारे व समृद्धि की कामना की।

## दुर्गा पूजा पंडालों में सूचना सह सहायता केन्द्र स्थापित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। प्रशासन की ओर से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना-सह-सहायता केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन केन्द्रों की थीम "बिछड़ों को हम मिलाते हैं" रखी गई है, ताकि भीड़-भाड़ में बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में मदद मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन के लिए आवश्यक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। जिला नियंत्रण कक्ष के लिए 8986660333 और 06542-223475, 247891, 242402 के अलावा डायल-100/112 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं, आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग के 8340332843, 8709299809 (चास) और 6200400918 (तेनुघाट) का नम्बर जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य सहायता हेतु 9431379040 (चास) और 9934171819 (तेनुघाट) पर सम्पर्क किया जा सकता है। विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के लिए 9431135828, 8987796896 (चास) तथा 9431135714 (तेनुघाट) पर कॉल करने की व्यवस्था की गई है। सभी पूजा पंडालों में इन नम्बरों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोग त्वरित मदद प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने सरकार की विभिन्न बालिका कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी जनता को उपलब्ध कराई है। इनमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना (एसपीएसकेवाई), मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान तथा मेधावी पुत्री छात्रवृत्ति योजना प्रमुख हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे दुर्गा पूजा महोत्सव को शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क करें।

## बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली (दक्षिण) बिशुनपुर पंचायत में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'

### अभियान के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर का आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग और बीजीएच की संयुक्त पहल में 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानह्व के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली (दक्षिण) बिशुनपुर पंचायत के सामुदायिक हॉल में आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम दिनाँक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के बैनर तले केंद्र सरकार की पहल की श्रृंखला का एक हिस्सा है. इस शिविर के दौरान महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ऊंचाई, वजन, बीएमआई इंडेक्स, डेंटल हाइजीन की जांच की गई. कार्यक्रम में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.बी करुणामय, एवं डॉ. इंद्रनील चौधरी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (बीजीएच) मेडिकल टीम के साथ उपस्थित थे. परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली (दक्षिण) बिशुनपुर पंचायत की मुखिया श्रीमती बेबी देवी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री गणेश ठाकुर एवं वार्ड सदस्य लाल बाबू अंसारी ने इस पंचायत की सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. इस शिविर के दौरान परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली (दक्षिण) बिशुनपुर पंचायत की कुल 70 महिलाओं का स्वास्थ्य जाँच किया गया. सीएसआर विभाग से सुश्री ऋचा कुणाल सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर), श्री नीरज कुमार त्रिपाठी वरीय प्रबंधक (सीएसआर), श्री प्रवीण कुमार सहायक प्रबंधक (सीएसआर) अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में शामिल थे.

**बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित हटिया में सार्वजनिक पेयजल सुविधा का उद्घाटन**

बोकारो स्टील प्लांट की जन कल्याणकारी पहल के तहत बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित हटिया में आम जनता के लिए सार्वजनिक पेयजल सुविधा का शुभारंभ आज दिनाँक 29 सितंबर को नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक श्री कुंदन कुमार द्वारा किया गया. इस अवसर पर नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार सिंह, श्री लम्बोदर उपाध्याय, श्री कवितेश कुमार, श्री राजुल हरकेर्णी, श्री आलोक चावला एवं उप महाप्रबंधक श्री संदीप कुमार के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. यह नई पेयजल सुविधा क्षेत्र वासियों को स्वच्छ और साफ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बोकारो स्टील प्लांट का एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा.

## विश्व गर्भ निरोधक दिवस पखवारा 10 अक्टूबर, 2025 तक

### पुरुष नसबंदी में जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दे : नोडल पदाधिकारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व गर्भ निरोधक दिवस के मौके पर 10 अक्टूबर, 2025 तक पखवाड़ा मनाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निदेर्शानुसार आज बोकारो सदर अस्पताल के सभागार में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एन.पी. सिंह शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एन. पी. सिंह ने कहा कि विश्व गर्भनिरोधक दिवस पखवाड़ा 26 सितंबर से 10 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जाएगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने और दो बच्चों के बीच अंतर रखने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे एक सशक्त परिवार का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाने में मदद करता है।

**स्थाई साधनों में पुरुष नसबंदी में जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दे**

जिला आरसीएच पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी डॉ. सेलिना टुडू ने परिवार नियोजन में जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्थाई और अस्थाई साधनों के बारे में बताया और स्थाई साधनों में पुरुष नसबंदी में जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सौरभ शंख्यान, अस्पताल प्रबंधक श्री पवन श्रीवास्तव, श्री विश्वरंजन- शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक, परामर्शदाता पूनम कुमारी, सदर अस्पताल के एनएचएम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### हजारीबाग में वकीलों और पुलिस की भिड़ंत, कोर्ट परिसर में हंगामा

**हजारीबाग /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अदालत परिसर उस समय रणभूमि में बदल गया जब वकीलों और पुलिस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। मामला उस वक्त गरमा गया जब पकड़े गए फर्जी एसीबी अधिकारी गिरोह के चार आरोपियों को पुलिस कोर्ट में पेश करने लाई। आरोपियों में एक अधिवक्ता महेश कुमार पासवान भी शामिल थे। कोर्ट पहुंचते ही महेश पासवान ने साथी वकीलों से कहा कि पुलिस ने उनके साथ बर्बर व्यवहार किया, पिटाई की और हथकड़ी पहनाकर लाया। यह सुनते ही अधिवक्ताओं का गुस्सा भड़क उठा और बड़ी संख्या में वकील कोर्ट परिसर में जुट गए। उन्होंने नारेबाजी की और एक पुलिसकर्मी की पिटाई कर दी। इससे कोर्ट की कार्यवाही भी प्रभावित हुई। अधिवक्ताओं का आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पुलिस ने गैरकानूनी तरीके से अधिवक्ता को हथकड़ी पहनाई, जो गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने थाना प्रभारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

## दुर्गा पूजा पंडालों में स्वच्छता पर विशेष जोर, रात्रि सफाई और फॉगिंग शुरू

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस साल शहर में दुर्गा पूजा के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है. मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के संयुक्त प्रयासों से, पूजा पंडालों में कचरा प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गयी है. जिसका उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा रखना और 'स्वच्छता ही सेवा 2025' के लक्ष्य को प्राप्त करना है. मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की ओर से इस साल पहली बार पूजा के दौरान निकलने वाले फूल, पत्तियां और अन्य पूजन सामग्री को इकट्ठा करने के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गयी है. मानगो नगर निगम ने दो और जेएनएसी की ओर से 10 वाहन लगाये गये हैं, जो मंदिरों और पंडालों से प्रतिदिन पुष्प कचरा इकट्ठा कर रहे हैं. जेएनएसी और मानगो नगर निगम की ओर से पूजा पंडालों में बड़े डस्टबिन उपलब्ध कराये गये हैं. ये डस्टबिन शहर के बड़े विभिन्न पूजा कमेटियों को वितरित किये जा रहे हैं. ताकि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग इकट्ठा किया जा सके. जेएनएसी की ओर से 50 पूजा पंडालों और मानगो निगम ने 20 जोड़ी ब्लू और ग्रीन डस्टबिन पंडालों के बीच वितरित किया है. नगर निकायों की ओर से इस साल पूजा पंडालों के आसपास रात्रि सफाई की नयी व्यवस्था की गयी है. रात में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है. ताकि भीड़ के बाद भी क्षेत्र स्वच्छ रहे. मानगो नगर निगम और जेएनएसी ने बड़े पूजा पंडालों को शामिल किया है. जहां रात्रि में ही साफ-सफाई की जा रही है. साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग भी करायी जा रही है. जेएनएसी सह मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान पंडाल आने वाले श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर और बैनर भी लगाये गये हैं. इसके अलावा पूजा कमेटियों के सहयोग से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया जा रहा है कि वे कूड़ा नहीं फैलाएं और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें.

**शिकायत के लिए नगर निकायों ने जारी किया हेल्प लाइन नंबर**

हेल्प लाइन नंबर-18008899518 (डोर-टू-डोर कचरा संग्रह) व्हाट्सएप -9942997831

**जेएनएसी**

हेल्प लाइन नंबर -91 657-2912514व्हाट्सएप नंबर - 91 79706 25111

पूजा पंडाल से निकलने वाले पुष्प कचरे को वैज्ञानिक तरीके से खाद और अन्य पुनर्चक्रण योग्य संसाधनों में परिवर्तित करने से न केवल कचरा प्रबंधन का एक नया आयाम स्थापित होगा. बल्कि अपशिष्ट से धन कमाने का भी एक तरीका मिलेगा.

## जर्जर मैदान से तंग खिलाड़ियों ने उठाई अलग ग्राउंड की मांग

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग का कर्जन ग्राउंड अर्थात स्टेडियम इन दिनों इंडोर और आउटडोर दोनों तरह के खेलों के प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख स्थल बन गया है। एक ही मैदान में बहुत सारे खेल होने के कारण फुटबॉल जो कि खुले और बड़े मैदान पर होते हैं के बच्चों को खेलने में बहुत परेशानी होती है। इस मैदान में सुबह और शाम सैकड़ों ऐसे लड़के या लोगों की भीड़ रहती है जिनका खेल से सीधा कोई संबंध नहीं होता है। इस कारण फुटबॉल खेल के लिए प्रशिक्षित हो रहे खिलाड़ी बहुत प्रभावित होते हैं। यह लड़के या लोग ज्यादातर पुलिस या आर्मी की दौड़ के लिए यहां आते हैं इसके साथ ही साथ सुबह शाम सैर करने वालों का भी बड़ा जत्था होता है। फुटबॉल के लिए प्रशिक्षण पा रही लड़कियां कहतीं हैं कि बहुत से लोग हम लोग जब खेलते हैं उस समय बीच मैदान से पार होते रहते हैं। मना करने पर भी वह नहीं मानते, जिसके कारण हमलोग का खेल बाधित होता रहता है। हजारीबाग के बच्चे नेशनल खेल चुके हैं इंडिया टीम में भी खेल चुके हैं इसलिए यहां के बच्चों में प्रतिभा बहुत है। अगर इन्हें सही से प्रशिक्षण दिया जाए और सभी संसाधन मुहैया कराया जाए तो हजारीबाग के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर भी पदक ला सकते हैं। हजारीबाग की एक लड़की अनुष्का जो इस ग्राउंड में प्रशिक्षण पाती है वह सैफ खेल चुकी है। सैफ दक्षिण एशिया के देशों के बीच खेला जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है।

## सुरक्षित गर्भ समापन दिवस पर किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी संस्था ने कसमार प्रखंड के गरी, दुगार्पुर, और खैराचातर गांवों में सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर किशोरियों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को सुरक्षित गर्भ समापन और यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित कानूनी प्रावधानों और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से अवगत कराना था। कार्यक्रम में किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहयोगिनी संस्था की समन्वयक किरण ने किशोरियों को सुरक्षित गर्भ समापन के महत्व, असुरक्षित गर्भपात से होने वाले खतरों, और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट, 1971 के तहत महिलाओं और किशोरियों को प्राप्त कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने इस बात पर जोर दिया कि हर किशोरी और महिला को अपने शरीर पर अधिकार है और उन्हें अपनी प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े निर्णय लेने का पूरा हक है। उन्होंने सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया, इसके लिए उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं, और इस दौरान गोपनीयता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। विनीता देवी ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, गर्भनिरोधक उपायों और यौन संचारित संक्रमणों के बारे में जानकारी दी, ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी किसी भी गलत धारणा या झिझक को दूर कर सकें। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। संस्था की मंजू देवी, ने किशोरियों को आत्मविश्वास के साथ किसी भी समस्या या सवाल को स्वास्थ्य कार्यकताओं या माता-पिता के सामने रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संस्था द्वारा दी जा रही मदद और काउंसलिंग सेवाओं के बारे में भी बताया। संस्था का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम से किशोरियों को सही समय पर सही जानकारी मिलेगी, जिससे असुरक्षित गर्भपात के मामलों में कमी आएगी और उनकी सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। कार्यक्रम के अंत में, किशोरियों ने सवाल पूछे और अपने संदेहों का निवारण किया। यह जागरूकता कार्यक्रम क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत के जेन-जी ने डूसू चुनावों में रचनात्मक राष्ट्र निर्माण को दिया समर्थन: अभाविप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर रणधीर वर्मा चौक में मिठाई बांट आतिशबाजी , अबीर रंग गुलाल लगाकर जश्न मनाया। वहीं मौके पर मौजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव तथा संयुक्त सचिव पद ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीते हुए सभी प्रत्याशी को ढेरों सारी शुभकामनाएं एवं बधाई । डूसू अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान ने 16196 मतों के अंतर, सचिव पद पर कुणाल चौधरी ने 7662 मतों के अंतर तथा संयुक्त सचिव पद पर दीपिका झा ने 4445 मतों के अंतर के साथ जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है, इस जीत ने यह तय कर दिया है कि आज के विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने वाले विचार के साथ हैं तथा विध्वंसक तथा नकारात्मक विचार की यह बड़ी हार है। विद्यार्थी परिषद दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद करती है।सभी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए सभी मतदानकर्मी विश्वविद्यालय परिवार, पुलिस प्रशासन एवं दिल्ली नगर निगम का धन्यवाद। मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियंका गोराई ने बताया दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दशकों से छात्राओं को न केवल सशक्त प्रतिनिधित्व देती रही है, बल्कि उनकी जीत भी सुनिश्चित करवाती आई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K